सूर्योदय : 6:25
सूर्यास्त : 5:15
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-149 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 20 नवम्बर 2024
17 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




### माल्या-नीरव पर कसेगा शिकंजा, पीएम मोदी ने ब्रिटिश पीएम से मुलाकात में उठाया भगोड़ों का मुद्दा

# भारत के लिए ब्रिटेन के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी प्राथमिकता है

- प्रौद्योगिकी और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में ब्रिटेन के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक : पीएम मोदी




**रियो डी जेनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन से इतर अपने ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टार्मर से मंगलवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हरित ऊर्जा, सुरक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की। मोदी नाइजीरिया की दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद रविवार को रियो डी जेनेरियो पहुंचे।

उन्होंने शिखर सम्मेलन से इतर इटली, इंडोनेशिया, नॉर्वे और पुर्तगाल सहित कई देशों के नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से भी मुलाकात की और अंतरिक्ष, ऊर्जा तथा एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने स्टार्मर के साथ अपनी बैठक के बारे में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, रियो डी जेनेरियो में प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ अत्यंत सार्थक बैठक हुई। भारत के लिए ब्रिटेन के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी प्राथमिकता है। आने वाले वर्षों में हम प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, सुरक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के इच्छुक हैं। हम व्यापार के साथ-साथ सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत करना चाहते हैं। पीएम मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए तथा उनसे हुई मुलाकात की तस्वीरें भी साझा कीं। इससे पहले दिन में मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात की और उनसे संक्षिप्त बातचीत की।

### भारत-ब्रिटेन जल्द शुरू करेंगे एफटीए वार्ता

पीएम मोदी ने अपने ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टॉर्मर के साथ पहली बैठक में घोषणा की कि भारत ब्रिटेन के बेलफास्ट और मैनचेस्टर में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा। साथ ही उन्होंने ब्रिटेन से भगोड़े भारतीय व्यापारियों के प्रत्यर्पण का आह्वान भी किया। सोमवार देर रात को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर हुई वार्ता के बाद स्टॉर्मर ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता नए साल में फिर से शुरू की जाएगी।

# सीजेआई संजीव खन्ना ने व्यवस्थाओं में किया बदलाव

- अत्यावश्यक मामलों के लिए तय किए दिन



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई मामलों को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जिसके तहत अब पीठें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को आंशिक रूप से सुने गए नियमित और अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई कर सकती हैं।

बात अगर पहले की व्यवस्था की करें तो सुप्रीम कोर्ट की पीठें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को नियमित मामलों की सुनवाई करती थीं जिन्हें गैर-विविध दिन कहा जाता था। वहीं सोमवार और शुक्रवार को विविध दिन होते थे जब नए मामलों और नोटिस के बाद आने वाले मामलों की सुनवाई होती थी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना ने नोटिस के बाद के मामलों की लंबितता को कम करने के लिए हाल ही में व्यवस्था में बदलाव किया है। जिसके तहत अब मंगलवार बुधवार और गुरुवार को स्थानांतरण याचिकाओं, जमानत मामलों और अन्य विविध मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा इन दिनों कोई नियमित मामला नहीं सुना जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय के सूत्रों के मुताबिक, यह बदलाव मुख्य रूप से नोटिस के बाद के मामलों की लंबितता को कम करने के लिए किया गया है।

जानकारी के अनुसार अगर जरूरत पड़ी तो इस व्यवस्था की समीक्षा दिसंबर 2024 में या उससे पहले की जाएगी।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की वायु सेना को सलाह

# क्षमता विकास पर ध्यान देने की जरूरत : राजनाथ सिंह

**सम्मेलन**

- देश की संप्रभुता की रक्षा में समर्पण के लिए वायु सेना के बल की सराहना की



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भारतीय वायु सेना के कमांडरों के सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने भारतीय वायु सेना के अधिकारियों को सलाह दी। उन्होंने कहा कि वायु सेना के क्षमता विकास पर ध्यान देने की जरूरत है।

सेना की प्रक्रिया को कुशल और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने देश की संप्रभुता की रक्षा में समर्पण और व्यावसायिकता के लिए वायु सेना के बल की सराहना की। रक्षा मंत्री ने सैन्य क्षेत्र में उत्पन्न होती चुनौतियों के अनुरूप ढलने की वायु सेना की क्षमता पर विश्वास जताया। साथ ही कमांडरों और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों और आकांक्षाओं के अनुरूप क्षमता निर्माण की प्रक्रिया को अधिक कुशल और प्रभावी बनाने के साधनों पर विचार करने का आह्वान किया। सम्मेलन में भारतीय वायु सेना के कमांडरों ने राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों, जिसमें चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति समेत कई मुद्दों की समीक्षा की। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई। सम्मेलन को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। कमांडरों का सम्मेलन भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ नेतृत्व के लिए चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने और बेहतर परिचालन के साथ भविष्य की कार्रवाइयों की रणनीति बनाने के लिए चर्चा करने का अहम मंच है।

### भाजपा नेता विनोद तावड़े पर रुपये बांटने का आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बुधवार को 288 विधानसभा सीटों पर होने वाले मतदान से पहले राज्य में वोट के बदले नोट बांटने के मामले में भाजपा की मुश्किलें बढ़ती हुई दिख रही है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव विनोद तावड़े पर लगे नोट बांटने के आरोप के बीच पालघर के जिला अधिकारियों ने मंगलवार को खुलासा करते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों वाली एक पुलिस टीम ने उस होटल से 9.93 लाख रुपये नकद और कुछ डायरियां बरामद किए हैं, जहां कुछ भाजपा कार्यकर्ता कथित तौर पर पैसे बांट रहे थे। बता दें कि अधिकारियों का ये बयान बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) के प्रमुख हितेंद्र ठाकुर के विनोद तावड़े पर मतदाताओं के पैसे बांटने के आरोप के बाद आया है। जहां ठाकुर ने दावा किया था कि तावड़े मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए 5 करोड़ रुपये बांटने विरार आए थे और वह एक होटल में थे।

# खरगे ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

- मणिपुर को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्तक्षेप की सांवधानिक जरूरतः खरगे



**मुंबई।** मणिपुर में हुई हालिया हिंसा के बाद हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। न सिर्फ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता बल्कि वहां के कई नागरिक संगठनों ने हिंसा पर लगाम लगाने और कुकी उग्रवादियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। इस बीच, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में बिगड़ते हालात को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है।

खरगे ने राष्ट्रपति मुर्मू से मणिपुर में तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया है। साथ ही कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य के लोग सम्मान के साथ अपने घरों में शांति से रहें। कांग्रेस प्रमुख द्वारा राष्ट्रपति मुर्मू को लिखे गए दो पन्ने के पत्र में कहा गया है कि मणिपुर सरकार और केंद्र पिछले 18 महीनों में मणिपुर में कानून व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में फेल साबित हुई है। पत्र में उन्होंने कहा कि राज्य में हिंसा के कारण 300 से अधिक लोगों की जान चली गई है, इनमें महिलाएं, बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वहां बिगड़ती कानून-व्यवस्था के कारण करीबन एक लाख लोग आंतरिक विस्थापन का शिकार हुए हैं। वे बेघर हो गए हैं और विभिन्न राहत शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। पत्र में खरगे ने लिखा है, मैं मानता हूं कि माननीय महोदया, भारत गणराज्य के राष्ट्रपति और हमारे संविधान के संरक्षक के रूप में यह आपके लिए संवैधानिक रूप से अनिवार्य हो गया है कि आप सांवधानिक औचित्य को बनाए रखें। साथ ही मणिपुर में हमारे अपने नागरिकों के जीवन और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करें। उन्होंने आगे कहा कि मुझे विश्वास है कि आपके कार्यालय के हस्तक्षेप के माध्यम से, मणिपुर के लोग फिर से सम्मान के साथ अपने घरों में शांति से रहेंगे।

### मणिपुर में अफस्पा का विरोध

**इंफाल।** मणिपुर में फैली अशांति के बीच अफस्पा का विरोध शुरू हो गया है। मंगलवार को पश्चिम इंफाल में नागरिक समाज संगठनों ने कर्फ्यू के बीच अफस्पा के विरोध में रैली निकाली। पुलिस ने रैली को केइशामपट जंक्शन इलाके में रोक दिया। उधर, चूराचांदपुर में कुकी संगठन के सदस्यों ने राज्य में फैली अशांति में मारे गए अपने सदस्यों की याद में नकली ताबूत लेकर जुलूस निकाला। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि अफस्पा के विरोध में मणिपुर यूनाइटेड क्लब ऑर्गनाइजेशन, पोइरेई लीमारोल मैइरा पैबी अपुनबा मणिपुर और अन्य स्थानीय संगठनों ने क्वाकीथेल इलाके से रैली शुरू की। पुलिस के रोके जाने से पहले रैली 3.5 किमी की दूरी तय कर चुकी थी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम छह थाना क्षेत्र में अफस्पा लगाने का विरोध करते हैं।

# अब 'श्रीभूमि' के नाम जाना जाएगा करीमगंज जिला

- असम सरकार की कैबिनेट में बड़ा फैसला



**गुवाहटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक की। कैबिनेट बैठक में बराक घाटी के करीमगंज जिले का नाम बदलने का प्रस्ताव पास कर दिया गया। इस जिले को अब श्रीभूमि के नाम से जाना जाएगा।

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर बताया कि, 100 साल पहले कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर ने असम में आधुनिक करीमगंज जिले को श्रीभूमि मां लक्ष्मी की भूमि के रूप में वर्णित किया था। आज असम कैबिनेट ने लंबे समय से चली आ रही इस मांग को पूरा कर दिया है। सरमा ने कहा कि करीमगंज का नाम बदलने का कदम जिले के लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम उन नामों को बदलना जारी रखेंगे जिनका कोई शब्दकोश संदर्भ या कोई अन्य ऐतिहासिक साक्ष्य नहीं है। हम लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं और यह एक सतत प्रक्रिया है। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि, असम कैबिनेट ने आज असम निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने का फैसला किया है।

### राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है नाइट सफारी

# लखनऊ में बनेगी देश की पहली नाइट सफारी

**तोहफा**

- सीएम योगी ने दिसंबर 2026 तक पर्यटकों के लिए खोलने के निर्देश दिए
- 900 एकड़ में होगा विस्तार



**लखनऊ।** राजधानी व प्रदेश वासियों को देश की पहली और विश्व की पांचवीं नाइट सफारी का उपहार मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी आधारिक घोषणा कर दी है। सीएम ने दिसंबर 2026 तक पर्यटकों के लिए खोलने के निर्देश दिए।

कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर मंगलवार को मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित कुकरैल नाइट सफारी पार्क एवं जू की समीक्षा की। सीएम ने कहा कि निर्माण कार्य हर हाल में जून 2026 तक पूरा कर लिया जाए। वन्य जीवों के लाने की समुचित व्यवस्था शुरू कर दी जाए। इकोनामी के लिए सस्टेनेबल मॉडल विकसित किया जाएं। 72 फीसदी एरिया में ग्रीनरी विकसित की जाए और यहां सौर ऊर्जा को प्रकल्पों को भी स्थान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाइट सफारी प्रोजेक्ट राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है, इसके निर्माण के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त हो गई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में दिसंबर 2026 में देश को पहली नाइट सफारी का उपहार मिल जाए। नाइट व डे सफारी का निर्माण चरणबद्ध रूप से होगा। लखनऊ में यह लगभग 900 एकड़ से अधिक में फैली होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुकरैल नाइट सफारी का निर्माण हो जाने के पश्चात यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर आ जाने के फलस्वरूप विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना को लखनऊ स्थित अन्य पर्यटन स्थलों से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जानवरों को चिह्नित करने, यहां लाने व क्वारंटीन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना के अंतर्गत ईको टूरिज्म जोन भी विकसित किया जाएगा।

# यूपी उपचुनावः नौ सीटों पर मतदान आज

- सबसे ज्यादा 14 उम्मीदवार गाजियाबाद में, सीसामऊ और खैर में सबसे कम




**लखनऊ।** यूपी की उपचुनाव वाली 9 विधानसभा सीटों पर बुधवार को मतदान होगा। इन सीटों पर कुल 3435974 मतदाता हैं। जबकि, 11 महिलाओं समेत 90 प्रत्याशी मैदान में हैं। सबसे ज्यादा मतदाता गाजियाबाद और सबसे कम सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में हैं। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने विशेष तैयारियां की हैं।

मीरापुर (मुजफ्फरनगर), कुन्दरकी (मुरादाबाद), गाजियाबाद, खैर सुरक्षित (अलीगढ़), करहल (मैनपुरी), सीसामऊ (कानपुर नगर), फूलपुर (प्रयागराज), कटेहरी (अम्बेडकरनगर) और मझवां (मिर्जापुर) सीट पर 20 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। इन नौ सीटों पर 1846846 पुरुष, 1588967 महिला और 161 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। सबसे अधिक 14 उम्मीदवार गाजियाबाद और सबसे कम 5-5 उम्मीदवार खैर व सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में हैं।

# यूक्रेन ने रूस पर दागीं 6 अमेरिकी मिसाइलें

- दुनिया में बढ़ा परमाणु हमले का खतरा
- रूसी सेना का दावा, ब्रांस्क क्षेत्र पर किया हमला



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रूसी परमाणु नीति में संशोधन पर दस्तखत करने की घोषणा करते ही यूक्रेन ने मंगलवार को पहली बार रूस पर अमेरिका की छह एटीएसीएमएस मिसाइलों से हमला कर दिया है। यह भीषण हमला यूक्रेन-रूस युद्ध के एक हजारवें दिन किया गया।

रूसी सीमा के 110 किमी अंदर ब्रियंस्क स्थित रूस के एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। नए सिरे से शुरू हुए इस मिसाइल हमले ने दुनिया को परमाणु युद्ध के मुहाने पर ले जाने का खतरा बढ़ा दिया है। रूसी समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से बताया कि उसने छह मिसाइल में से पांच मिसाइलों को मार गिराया है। ब्रियंस्क क्षेत्र में सैन्य अड्डे पर एक मिसाइल का मलबा जरूर गिरा है, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ और ना ही कोई क्षति पहुंची है।

उधर, यूक्रेन ने हथियार का ब्योरा दिए बगैर हमले की पुष्टि की है। यूक्रेन का दावा है कि उसके बाद वहां धमाके हुए हैं। इससे पहले मंगलवार को ही यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने कहा था कि यूक्रेनी सेना ने रूस के ब्रियंस्क क्षेत्र में काराचेव स्थित 1046 वें लॉजिस्टिक्स सपोर्ट सेंटर पर घातक हमला किया है। वहां पर कई विस्फोट हुए हैं और धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। इस हमले से यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रामकता कम हो जाएगी। यह जमीन से जमीन पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जो 300 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। लंबी दूरी तक मार करने की वजह से ही यह मिसाइल यूक्रेन के लिए गेमचेंजर साबित हो सकती है।

**वायु प्रदूषण**

### ट्रेन से लेकर कारोबार तक सभी पर प्रदूषण का प्रकोप

# 34 लाख छोटे व मंझोले कारोबारी प्रभावित

- 70 लाख श्रमिक भी परेशानी में
- 30 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी धुंध की चपेट में



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत इन दिनों धुंध की चपेट में है। हालात दमघोंटू होने के बाद दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रेप-4 लगाने का फैसला लिया लेकिन हालत सुधरने का नाम नहीं ले रहा। अनुमान है कि 34 लाख छोटे और मंझोले कारोबारियों को दिल्ली का धुंध भरा मौसम महंगा पड़ रहा है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली समेत पूरी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बड़ी संख्या में कामगार भी धुंध के कारण प्रभावित हो रहे हैं। अगर हालात जल्दी नहीं बदले कारोबारियों को उत्पादन में कमी की आने की आशंका है। ऐसा हुआ तो छोटे और मंझोले कारोबारी बड़ा वित्तीय नुकसान उठाने को विवश होंगे। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने अनुमानत जताया है कि पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में 34 लाख से अधिक छोटे और मंझोले कारोबारी धुंध के कारण प्रभावित हो रहे हैं। इनके अलावा करीब 70 लाख श्रमिक भी गैस चैंबर जैसे माहौल की मार झेलने को विवश है। पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष हेमंत जैन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण IV के लागू होने से निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियां रुक गई हैं, जिससे औद्योगिक संचालन में और बाधा आ रही है। उन्होंने बताया कि परिवहन क्षेत्र भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप आपूर्ति शृंखला भी बाधित हुई है और उत्पादन लागत में वृद्धि हुई है। जैन के अनुसार लंबे समय तक धुंध के संपर्क में रहने से श्रमिकों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है, जिससे उत्पादकता घट रही है। इससे उत्पादन में देरी भी हो रही है। उद्योग जगत हालात से निपटने के लिए स्वच्छ ईंधन, वायु शोधन प्रणाली और मास्क जैसे सुरक्षात्मक उपाय अपना रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर और आस-पास के इलाकों की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर है।



### कोहरे-प्रदूषण का असर रेलवे पर भी

राजधानी दिल्ली और एनसीआर में बीते कुछ दिनों से मौसम में खासा बदलाव देखने को मिल रहा है। दिल्ली में तापमान गिरने के साथ ही कोहरा बढ़ गया है। कोहरे और वायु प्रदूषण की धुंध के चलते ट्रेनों की आवाजाही और उड़ानों पर असर हुआ है। कोहरे के चलते उत्तर भारत में चलने वाली करीब 40 ट्रेनों पर असर पड़ा है। राजधानी दिल्ली की ओर आने वाली ये ट्रेनें 8 घंटे तक देरी से चल रही हैं। धुंध और प्रदूषण के चलते दृश्यता कम होने से कई ट्रेन तो रेंग रेंग कर चल रही हैं।

## कोरी समाज ने राज्यमंत्री पर किये हमले के खिलाफ खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** कोरी समाज के लोगों ने उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल कोरी पर किए गए हमले के विरोध में जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर अविलम्ब हमलावरों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की।

कोरी समाज के सैंकड़ों लोग भाजपा नेता मुकेश कोरी के नेतृत्व में एकत्र होकर जिला मुख्यालय पहुंचे तथा राज्य मंत्री मनोहर लाल कोरी पर किए गए हमले के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह को सौंपे ज्ञापन में बताया कि विगत् 19 नवंबर को मध्य प्रदेश में राज्य मंत्री मनोहर लाल कोरी के काफिले पर अज्ञात व्यक्तियों ने हमला बोल दिया था, जिसमें राज्यमंत्री चालक, पीएसओ व अर्दली के साथ मारपीट की गयी थी, जिसमें पीएसओ गंभीर रूप से घायल हो गया था।

## जयंती पर किया प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी को नमन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस जनों ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया तथा उनके आदर्शो व सिद्धान्तो से प्रेरणा लेते हुए आपसी सद्भाव कायम करने की दिशा मे सकारात्मक प्रयास करने का संकल्प लिया। गुरूद्वारा रोड स्थित कांग्रेस महानगर कार्यालय पर कांग्रेस जनों ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने इंदिरा गांधी ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक फैसले लेकर, देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे कृषि, उद्योग और व्यापार आदि सभी क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि एवं विकास देखने को मिला। महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने इंदिरा गांधी को दूरदर्शी और दृढ़निश्चय वाली नेता बताते हुए कहा कि 1971 इंदिरा गांधी के कार्यकाल में ही पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश को एक आजाद मुल्क घोषित किया गया था। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल एवं एआईसीसी सदस्य मुजफ्फर चौधरी ने कहा कि इंदिरा गांधी विकास के लाभ को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी निडर और साहसी नेता थी, जिन्होंने बांग्लादेश की लड़ाई के समय पाकिस्तान के पक्ष में खड़े हुए अमेरिका के सामने घुटने नहीं टेके थे। गोष्ठी को प्रवीण चौधरी, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, पीसीसी धर्मवीर जैन, नरेंद्र शर्मा, धर्मपाल जोशी, अक्षय चौधरी, अमरदीप जैन, गुलशेर अल्वी, हरिओम मिश्रा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अनुज शर्मा, मयंक शर्मा, नसीब खान, विपिन कांत शर्मा, राकेश वर्मा, भूपेंद्र सिंह सैनी, अश्वनी, मोहम्मद सलमान अली, आशीष कुमार, विक्रम चंदेल, रवि कुमार, लाल सिंह मैनवाल, ओम कैलाश, डॉ अब्दुल वाहिद खान आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया थाना शारदानगर का वार्षिक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना शारदानगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। लंबित विवेचनओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए।साथ ही द्वारा थाना शारदानगर की नवनिर्मित बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए पुलिस अधीक्षक द्वारा आरक्षियों की बीट बुक को चैक कर सम्बन्धित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को प्रभावी रात्रि गश्त करने के सम्बन्ध में निर्दशित करते हुए बताया गया कि ठंड व कोहरा बढ़ने के साथ ही घुमंतू गिरोह के अपराधियों के सक्रिय होने का खतरा भी बढ़ गया है, इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक व पुलिसकर्मी को रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाने के साथ ही संदिग्धों पर नजर रखे। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि घुमक्कड़ अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख शहर-बाजार तथा सुनसान वाले स्थानों पर नियमित गश्त सुनिश्चित की जाए। सर्किल अधिकारी गश्त की चेकिंग कर कार्रवाई की संस्तुति करें। शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूरी सक्रियता बरती जाए।

## 25 नवंबर को बी प्राक के गीतों से सजेगी सुरमई शाम, बांधेंगे समां

**लखीमपुर खीरी।** 25 नवंबर से शुरू हो रहे लखीमपुर महोत्सव की शाम कई सितारों, कलाकारों से सजेगी। वैश्विक पहचान बनाने लोकप्रिय पंजाबी सिंगर, कंपोजर व म्यूजिक डायरेक्टर बी प्राक 25 नवंबर को लखीमपुर शहर के जीआईसी ग्राउंड में आयोजित लखीमपुर उत्सव में अपनी प्रस्तुति से महोत्सव की समां बांधेंगे। इस महोत्सव का शुभारंभ 25 नवंबर की सुबह प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह दुधवा नेशनल पार्क में करेंगे। शाम को जीआईसी ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम की भी उद्घाटन करेंगे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के प्रयास और पहल पर आयोजित लखीमपुर महोत्सव में शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति, इनोवेशन समेत कई कार्यक्रमो का आगाज होगा। जिला प्रशासन व जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जिले में 25 से 28 नवंबर के मध्य क्रमशः दुधवा, लखीमपुर, कोटवारा, गोला, मेढक मंदिर ओयल में प्रस्तावित 'लखीमपुर महोत्सव' 2024 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। महोत्सव के पहले दिन की शाम को बॉलीवुड के फेमस सिंगर बी प्राक अपने सुरों का जलवा बिखेर कर और महफिल सजाएंगे।

### डीएम बोली, आम लोगों का प्रवेश मुफ्त

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि बॉलीवुड के फेमस सिंगर के लाइव म्यूजिक बैंड देखने के लिए इस बार महोत्सव में बेहद अधिक भीड़ होने की संभावना है। इसे देखते हुए सभी इंतजाम पूरे किए जा चुके हैं। आम पब्लिक के लिए एंट्री पूरी तरह फ्री होगी।

### लखीमपुर महोत्सव एक नजर...

25 नवम्बर : दुधवा राष्ट्रीय उद्यान : प्रकृति एवं परमात्मा की भूमि : दुधवा पार्क, पलिया प्रातः11 बजे।

25 नवम्बर : लखीमपुर उत्सव : रंग, तरंग, मनोरंजन मंच : राजकीय इण्टर कालेज ग्राउण्ड, सायं 5 बजे।

26 नवम्बर : कोटवारा ग्राम : लोक कला का संगम : ग्राम कोटवारा, गोला सायं 5 बजे।

27 नवम्बर : छोटी काशी : आध्यात्मिक शांति का केंद्र : राजेन्द्र गिरि स्टेडियम, गोला सायं 5 बजे।

28 नवम्बर : मेंढक मन्दिर : हमारी विरासत : मेंढक मन्दिर परिसर, ओयल सायं 5 बजे।

## यातायात माह में किया चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे यातायात माह के अन्तर्गत आयोजित चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता मे विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने एक ओर जहां कैनवास पर तूलिका के माध्यम से चित्र बनाकर यातायात के नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया, वही दूसरी ओर अपनी कलम से यातायात के नियमों के पालन करने का संदेश दिया। स्थानीय पेपर मिल रोड स्थित सहारनपुर पब्लिक स्कूल में आयोजित चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान, महासचिव सुधीर जोशी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर अमित तोमर, ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर विजेंदर त्यागी, नेशनल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मनु चौहान, सहारनपुर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर कनिष्क जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया वाहनो में ओवरलोडिंग व सडक दुर्घटनाए विषय पर प्रतियोगिता मे विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपनी तूलिका के माध्यम से पोस्टर पर अपनी कल्पना उकेरी तथा ओवर लोडिंग से होने वाली सडक़ दुर्घटनाओ के कारण व निवारण को दर्शाकर लोगों को जागरूक किया। जबकि निबंध प्रतियोगिता मे भी छात्र-छात्राओं ने यातायात के कारण बढता प्रदूषण, कारण व निवारण विषय पर अगली पीढी को पर्यावरण प्रदूषण से बचाने के लिए कारगर उपाय करने का संदेश दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि वर्तमान माहौल मे वाहनों मे ओवर लोडिंग के चलते होने वाली सडक़ दुर्घटना मे अकाल मौतें हो रही है।

## जनसुनवाई: पांच शिकायतों में से चार का निस्तारण

■ नगरायुक्त ने फड़ी दुकानदारों के लिए मेला गुघाल स्थल पर नंबरिंग कराने के दिए आदेश

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** नगर निगम में आज जनसुनवाई में आयी पांच शिकायतों में से चार शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। नगरायुक्त ने रायवाला के फड़ी दुकानदारों के लिए आगामी मंगलवार तक मेला गुघाल स्थल पर स्थान चिंह्नांकन व नम्बरिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि फड़ी दुकानदार अपना कार्य शुरु कर सकें।

नगर निगम में आज पांच शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। वार्ड संख्या 21 टैगोर गार्डन पेपर मिल रोड निवासी ऋषिपाल ने पेपर मिल रोड शिव मंदिर में लगे हैंड पंप को ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त ने अवर अभियंता जल व मिस्त्री को भेजकर नल ठीक करा दिया। वार्ड संख्या 18 लेबर कॉलोनी निवासी अनिल कुमार ने कॉलोनी में दुर्गा मंदिर के सामने बन्द पड़ी स्ट्रीट लाईट को ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर ईईएसएल कंपनी को लाईट ठीक करने के निर्देश दिए गए। निर्देशों के अनुपालन में उक्त कार्यदायी संस्था द्वारा तत्काल लाईट ठीक करा दी गयी।

वार्ड 56 खाताखेड़ी निवासी नौशाद अहमद ने इस्लामाबाद कॉलोनी में नालियों की साफ सफाई की गुहार लगायी। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर नालियों की सफाई करा दी गयी। वार्ड 16 बसंत विहार निवासी कपिल ने कॉलोनी में आवारा कुत्तों को पकड़वाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए डॉग कैचिंग टीम को निर्देश दिए कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका बंध्याकरण व टीकाकरण कर उन्हें वापिस उनके मूल स्थान पर छोड़ दिया जाये।

इसके अलावा वार्ड संख्या दो विक्रांत विहार निवासी संदीप शर्मा ने अपना गृहकर व जलकर का बिल ठीक कराने के लिए दरखास्त दी। सम्बंधित राजस्व निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बीके सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सहकारी समितियों पर इस समय नहीं उपलब्ध है खाद

**लखीमपुर खीरी।** सहकारी समितियों पर इस समय खाद उपलब्ध नहीं है। सबसे ज्यादा किल्लत डीएपी और एनपीके की है। जहां कहीं खाद है भी, वहां कम मात्रा में है, जिससे किसानों की भीड़ लग रही है। मंगलवार को बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति खमरिया में डीएपी को लेकर मारामारी मची रही। समिति के सचिव ने किसानों का नाम लिखकर खाद वितरण करने में लगे रहे। यही हाल अमीरनगर साधन सहकारी समिति में दिखा, जहां केवल 299 बोरी एनपीके खाद उपलब्ध थी। मंगलवार को 400 किसानों की लाइन समिति पर लगी रही। 100 से अधिक किसानों को निराश होकर लौटना पड़ा। किसानों का कहना है कि खेतों की जोताई हो चुकी है, लेकिन खाद न मिलने से बोवाई नहीं हो पाई है।

अराजक तत्वों ने धर्मस्थल पर लगी प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

**लखीमपुर-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के गोविंदापुर (मझगईं) में कुछ अराजक तत्वों ने धर्मस्थल पर लगी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने भारी नाराजगी जताते हुए पुलिस को सूचना दी। गांव के बाहर बनी करीब 60 वर्ष पुरानी प्रतिमा तथा मठ की छत को किसी ने तोड़ दिया है। प्रतिमाओं पर किसी भारी चीज से प्रहार किया है, जिस कारण मठ काफी हिस्सा टूट गया। उन्होंने घटना की जानकारी भीरा थाना पुलिस को देते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## सामुदायिक शौचालय का संचालन करने वाली महिला केयर टेकर होंगी सम्मानित: आलोक

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार शर्मा ने कहा कि विश्व शौचालय दिवस पखवाड़ा के समापन पर जनपद स्तर पर प्रत्येक विकास खंड से व्यवस्थित रूप से सामुदायिक शौचालय का संचालन करने वाली महिला केयर टेकर को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित कराया जायेगा।




जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा आज यहां उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मनाये जा रहे सहारनपुर खादी महोत्सव में आयोजित विश्व शौचालय दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्व शौचालय दिवस मनाये जाने के उद्देश्य तथा विश्व शौचालय दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। श्री शर्मा ने सामुदायिक शौचालय महिला केयरटेकर को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष में मनाए जा रहे पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद के समस्त सामुदायिक शौचालय का भौतिक स्थलीय निरीक्षण करते हुए शौचालय के रखरखाव में यदि कहीं कोई कठिनाई हो, तो उसको दूर कराया जाए तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने वाली गतिविधियां भी आयोजित की जाए। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि पखवाड़ा की समापन उपरांत जनपद स्तर पर प्रत्येक विकासखंड से व्यवस्थित रूप से सामुदायिक शौचालय संचालन करने वाली महिला केयरटेकर को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित कराया जाएगा तथा विकास की अन्य गतिविधियों से भी उन्हें जोड़ा जाएगा।

इस कड़ी में कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि प्रसार डॉक्टर राकेश कुमार, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉक्टर एके कुशवाहा, संयुक्त कृषि निदेशक डॉ.वीरेन्द्र कुमार ने कृषि उत्पादों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानो से आह्वान किया कि वह कृषि कार्यक्रमों से जुड़कर किसान एवं जनसाधारण अपनी आय को दुगना कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन देव भाष्कर पांडे ने किया। इस दौरान जनपद के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आए सामुदायिक शौचालय की महिला केयरटेकर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## दर्दनाक हादसा...नानकमत्ता घूमने जा रहे दोस्तों की कार पेड़ से टकराई, दो की मौत




*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** नैनीताल रोड पर देवरनिया थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर भीषण सड़क हादसे में कार सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए भोजीपुरा के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सभी लोग सुभाषनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, बरेली से नानकमत्ता घूमने के लिए जा रहे थे।

घटना दोपहर करीब 12 बजे देवरनिया थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। बरेली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार कठर्रा ढाल के पास एक पेड़ से टकरा गई। कार में सुभाष नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हरप्रीत सिंह, सुनील बजाज, गौरव, अज्जू व प्रेम सहानी सवार थे। जिसमें से सुनील बजाज व गौरव की ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद देवरनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों इलाज के लिए पास के ही निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त**

हादसा इतना भीषण था कि पेड़ से टकराने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। एक व्यक्ति कार के अंदर ही फंसा रह गया। जिसे निकालने का प्रयास किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार से फंसे व्यक्ति को बाहर निकाला।

## नगर निगम ने किया होटल महारानी सील

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम अधिकारियों ने आज घंटाघर स्थित शहर का मशहूर होटल महारानी सील कर दिया। होटल पर नगर निगम का पिछले कई साल से ब्याज सहित एक करोड़ चार लाख रुपये टैक्स बकाया था। बकाया धन जमा न करने पर होटल नीलामी की कार्रवाई शुरु की जायेगी।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर आज शाम नगर निगम राजस्व विभाग के अधिकारी घंटाघर स्थित होटल महारानी पहुंचे और उसके मुख्य दरवाजों व अन्य सभी दरवाजों पर नगर निगम की सील लगा दी। कार्रवाई के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता यादव, कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी व कर निर्धारण अधिकारी सुधीर शर्मा, तथा कैप्टन नरेश शर्मा के नेतृत्व में प्रवर्तन दल की टीम शामिल रही।




कर निर्धारण अधिकारी सुधीर शर्मा ने बताया कि होटल महारानी भवन संख्या 2ए/2421 जो निगम के अभिलेखों में चंद्रकांता पत्नी स्व.मूलराज सिंह के नाम दर्ज है, पर गत कई वर्षो का ब्याज सहित एक करोड़ चार लाख रुपया टैक्स बकाया है। इसके सम्बंध में भवन पर पूर्व

में कई बार निगम अधिनियम 1959 की धारा 506 के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किये गए। डिमांड नोटिस में 15 दिन के भीतर बकाया धन राशि जमा न करने पर चल/अचल सम्पत्ति कुर्क करने का प्रावधान है। लेकिन इस पर भी भवन स्वामी द्वारा बकाया धन जमा नहीं कराया गया। इसके अलावा भी होटल महारानी पर कई नोटिस चस्पा किये गए और व्यक्तिगत रुप से भी सम्पर्क कर धन जमा कराने को कहा गया। उन्होंने बताया कि बकाया धन जमा न करने पर नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम द्वारा आज उक्त भवन सील कर दिया गया। उन्होंने बताया कि नगर निगम प्रावधानों धारा 509 से 513 के अंर्तगत अब भवन को नीलाम करने की कार्रवाई की जायेगी।

## आगरा में पंचायती सम्मेलन में बवाल, मंच पर जगह न मिलने पर भड़के विधायक बाबूलाल और छोटे लाल वर्मा

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा में देश की पंचायतों के विजन-2047 एक्शन प्लान पर मंथन को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाजपा के विधायक भडक गए। मंच पर जगह नहीं मिलने पर भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल और छोटेलाल वर्मा ने हंगामा किया। उन्होंने पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों की फटकार लगाई।

विधायक ने कहा कि हम नहीं होंगे तो सरकार भी नहीं होगी। हमें क्यों बुलाया था। अपमान करने के लिए बुलाया था। इस दौरान राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल और उप्र सरकार के पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर कुछ नहीं बोल पाए।

दोनों भाजपा नेताओं की नाराजगी सुनते रहे। उनकी नाराजगी चर्चा का विषय बनी हुई है। वह यह भी कहते नजर आए कि 5 बार के विधायक को नीचे और 1-2 बार के विधायक को ऊपर क्यों बैठाया गया है। वह इसे लेकर अफसरों पर खासा नाराज नजर आए। इस दौरान दोनों विधायकों को विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल मनाते नज़र आए और कार्यक्रम से जाने पर भी रोका। बता दें कि आगरा के एक होटल में मंगलवार को पंचायतीराज मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इसमें देश की पंचायतों के माध्यम से सेवा वितरण को जमीनी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण और सुदृढ़ बनाने पर चर्चा हो रही है। इसमें आठ राज्यों के पंचायत राज विभाग के मंत्री और अधिकारी राष्ट्रीय सम्मेलन में आगरा जुटे हैं। ईज आफ लिविंगः सर्विस डिलीवरी विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में विजन-2047 के लिए एक्शन प्लान पर मंथन किया जा रहा है।

उधर अपर निदेशक प्रशासन राजकुमार ने बताया कि आगरा में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हो रहा है। जिमसें पंचायत राज विभाग के मंत्री और अधिकारी शामिल हो रहे हैं। ये सम्मेलन होटल ताज होटल एंड कन्वेंशन सेंटर में सुबह दस बजे से शुरू हुआ। सम्मेलन के पहले सत्र में उप्र, असम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, बिहार, कर्नाटक, असम राज्यों के प्रतिनिधि ईज आफ लिविंग को लेकर किए जा रहे कार्य की जानकारी देंगे। इसके बाद द्वितीय सत्र में सर्विस डिलीवरी के लिए आनलाइन उपलब्ध उत्पादों एवं सेवाओं के साथ नवीन प्रचलित तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की जाएगी।

आगरा में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्र और अलग अलग प्रदेश के पंचायती राज के मंत्री मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य ग्रामीण जीवन को सुलभ बनाए जाने के तरीके खोजना है। जिसमें विशेषज्ञ इस पर चर्चा और मंथन करेंगे। इसके बाद ही विजन-2047 के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। राष्ट्रीय सम्मेलन में 400 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिसमें केंद्रीय पंचायतीराज राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल, पंचायती राज्यमंत्री ओमप्रकाश राजभर, पंचायतीराज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज, संयुक्त सचिव आलोक प्रेम नागर, पंचायती विभाग के अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण समेत अन्य शामिल रहेंगे। इसके साथ ही सांसद, विधायक और ग्राम प्रधान भी मौजूद रहेंगे।

## अब आगरा में भी जानलेवा हुआ प्रदूषण, खुले में सांस लेना खतरनाक, 48 घंटे का रेड अलर्ट

**आगरा। (अवधनामा संवाददाता)** दिल्ली की तरह अब आगरा शहर में भी अलर्ट जारी कर दिया है। पॉल्यूशन का स्तर बेहद गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। खुले में सांस लेना खतरनाक हो गया है। आगरा में 48 घंटे का रेड अलर्ट है शहरभर में पॉल्यूशन का स्तर 24 महीने में अधिकतम स्तर पर है। ताजमहल के पास पहली बार एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी कि एक यूआई अधिकतम 400 के पर दर्ज किया गया। ताजमहल पर भी प्रदूषण और धुंध का असर साफ दिखाई दे रहा है। धुंध में ताजमहल गायब हो गया है।

जहां एक तरफ दिल्ली में प्रदूषण की इमरजेंसी लागू है। दिल्ली गैस चैंबर में तब्दील हो गया है ।एनसीआर के आसपास के इलाकों का एक यूआई 500 तक पहुंच चुका है। वहीं, आगरा भी इस प्रदूषण की मार से अछूता नहीं रहा। लगातार प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है, जिससे साथ संबंधी मरीजों को बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहली बार ताजमहल के आसपास के इलाके में एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 से भी ऊपर निकल चुका है।

एक्यूआई के भयावह होते स्तर को देखते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अगले 48 घंटे तक रेड अलर्ट जारी किया है। बुधवार सुबह तक हवा की सेहत नहीं सुधरी तो ग्रेड डेट रिस्पांस एक्शन प्लान की पहली और दूसरी स्टेज लागू कर दी जाएगी।

वही बढ़ते पॉल्यूशन के स्तर से सांस संबंधी और टीवी से संक्रमित मरीजों की परेशानी खूब बढ़ रही है। आगरा के ऐसे मेडिकल कॉलेज में ओपीडी में और दोनों की अपेक्षा दोगुनी मरीज आ रहे हैं। डॉक्टरों ने पॉल्यूशन के स्तर में इजाफा होने पर मरीजों को सलाह दी है कि वह सुबह और शाम टहलने से बचें। खिड़की दरवाजे बंद रखें घर में मच्छर भगाने की फॉगिंग न जलाएं। घर से बाहर निकलते वक्त मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।

## आवारा कुत्ते ने पांच साल के बच्चे पर किया हमला, कई जगह नोचा, आंख के पास हुआ गहरा घाव



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली में आवारा कुत्तों के हमले की घटना फिर सामने आई है। थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी बलवीर सिंह के पांच वर्षीय पुत्र हार्दिक पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। उसके चेहरे व शरीर पर कई जगह नोच लिया। आंख के पास गहरा घाव हो गया है। परिजनों ने घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया है। मां शीला ने बताया कि सोमवार शाम उनका बेटा हार्दिक घर के बाहर खेल रहा था। अचानक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। इससे आंख और शरीर में अन्य जगह घाव हो गए। हार्दिक जब चीखा चिल्लाया तो परिवार के लोगों ने कुत्ते को भगाया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। उसका उपचार चल रहा है।

**शहर में 55 हजार आवारा कुत्ते**

जिले से शहर से लेकर देहात तक आवारा कुत्तों का आतंक है। इससे पूर्व में भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। शहर में 55 हजार आवारा कुत्ते हैं। इनके आतंक का आलम यह है कि रोजाना करीब 300 लोग एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने अस्पताल पहुंच रहे हैं। छह साल में सिर्फ आठ हजार कुत्ते ही पकड़े जा सके हैं। फिलहाल, सात माह से कुत्तों को पकड़ने के लिए टेंडर की योजना बनाई जा रही है। अब तक टेंडर नहीं हो सका है।

# ऊसर में योगी सरकार बसाने जा रही इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

- तैयार हो रहा पूर्वांचल का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल लैंड बैंक
- गोरखपुर के दक्षिणांचल में 5500 एकड़ क्षेत्रफल में आकार लेगा धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** गोरखपुर के दक्षिणांचल में स्थित धुरियापार क्षेत्र की जो जमीन ऊसर थी। जिसपर तिनका भी मुश्किल से उगता था, वहां योगी सरकार उद्योगों की फसल लगवाएगी। इसके लिए 5500 एकड़ में प्रस्तावित धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को मूर्त रूप दिया जा रहा है। 17 गांवों की अनुपजाऊ जमीनों का अधिग्रहण करने के सिलसिले में अब तक 500 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। यह कॉरिडोर पूर्वांचल के सबसे बड़े इंडस्ट्रियल लैंड बैंक वाला होगा।

सरकार की मंशा यहां बड़े उद्यगों का संजाल बिछाने के साथ इसे इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर के रूप में विकसित कर करने की है। यह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से तो जुड़ा ही है, आने वाले समय में रेल कनेक्टिविटी से भी जुड़ जाएगा। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को आकार देने के लिए प्रक्रियात्मक कार्य को तेज कर दिया है। गीडा की तैयारी जल्द ही इस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के पहले चरण को लांच कर देने की है। पहले चरण में सकरदेईया, हरपुर और काश्तकाशी नायक गांवों में करीब 1600 एकड़ भूमि अर्जित होनी है। गीडा इसमें से 500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण भी कर चुका है। उपजाऊ जमीन फसलों के माध्यम से सोना उगले और ऊसर धरती पर उद्योगों के जरिये रोजगार की भरपूर छांव मिले, योगी सरकार इसी फॉर्मूले के तहत ग्रेटर गीडा के रूप में धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का खाका खींच चुकी है। इस कॉरिडोर को बसाने के लिए जिन 17 गांवों में जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा, वे परती पड़ी रहती हैं। यानी किसानों के लिए अनुपजाऊ। अब तक सिर्फ रकबे में गिनी जाने वाली ये जमीनें किसानों को भरपूर रकम दिलाकर मालामाल करेंगी। बीते सात सालों में देश-दुनिया के कई निवेशकों का गोरखपुर की तरफ रुझान देखते हुए सीएम योगी के मार्गदर्शन में धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का मास्टर प्लान फाइनल है, बस इसे शासन से अनुमोदन मिलने का इंतजार है। धुरियापार क्षेत्र में जमीनों का एक हिस्सा ऊसर प्रकृति का है। किसानों को ऊसर जमीनों का ही अधिग्रहण किया जा रहा है। इससे उन्हें अनुपजाऊ भूमि का भरपूर मूल्य प्राप्त होगा और ऊसर धरती पर औद्योगिक विकास के माध्यम से रोजगार और खुशहाली की फसल लहलहाएगी। धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को 17 ग्रामों की 5500 एकड़ भूमि में बसाया जाएगा। इस कॉरिडोर का विकास चरणबद्ध तरीके से किया जाना है। मास्टर प्लान के मुताबिक कुल क्षेत्रफल में 32.04 प्रतिशत क्षेत्र औद्योगिक, 19.39 प्रतिशत आवासीय, 6.51 प्रतिशत पीएसपी, 4.21 प्रतिशत व्यावसायिक, 15.70 प्रतिशत हरित-खुला क्षेत्र, 2.32 प्रतिशत मिश्रित, 4.17 प्रतिशत ट्रांसपोर्ट सुविधाओं के लिए प्रस्तावित है।

## रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** साहस और देशभक्ति की सच्ची प्रतिमूर्ति झांसी की रानी लक्ष्मी बाई द्वारा विपरीत परिस्थितियों में लिए गए देश रक्षा हित दृढ़ संकल्प वर्तमान पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों का साहसपूर्वक विरोध किया और जीवन के अंतिम क्षणों तक हार नहीं मानी। रानी लक्ष्मी बाई ने अपनी मातृभूमि की रक्षा और सम्मान के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। रानी लक्ष्मी बाई का साहस और शौर्य आज भी लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में रानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर आरएसएस के जिला प्रचारक अजय कुमार ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में उनकी बहादुरी और प्रयास पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। विपरीत परिस्थितियों ने उनके नेतृत्व ने दिखाया कि दृढ़ संकल्प क्या होता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस के जिला कार्यवाह देवेंद्र सिंह ने कहा कि झांसी की रानी का व्यक्तित्व युवाओं में जोश भरने का काम करता है।

# नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाना हम सभी कर्तव्यः डीएम

- मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत डीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी ने विद्यालयों, महा विद्यालयों से बालिकाओं एवं कार्यालयों में महिला सुरक्षा से संबंधित आने वाली समस्याओं के बारे में पूछताछ की। तत्पश्चात जनपद की महिलाओं व बच्चों मुख्य रूप से बालिकाओं की शिक्षा, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त करने के निर्देश विद्यालयों महाविद्यालयों के प्राचार्यो एवं कार्यालयध्यक्षों को दिए गए। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम, पोक्सो एक्ट इत्यादि के बारे में जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित शिक्षक गणों से बच्चियों की सुरक्षा के संबंध में अपेक्षित आवश्यकताओं की जानकारी लेकर विद्यालयों, बाजारों, बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड, नगर निकाय के व्यावसायिक संस्थानों इत्यादि पर हॉटस्पॉट चिन्हित कर समुचित प्रकाश की व्यवस्था करते हुए विद्यालय के गेट पर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर अवांछनीय तत्वों की पहचान कर उनकी रिकॉर्डिंग को साक्ष्य के रूप में सुरक्षित रखते हुए प्रत्येक विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरा की निगरानी हेतु एक नोडल कर्मचारी नामित करने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त संस्थानों में आंतरिक कमेटी अनिवार्य रूप से गठित करने हेतु निर्देशित किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा मिशन शक्ति 5.0के बारे में अवगत कराते हुए शासन द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर यथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस 112, दुर्घटना एवं बीमारी में एम्बुलेंस की मांग हेतु 108 तथा गर्भवती महिलाओं हेतु 102 का प्रचार प्रसार करने एवं शैक्षणिक संस्थानों में प्रत्येक सोमवार को प्रार्थना सभा में बालकों को बच्चियों एवं महिलाओं की सुरक्षा करने का शपथ दिलाने का अनुरोध किया गया।

## रावण ने तपस्या कर ब्रम्हा से पाया वरदान शुरू कर दिया अत्याचार



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** शिव मंदिर खखोड़ा में चल रहे रामलीला में सोमवार की रात कलाकारों ने रावण अत्याचार व श्रीराम जन्म की लीला का मंचन किया। कलाकारों ने दिखाया कि रावण अपनी मां के सलाह पर भइयों कुम्भकरण, विभीषण के साथ ब्रम्हा जी का घोर तपस्या करने लगा। ब्रम्हा जी जब बरदान देने पंहुचे तो देवता उन्हे रोकने लगे इस पर उन्होने कहा कि यह प्रकृति का नियम है जो भी कर्म करेगा उसे फल अवश्य प्राप्त होगा। बरदान मिलने के बाद रावण तीनो लोको में अत्याचार शुरू कर दिया। उसके अत्याचार से भयभीत ब्रम्हण, गाय, देवता सभी ब्रम्हाजी के पास पंहुच गये। ब्रम्हा सहित सभी लोग नारायण को मदद के लिए पुकारने लगे। तभी आकाश वाणी हुई कि श्री हरि विष्णु अपने अंशो समेत अयोध्या नरेश राजा दशरथ के यहां पुत्र के रूप में जन्म लेकर रावण के अत्याचारो से मुक्ति दिलायेंगे। ब्रम्हा जी के निर्देश सभी देवता नारायण के सहयोग के लिए पृथ्वी पर बंदर, भालू के रूप में जन्म लिया। अयोध्या नरेश राजा दशरथ के संतान न होने पर गुरू वशिष्ठ के पास पंहुचे उनके सलाह पर श्रृंगी ऋषि ने पुत्रयेष्ठि यज्ञ कराया। उसके बाद राजा दशरथ के तीनो रानियों कौशिल्या ने एक पुत्र, कैकेयी एक तथा सुमित्रा ने तो पुत्रो को जन्म दिया।

## नप प्रशासन ने पानी निकासी की समस्या का लिया संज्ञान

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नप सहजनवा के वार्ड न 4 मे पानी निकासी की समस्या को लेकर अधिशासी अधिकारी सूर्यकान्त एवं जेई ने मौके का निरिक्षण किया और कर्मचारियों को त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया। बता दे की नप के वार्ड न 4 केशोपुर मे कुछ माह पूर्व नाली का निर्माण हुआ था जिसमे अनियमितता की वजह से पूरी नाली चोक हो गई थी और पानी की निकासी नहीं हो पा रही थी गौरतलब है की अधिशासी अधिकारी सूर्यकान्त ने आज मौके का निरीक्षण किया और जेई सहित कार्य को सुचारु रूप से निष्पदित करने का आदेश दिया।



## व्यावसायिक वाहनों पर 100 फीसदी जुर्माना होगा माफ

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** परिवहन विभाग ने व्यावसायिक वाहन संचालकों को बड़ी राहत देते हुए व्यावसायिक वाहनों पर 100 प्रतिशत जुर्माना माफ कर दिया है। इसके लिए वाहन संचालकों को को 05 फरवरी 2025 तक का समय दिया गया है कि वह निर्धारित अवधि में बकाया जमा कर दें जिससे जुर्माना माफ किया जा सके। आरटीओ दीपक कुमार शाह ने बताया है कि विभाग द्वारा व्यावसायिक वाहन स्वामियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की गई है। टैक्स बकाया वाले वाहन स्वामियों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि 06 नवंबर से तीन माह के भीतर बकाया टैक्स जमा करने वाले वाहन स्वामी जुर्माना में 100 प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये तिपहिया एवं हल्के वाहनों (7500 किलोग्राम तक) के लिये निर्धारित आवेदन शुल्क 200 रूपये एवं भारी वाहनों के लिये 500 रूपये प्रार्थना पत्र के साथ जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ वित्तपोषक भी ले सकते हैं, जिनके द्वारा वाहन अपने कब्जे में ले लिया गया है। जिन वाहन स्वामियों को 06 नवंबर 2024 से पूर्व वसूली पत्र प्रेषित हो चुके हैं, वह भी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अपात्रता की स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि यदि किसी वाहन के कर के प्रति मा0 न्यायालय में वाद लम्बित है, तो वह इस योजना के लिये पात्र नहीं होंगे। यदि वाद वापस लिया जाता है तो आवदेक योजना के लिये पात्र हो सकेगा।

## विश्व बाल दिवस की पूर्व संध्या पर बच्चों के आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए हुआ कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** विश्व बाल दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश के सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, बहराइच, रायबरेली एवं लखनऊ के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 350 बच्चों ने लखनऊ में आयोजित 'प्रगति 2024- स्वाभिमान और सफलता की ओर' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन यूनिसेफ एवं समग्र शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों के आत्मसम्मान को बढ़ावा देना एवं उन्हें प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विश्व बाल दिवस की बधाई देते हुए यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के प्रमुख, डॉ ज़कारी ऐडम ने बच्चों को बाल अधिकार के विषय में बताया। उन्होंने कहा बच्चों को अपने अधिकारों के विषय में जानना चाहिए और अपने आत्मसम्मान को भी बनाए रखना चाहिए। उन्होंने बच्चों को बताया की 2024 भारत में यूनिसेफ का 75वां वर्ष है और इस वर्ष 20 नवंबर को हम संयुक्त राष्ट बाल अधिकार समझौते के भी 35 वर्ष मन रहे हैं। इस बार बाल दिवस का थीम 'भविष्य की बात सुनें' है। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा लिंग समानता, आत्मसम्मान, विज्ञान, भेदभाव एवं विविधता विषयों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं एक प्रदर्शिनी का भी आयोजन किया गया जिसमें अध्यापकों के लिए टीचिंग लर्निंग सामग्री भी प्रदर्शित की गई। अलग अलग विद्यालयों के बच्चों ने अपने द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्यो को भी प्रदर्शित किया। बच्चों ने अपने सपनों के स्कूल संबंधित एक ज्ञापन शिक्षा विभाग के अधिकायों को भेंट किया। अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा सुश्री एकता सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की ऐसे कार्यक्रमों से अध्यापकों एवं बच्चों को अन्य विद्यालयों में किए जा रहे प्रयासों के विषय में पता चलता है।

## सपा सांसद ने प्रशासन पर लगाये गंभीर आरोप

**अंबेडकरनगर।** सपा सांसद लाल जी वर्मा ने पुलिस से भरोसा उठने का आरोप लगाते हुए अपना सरकारी गनर वापस कर दिया है। साथ ही अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौपा है। सपा सांसद लालजी वर्मा का आरोप है कि विधानसभा उपचुनाव में पुलिस द्वारा जिस तरह समाजवादी पार्टी के समर्थकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्हें लाल पर्चा देकर मतदान से वंचित रहने का दबाव डाला जा रहा है। विशेष रूप से मुस्लिम, यादव, एवं कुर्मी जाति के लोगों को धमकाया जा रहा है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक है मुझे यह विश्वास था कि इस उत्पीड़न पर अंकुश लगाया जाएगा परंतु उत्पीड़न पर अंकुश लगाने की जगह उसे और अधिक बल दिया जा रहा है। अल्पसंख्यक मतदाताओं को अत्यधिक भयभीत किया जा रहा है। जिससे मतदान न कर सकें भारतीय जनता पार्टी को लाभ पहुंचाने के लिए क्षेत्र में भय पैदा करने का आरोप लाल जी वर्मा ने लगाया है।

## जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनी बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक बिरसा मुण्डा 150 वीं जयंती को विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) कार्यालय में ''जनजातीय गौरव दिवस'' के रूप में मनाया गया। बिरसा मुण्डा का जन्म झारखण्ड के एक साधारण परिवार में हुआ था। सामाजिक कार्यों के चलते उन्हें धरती आबा या धरती पिता के रूप में सम्बोधित किया जाता था। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में बिरसा मुण्डा का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) संध्या रानी बघेल ने इस अवसर पर बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को बिरसा मुण्डा के स्वाधीनता संग्राम में योगदान के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि सभी को बिरसा मुण्डा के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि वह 26 नवंबर तक जिले में बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर उनको सफल बनाएं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल पूरक परीक्षा सन 2006 अनुक्रमांक 2151198 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**विजय कुमार पुत्र मुलाहु निवासी - ग्राम जंगल धूसड़, टोला - हैदरगंज, तहसील-सदर थाना - पिपराइच, गोरखपुर**

**सूचना**

सभी को सूचित करती हूं की मेरी इण्टरमीडिएट परीक्षा 2022 अनुक्रमांक स. 2225436292 पास की सनद और मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है ढूंढी नहीं मिली यदि किसी को मिले तुरन्त संपर्क करें।

**आंचल पुत्री देशराज नि. हाउस निवादा तिवाया रोड, गांव निवादा, सहारनपुर. यूपी**

**सूचना**

मै मो. आसिफ कुरैशी पुत्र हामिद कुरैशी सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे द्वारा अपने निर्मित भवन भूखण्ड क्षे. 6000 वर्ग फिट, खसरा सं0. 965 मि0, स्थित ग्राम सोनई कंजेहरा, मोहनलाल गंज लखनऊ के विवाद के सन्दर्भ में मेसर्स आर्क नोवम इन्फ्राटेक प्रा. लि. व अन्य के विरुद्ध एक सिविल वाद सः- 2540/2024 मो0 आसिफ कुरैशी व अन्य बनाम आमेर खान आदि न्यायालय सिविल जज (सी.डी.) लखनऊ के समक्ष योजित किया गया है। जो कि वर्तमान समय में लंबित है। यदि कोई व्यक्ति या संस्था उक्त निर्मित भवन भूखण्ड का क्रय विक्रय करता है तो मै निकट भविष्य में उसकी हुई हानि एंव धोखाधड़ी के लिये उत्तरदायी नहीं हूंगा।

# डॉ विवेकी राय युग प्रवर्तक साहित्यकार थे : मनोज सिन्हा

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** प्रख्यात हिंदी साहित्यकार एवं लेखक विवेकी राय का जन्म शताब्दी समारोह आज गाजीपुर के जिला पंचायत सभागार में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, समारोह के अध्यक्ष योगी आनंद जी, विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति प्रोफेसर हरिकेश सिंह, मुख्य वक्ता प्रोफेसर अवधेश प्रधान, प्रोफेसर मान्धाता राय आदि ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉ0 विवेकी राय स्मृति न्यास की अध्यक्ष व उनकी पुत्रवधू डॉ0 बिनीता राय ने मुख्य अतिथि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जी को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल एवं साहित्यानुरागी मनोज सिन्हा ने कहा कि डॉ विवेकी राय युग प्रवर्तक साहित्यकार थे। उन्होंने उनकी रचनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि विवेकी राय साहित्या काश के तारा नहीं ध्रुव तारा हैं। हिंदी एवं भोजपुरी में की गई उनकी रचनाएं जहां एक और विभिन्न विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम का हिस्सा है वही आने वाली अनंत पीढियो का मार्गदर्शन करती रहेगी। इससे पूर्व विषय स्थापना करते हुए डॉ0 मान्धाता राय ने कहा कि विवेकी राय जी ने सभी विधाओं में रचना की उनकी प्रकाशित पुस्तकों की संख्या 70 से अधिक है। उन्होंने कहा कि डॉ विवेकी राय अपने साहित्य में मानव मूल्यों को प्रमुखता देते थे। विशिष्ट अतिथि कुलपति डॉक्टर हरिकेश सिंह ने कहा कि हिंदी एवं भोजपुरी साहित्य के उन्नयन में विवेकी राय का योगदान अतुलनीय है। मुख्य वक्ता प्रोफेसर अवधेश प्रधान ने बताया कि विवेकी राय जी अत्यंत सरल और मानवीय संवेदना को उकेरने वाले साहित्यकार थे। उन्होंने उनकी रचनाओं के पात्रों को जीवन्त कर दिया।

## मजदूर के ऊपर दीवार गिरने से एक की मौत

**बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र के काकरोली ग्राम में तीन बजे बबुन्ने पाल के पुराने मकान को गिरा रहे मजदूरों मे से एक मजदूर के उपर अचानक दीवार गिर जाने से उसके नीचे दबजाने के कारण उसकी मौत मौके पर हो गयी। उनके साथ काम करने वाले मजदूर के सूचना पर घरवाले मौके पर पहुचकर शव को अपने घर ले गए। लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चित्राखोर निवासी अशरफी पुत्र रामनिवास उम्र लगभग 70 वर्ष ने ककरौली निवासी बाबून्ने पाल पुत्र राम शंकर पाल के पुराने घर को गिराने के लिए 16000 में बात करके दो मजदूरों के साथ मकान को गिरा रहे थे। अचानक दीवाल गिर जाने के कारण मजदूर उसके नीचे दबने से उसकी मौत मौके पर हो गई। सूचना पाकर परिवार वाले मौके पर पहुंचे और शब को अपने घर ले गए। अशरफी के तीन लड़के बुधराम सुधीराम, संकुल कुमार जिसमे सुधीराम अशर्फी के साथ मौके पर काम कर रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिवार वाले टेंपो के माध्यम से सबको अपने घर ले गए।

## काकोरी पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया



**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** कमिश्नर रेट लखनऊ के पश्चिमी थाना काकोरी के प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दो वारंटियों को गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक काकोरी नवाब अहमद के मुताबिक पुलिस टीम द्वारा सोमवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। अमन खान पुत्र स्वश शमी उल्लाह निवासी जनता नगरी फॉर्म शिक्षा भवन थाना वजीरगंज उम्र करीब 24 वर्ष, उदल यादव पुत्र स्व. राधे लाल यादव निवासी कठिगरा उम्र करीब 35 वर्ष गिरफ्तार करके दो लोगों को न्यायालय अभिरक्षा में भेजा गया है वारंटियों को गिरफ्तार करने वाली काकोरी पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद उप निरीक्षक उस्मान खान हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार पाल हेड कांस्टेबल अनिल कुमार उत्तम आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## स्वच्छ भारत मिशन पर समीक्षा बैठक संपन्न



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** वर्ल्ड टॉयलेट डे (दिनांक 1911 2024) के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फर्रुखाबाद की बैठक दिनांक 19/ 11/ 2024 को संपन्न की गई। जिसमें दिनांक 19 नवंबर से लेकर 10 दिसंबर (राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस) तक विभिन्न गतिविधियों को संचालित किए जाने का निर्देश जिलाधिकारी की तरफ से दिया गया। उसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत में निर्मित सामुदायिक शौचालयों का मरम्मत रंगाई पुताई एवं अन्य रिट्रोफिटिंग के कार्य इस अभियान पीरियड में कराकर उसके फोटोग्राफ्स सोशल मीडिया एवं ट्विटर पर हैसबेक करना है इसके साथ ही इस अभियान में व्यक्तिगत शौचालयों के रेट्रोफिटिंग का कार्य करा कर उसके भी फोटोग्राफ अपलोड करने हैं। प्रत्येक विकासखंड से अच्छे दो सामुदायिक शौचालयों के फोटोग्राफ जनपद को भेजे जाएंगे इसी प्रकार प्रत्येक विकासखंड से 3 अच्छे शौचालयों के फोटोग्राफ जनपद स्तर को प्रेषित किए जाएंगे।

## शुगर मिल महाप्रबंधक एसपी सिंह व सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर



**अफजलगढ़ अवधनामा संवाददाता।** शुगर मिल अफजलगढ़ में गन्ना लाने वाले वाहनों पर मिल प्रबंधक की ओर से रिफ्लेक्टर लगाए गए। सीओ और मिल के मुख्य महाप्रबंधक ने गन्ना लाने वाले वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर लगाने और कोहरे में सावधानी से वाहन चलाने को जागरूक किया। रविवार को द्वारिकेश शुगर मिल इंडस्ट्रीज अफजलगढ़ में गन्ने के वाहनों ट्रक, ट्रिपलर, ट्रैक्टर ट्राली, बुग्गियों आदि पर मिल प्रशासन द्वारा रिफ्लेक्टर लगाए गए। इस अभियान की शुरुआत मुख्य महाप्रबंधक एसपी सिंह एवं सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने किया। शुगर मिल के केन यार्ड में खड़े गन्ने के वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लाल कपड़े लगाए गए। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक एसपी सिंह और सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने चालकों को रिफ्लेक्टर और लाल कपड़ा वाहन पर लगाने का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे। इससे कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने में सहायता मिलती है। इसके अलावा सभी चालकों को गन्ना लाते समय विशेष रूप से वाहन के पीछे की ओर लाल कपड़ा बांधने या रात में लाल लाइट लगाने के निर्देश दिए गए जिससे सड़क दुघर्टनाओं से बचा जा सके। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एसपी सिंह, सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी, गन्ना महाप्रबंधक डॉ रजनीश कुमार, कुमेर सिंह, डा. वीर सिंह तथा कुंदन सिंह आदि शामिल रहे।

## बाइक सवार ने युवक को मारी ठोकर, इलाज के लिए जाते समय मौत

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के डोमहर माफी निवासी एक 20 वर्षीय युवक जरूरी कार्य से सहजनवा आया था। पैदल घर जाते समय सहजनवा स्थित एक ब्यूटी पार्लर के पास बाइक सवार नद ठोकर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था।इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के डोमहर माफी निवासी अरमान पुत्र सुभान 20 वर्ष सोमवार को जरूरी कार्य से सहजनवां आया था। कार्य निपटाने के बाद पैदल हो घर के लिए जा रहा था। उसी दौरान अनियंत्रित पल्सर सवार ने उसे ठोकर मार दिया।जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए सी एच सी सहजनवां लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में ले जाते समय युवक की मौत हो गई। मृतक युवक दो भाइयों में छोटा था।

## बड़ा मील में सजे खाटू श्याम के दरबार में दर्शनों के लिए उमड़ी हजारों की भीड़



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** खाटू श्याम के भक्तों की भारी भीड़ बड़ा मील में उमड़ पड़ी जहां बाबा का दिव्य और भव्य दरबार सजा था। बाहर से आए कलाकारों द्वारा गाए गए भजनों पर भक्तजन झूमते हुए खूब नाचे और बाबा के जयकारे लगाए। बाबा खाटू श्याम की ज्योति के साथ बाबा को लगाए गए छप्पन भोग का दर्शन कर लोग धन्य हो गए।


बड़ा मील में संजोए गए कार्यक्रम की शुरुआत बाबा की प्रतिमा के समक्ष पूजन से हुई, तत्पश्चात भजनों का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। बाहर से आए कलाकारों ने बाबा खाटू श्याम को समर्पित तमाम भजन गाए जिन पर भक्त श्रोता झूम कर घंटों नाचते रहे और बाबा की जय जयकार करते रहे। चलो रे मन श्रीवृंदावन धाम, रटेंगे राधे राधे नाम और कान्हा की दीवानी बन जाऊंगी जैसे भजनों को सुन बाबा के भक्त भावविभोर हो गए। श्याम प्रेमी परिवार की ओर से आयोजित श्याम भजन संध्या में बाबा श्याम के सैकड़ों भक्त खाटू श्याम के रंग में रंगे नजर आए। यह आयोजन देर रात जारी रहा जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। ज्योति पाल ग्वालियर, मथुरा से नीलिमा, वनारस के राकेश लक्खा आदि के भजनों पर श्रोता झूम उठे तथा पूरी मस्ती में जमकर भजनों का आनंद लिया।

## बीमार नर हाथी की इलाज के दौरान मौत

**रेहड़ अवधनामा संवाददाता।** अमानगढ़ में दो दिन पूर्व अमानगढ़ में जसपुर कक्ष के ब्लाक एक में गश्ती दलों को एक हाथी बीमार हालत में मिला था। जिसका वन विभाग द्वारा उपचार कराया जा रहा था। मंगलवार को इलाज़ के दौरान हाथी की मौत हो गई। गश्ती दल की सूचना पर विभागीय अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे तथा चिकित्सकों के पैनल से हाथी का पीएम कराया। एसडीओ अंशुमान मित्तल ने बताया कि मृत नर हाथी है जिसकी आयु लगभग पच्चीस साल है। किन्ही कारणों से हाथी की जीभ में जख्म हो गया था।जिसके कारण हाथी कुछ खा नही पा रहा था। जिसके चलते हाथी काफी कमजोर हो गया था। हाथी कैंप मथुरा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ गोचरण द्वारा हाथी का उपचार कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि संभवत जीभ एवं गले में संक्रमण होने के कारण की मौत हो गई। हालांकि मौत का सही कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। हाथी के सभी अंग सुरक्षित है। विभागीय निर्देशों के अंतर्गत हाथी के शव का पीएम कराकर शव को दफना दिया गया है। विसरा जांच के लिए आईवीआरआई बरेली भेजा जा रहा है।



# स्वंय की खोज पुस्तक का विमोचन भौतिकता से आध्यात्मिकता का दर्शन




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शहर के एक होटल में स्वयं की खोज पुस्तक का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि नाका हनुमान गढ़ी के महंत रामदास व भाजपा विधायक रामचंद्र यादव रहे। राजस्थान के वेदांग गुरुकुलम प्रचारक चेतनानंद के द्वारा लिखित पुस्तक में भौतिकता से आध्यात्मिकता का दर्शन मिलता है। चेतनानंद ने बताया कि संतो के साथ रहकर यात्राओं के माध्यम से एवं तमाम ग्रंथों का अध्ययन करने के बाद, अपने 40 वर्ष की अनुभव को लगभग नौ माह में यह पुस्तक लिखी है। फिर मेरे मन में विचार आया इस पुस्तक का विमोचन भगवान राम की नगरी अयोध्या में भी करेंगे और आज मेरा सपना पूरा हुआ। मैं लगभग 6 साल से सद्गुरु रितेश्वर जी महाराज के सानिध्य में है मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है। संतों का धरती पर विशेष महत्व है यदि संत इस पृथ्वी पर नहीं होते तो सनातन नहीं होता संतों का आदर करना चाहिए। हम सभी ईश्वर की संतान हैं यह किताब हमें प्रेरणा देगी कि आध्यात्मिक रास्ते पर कैसे चले इंसान जागे और स्वयं की खोज करें भौतिक जीवन की यात्रा करते हुए अपने आप को पहचाने। यह किताब महज किताब ही नहीं एक जीवन बदलने वाला यंत्र भी है। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि अयोध्या की धरती पर चेतनानंद का स्वागत है जिन्होंने ने वर्षों के प्रयास से एक ग्रंथ के रूप में पुस्तक उपलब्ध कराई है, यह पुस्तक एक अमूल्य निधि हैं ऐसे ग्रंथ समय समय पर रास्ता दिखाने का काम करते हैं। अध्यात्मिक क्षेत्र में रहने वाले संत पूज्य हैं, इन पुस्तकों के द्वारा भौतिक जीवन में कुछ न कुछ सीखते हैं ।अयोध्या नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास ने कहा कि चेतनानंद ने स्वयं की खोज पुस्तक का लोकार्पण करने के लिए अयोध्या को चुना ये शौभाग्य की बात है, अयोध्या त्याग उदार और तप की भूमि है, अयोध्या युद्ध की भूमि नहीं है अपितु राम की भूमि है। बच्चों को अच्छी शिक्षा की जरूरत होती है इस पुस्तक में ज्ञान वैराग्य योग शिक्षा सभी का संगम है, और इस तरह की पुस्तकें और लिखने की जरूरत है और आप लोग लिखते रहे।

# अयोध्या महोत्सव : नारी सशक्तीकरण का महाअभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या महोत्सव न्यास, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन अयोध्या के संयोजन में आयोजित होने वाले अयोध्या महोत्सव में इस वर्ष दो विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। दुरदुरिया पूजन और कन्या पूजन का कार्यक्रम वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सात हजार मातृशक्तियों व सात हजार कन्याये भाग लेंगी। न्यास अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को शहर के एक होटल में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है और इसके प्रतिवर्ष नए विश्व रिकॉर्ड बन रहे हैं तो अपनी लोक आस्था के प्रति समर्पित लोगों के मन के कार्यक्रम दुरदुरिया पूजन को विश्व पटल तक लाने के उद्देश्य इस बार वृहद स्तर पर किया जा रहा है। विभिन्न लोक परंपराओं को विश्व पटल पर लाने के लिए विश्व रिकॉर्ड की टीम को आमंत्रित किया गया है, जिसकी संस्तुति प्राप्त हो गई है। अयोध्या की लोक आस्था के प्रतीक अवसान माता की पूजा का कार्यक्रम दुरदुरिया पूजन 26 दिसंबर को सामूहिक रूप में



अयोध्या महोत्सव न्यास के संगठन महासचिव अरुण द्विवेदी के संयोजन में आयोजित किया जाएगा जिसके प्रभारी न्यास के प्रबंधक आकाश अग्रवाल व नारी शक्ति के प्रतीक कन्या पूजन अयोध्या महोत्सव न्यास की महासचिव ऋचा उपाध्याय के संयोजन में 27 दिसंबर को जिसकी प्रभारी न्यास की प्रबंध निदेशक नाहिद कैफ़ होंगी। इसके साथ ही दुरदुरिया पूजन में न्यास के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय यादव, उपाध्यक्ष रवि चौधरी, गृजेश त्रिपाठी, संयुक्त सचिव बृजेश ओझा, कार्यक्रम सचिव उज्ज्वल चौहान, कार्यालय सचिव निकिता चौहान, कार्यक्रम प्रभारी सदक हुसैन, स्वाती सिंह, शशांक उपाध्याय, अनुराग सिंह, शिप्रा श्रीवास्तव, नेहा हाशमी, ममता, नीलम, रचना सिंह, कंचन, सुशीला, रामावती, शिवदेवी आदि दुरदुरिया कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करेंगी जबकि कन्या पूजन में उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा, भूपेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष रेगन सिंह चौहान, संगठन सचिव जनार्दन पाण्डेय, प्रचार सचिव गौतम सिंह, मीडिया प्रभारी श्रीप्रकाश पाठक, कार्यक्रम प्रभारी सूर्यांश चोपड़ा, पूजा अरोडा, जे पी पाण्डेय, राजेश गौड़, अंकित श्रीवास्तव, अवनीश सिंह, सुरेश मिश्रा, मरियम फातिमा व्यवस्था संचालन में सहयोग प्रदान करेंगी।न्यास के अध्यक्ष ने बताया कि दुरदुरिया पूजन और कन्या पूजन कार्यक्रम में 7-7 हजार मातृशक्तियां व कन्याये भाग लेंगी, जिसकी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

इस ऐतिहासिक आयोजन में नारी सशक्तीकरण और नारी शक्ति की उपासना के प्रतीक कन्या पूजन को विश्व में ख्याति प्राप्त होगी। यह आयोजन अयोध्या की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व पटल पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अयोध्या महोत्सव न्यास में संरक्षक मण्डल में मणिराम दास छावनी के महंत कमलनयन दास, असर्फी भवन के महंत श्रीधराचार्य, बावन मन्दिर महंत वैदेही बल्लभ शरण, उदासीन आश्रम महंत भरतदास, दिगम्बर अखाड़ा महंत सुरेशदास, श्री राम बल्लभाकुंज महंत राम कुमार दास, हनुमान गढ़ी महंत रामदास, श्री रामजन्म भूमि न्यास सदस्य डॉ अनिल मिश्रा है जबकि संयोजक मण्डल में विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर अयोध्या गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक रूदौली रामचंद्र यादव, विधायक बीकापुर अमित सिंह चौहान, अध्यक्ष जिला पंचायत रोली सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, नि0 विधायक गोसाईगंज इंद्र प्रताप तिवारी, नि0 विधायक मिल्कीपुर बाबा गोरखनाथ, महानगर संघ चालक अयोध्या डॉ विक्रमा प्रसाद पाण्डेय हैं।

## किशोर पर ईंट लदा टैक्टर चढ़ा हुई मौत

**तारुन -अयोध्या।** पिपरी रामपुर भगन मार्ग के बैंक आफ बदौड़ा के सामने बाइक व कार के आमने सामने हुई टक्कर के बाद किशोर पर ईंट लदा टैक्टर चढ़ने से घटना स्थल पर मौत हो गयी।घटना प्रातः करीब 9 बजे की बतायी जाती है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तारुन थाना क्षेत्र के ग्राम केशरुवा बुजुर्ग निवासी शिवम निषाद पिपरी की तरफ से रामपुर भगन की तरफ आ रहा था। जैसे वह मीतनपुर ओ बी बैंक शाखा के पास पहुंचा तभी रामपुर भगन की तरफ से आ रही कार की बाइक से भिड़न्त हो गयी।टक्कर लगने के बाद किशोर बाइक सहित सड़क पर गिर गया। उसी समय पश्चिम दिशा से रामपुर भगन की तरफ ईंट लेकर जा रहा टैक्टर किशोर पर चढ़ गया जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गयी। चीता सिपाही उमेश कुमार यादव ने बताया की लाश को तारुन लाया गया है जहा किशोर को डॉक्टर द्वारा मृत्यु घोषित किये जाने के बाद लाश का पंचनामा करा कर पोस्मार्टम भेजनें की कार्यवाही की जा रही है।

## भारतीय नौसेना में हर्ष पाठक का हुआ चयन



**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कस्बे के एक होनहार युवक का भारतीय नौसेना में मेडिकल असिस्टेंट पद पर चयन हुआ है। जिससे लोगों में खुशी है वहीं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

ठूठीबारी निवासी विश्वभर प्रसाद पाठक के छोटे पुत्र हर्ष पाठक अपने लगन निष्ठा से कड़ी मेहनत कर भारतीय नौसेना में मेडिकल असिस्टेंट पद पर चयनित हुए हैं। बाबा दयाशंकर पाठक ने बताया की हर्ष पाठक का। प्रारंभिक शिक्षा कक्षा पांच तक सरस्वती शिशु मंदिर ठूठीबारी, हाइस्कूल की परीक्षा निचलौल सेंट जोसफ स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा राधा कुमारी इंटर कालेज ठूठीबारी में 93त्न सर्वोच्च अंक प्राप्त कर पास कर दो साल नीट की तैयारी गोरखपुर से करते हुए मुकाम हासिल किया। हर्ष पाठक 15 नवंबर को उड़ीसा के चिल्का स्थित भारतीय नौसेना के बेस कैंप में ज्वाइन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

## गोंड समाज के लोगों से पीएम को संबोधित मांग पत्र भेजा

**महराजगंज।** अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ ने मंगलवार को सात सूत्रीय मांग पीएम नरेंद्र मोदी को संबोधित पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। साथ ही उन्होंने ने बिरसा मुंडा जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया। पीएम को प्रेषित मांग पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि समाज कल्याण अनुभाग 3 के शासनादेश के अनुपालन में शपथ पत्र के आधार पर अनुसूचित जनजाति का जाती प्रमाणपत्र जारी करने हेतु लिखित आदेश किया जाए। उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ में जनजाति आयोग का अलग से गठन किया जाय। महराजगंज में सार्वजनिक स्थल पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जाए। महराजगंज में गोंड जनजातियों को जल,जंगल,जमीन पर सम्पूर्ण अधिकार दिया जाए। जनपद में गोंड जनजातियों को पट्टा नियमावली अधिनियम के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर कृषि आवंटन ,आवास आवंटन,मत्स्य आवंटन, वृक्षा रोपण आवंटन किया जाए। जुलाई 2024 के सरलीकरण शासनादेश के अनुक्रम में मात्र शपथ पत्र के आधार पर प्रमाण पत्र निर्गत कराने हेतु आदेशित किया जाय। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई व्यवस्था, प्रक्रिया के अनुसार ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल ऑनलाइन आवेदन में गोंड, धुरिया जनजातियों का आवेदन जिस राजस्व अधिकारी, कर्मचारी नियमावली के अनुसार विधिक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया जाय। इस दौरान अखिल भारतीय आदिवासी संघ महराजगंज के जिलाध्यक्ष अंगद गोंड के अलावा तमाम संगठन के लोग मौजूद थे।

## नपा अध्यक्ष ने किया शौचालय का लोकार्पण



**महराजगंज।** नगर के प्रतिष्ठित दुर्गा मंदिर परिसर में मंगलवार को शौचालय का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ पुष्पलता मंगल ने किया। नपा अध्यक्ष पुष्पलता मंगल ने कहा कि मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को इससे काफी सुविधा होगी। आगंतुकों को इस सुविधा के लिए काफी भटकना पड़ता था। उन्होंने कहा कि नगर के सुविधा के लिए तेजी से कार्य कराया जा रहा हैं। इस दौरान अधिशासी अधिकारी आलोक सिंह, निमेष मंगल सहित मंदिर के पुजारी मुरारी जी, छोटे लाल गुप्ता, सदरे आलम सभासद, बैकुंठ यादव, प्रधान लिपिक विनोद कुमार जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शिक्षक संकुल मासिक बैठक में बच्चों की पढ़ाई को लेकर हुआ चर्चा

**महराजगंज (मिठौरा)।** शिक्षक संकुल का मासिक बैठक मंगलवार को एनपीआरसी औराटार और पूर्व मावि सिंहपुर में आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों की गुणवतापूर्ण पढ़ाई पर विस्तार से चर्चा किया गया। एआरपी आलोक कुमार सिंह ने कहां कि शासन की प्रमुख योजनाओं में एनएएस और एनएटी हम सभी को अभी से बच्चों को इसका अभ्यास कराया जाय। जिससे आकलन के दिन बच्चे अपने आप को सहज महसूस का सके। शिक्षक संकुल सतीश कुमार ने कहां कि निपुण लक्ष्य बच्चों कैस प्राप्त करे, इसके लिए 05 प्वाइन्ट टूल किट का प्रयोग करता विस्तार से बताया गया। लवकुश गौतम ने बच्चों की उपास्थिति कैसे शत-प्रतिशत हो इसपर चर्चा किया। संतोष मिश्रा मदन मोहन पटेल ने कहा संदर्शिका पर आधारित शिक्षण योजना से शिक्षण कार्य करते या ध्यान दिया जाय। इस अवसर पर मुकेश सिंह, डॉक्टर अर्जुन प्रसाद छोटेलाल, रोशन गुप्ता, मदन प्रसाद, नूरूल हक, अनिल कपूर ,आदित्य कुमार, दिनेश वर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## दो अलग अलग थाना क्षेत्रों से दो मार्फिन तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक ने जनपद में बढ़ रहे मादक पदार्थ तस्कर के खिलाफ सख्त कदम उठाने के आदेश दिये। इसी क्रम में दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 73 ग्राम अवैध मार्फिन बरामद किया है। पहली घटना थाना कुर्सी पुलिस ने तस्कर सईद पुत्र कदीर निवासी ग्राम धरसण्डा को फैक्ट्री एरिया मोड़ के पास ग्राम अरसण्डा से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 50 ग्राम नाजायज मार्फिन बरामद किया। वही थाना जहांगीराबाद पुलिस ने भी अभियुक्त रहमान पुत्र स्व शकील अहमद निवासी ग्राम कहार मोहल्ला कस्बा को सद्दीपुर रोड भयारा के पास से 23 ग्राम मार्फिन के साथ पकड़ा। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

## संघर्ष और ईश्वर की कृपा से जीता मौत का जंग नवजात बच्चा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** एक साधारण परिवार के लिए बीते कुछ महीनों का संघर्ष और तपस्या किसी चमत्कार से कम



नहीं है। गोमती नगर विकल्प खंड के निवासी सुजीत सिंह और उनकी पत्नी रेनू सिंह के जीवन में हाल ही में एक ऐसा अनुभव हुआ जिसने पूरे परिवार की जिंदगी बदल दी। एक प्रतिष्ठित हॉस्पिटल, तेलीबाग में रेनू सिंह की गर्भावस्था के दौरान जटिलताएँ आ गईं, और यह परिवार अचानक कठिन परिस्थितियों में घिर गया। गर्भावस्था के केवल दो महीने ही बीते थे जब रेनू की तबीयत बिगड़ने लगी। डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि गर्भस्थ शिशु की जान को खतरा है, और रेनू को तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती कर दिया गया। सुजीत सिंह और उनके परिवार के लिए यह पल अत्यधिक चिंता का था, लेकिन उन्होंने डॉक्टरों की सलाह मानी। रेनू को चार महीने तक हॉस्पिटल के बिस्तर पर रहना पड़ा, और इस दौरान उनकी स्थिति लगातार नाजुक बनी रही। जब गर्भावस्था का छठा महीना आया, तो डॉक्टरों ने ऑपरेशन करके शिशु को समय से पहले ही सुरक्षित जन्म दिलाया। शिशु का वजन केवल 600 ग्राम था, और उसकी जीवित रहने की संभावना नगण्य थी। डॉक्टरों ने परिवार को बताया कि शिशु की स्थिति अत्यंत गंभीर है और उसके बचने की संभावना लगभग शून्य है। यह खबर सुनते ही परिवार का दिल बैठ गया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। शिशु को तत्काल वेंटिलेटर पर रखा गया, और उसके बाद के 10 दिन हर पल संघर्ष से भरे रहे। परिवार ने देवी-देवताओं से मन्नतें मांगी और बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। और वहां का स्टाफ डॉक्टर नर्स भी ईश्वर की तरह कार्य कर रहे थे की बच्चे को हर प्रस्थित में बचाया जा सके धीरे-धीरे शिशु की हालत में सुधार होने लगा और उसे आईसीयू में रखा गया। शिशु का इलाज करीब तीन महीने तक जारी रहा। आर्थिक रूप से साधारण होने के बावजूद, सुजीत सिंह और उनका परिवार शिशु की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहे। इलाज का खर्च करीब 25 लाख रुपये के उपार पहुंच गया, लेकिन उनका संघर्ष और विश्वास कायम रहा।

## 23 नवंबर को खेला जायेगा नाइट क्रिकेट मैच

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जनपद में होने वाले बाराबंकी नाइट क्रिकेट लीग की प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि आगमी 23 नवंबर 2024 को डी सिंह बाबू स्टेडियम में बाराबंकी नाइट क्रिकेट लीग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बाराबंकी की 8 टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिसमें क्रमशः डी एम 11, मीडिया 11 बाराबंकी पुलिस 11,बालाजी क्रिकेट क्लब,इनिंग स्टार, फाइटर रहमान मैवरिक एवं डब्लू टी सी टीम प्रतिभाग करेंगी। 23 तारीख को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच डी एम 11 एवं मीडिया 11 के बीच में खेला जाएगा। इस अवसर पर बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर सी ए जावेद एवं संयुक्त सचिव अंकुर माथुर मौजूद थे।

## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रतिमा का किया अनावरण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर पंचायत उनवल स्थित नवल्स अकादमी विद्यालय प्रांगण मे नवल्स समूह के संस्थापक पूर्व अध्यक्ष हिन्दी विभाग गोरखपुर विश्वविद्यालय के आचार्य स्वर्गीय श्री डॉ सत्यनारायण त्रिपाठी जी व पूज्यनीया माता स्वर्गीय श्रीमती नवलपति त्रिपाठी जी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन उनके सुपुत्र नवल्स अकादमी के डायरेक्टर वरिष्ठ समाज सेवी वरिष्ठ नेता भाजपा डॉ संजयन त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचंल प्रदेश के राज्यपाल महामहिम शिव प्रताप शुक्ल का आगमन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा गोरखपुर के यशस्वी व लोकप्रिय क्षेत्रिय अध्यक्ष परम आदरणीय सहजानन्द राय ,भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, सहजनवां विधानसभा के लोकप्रिय विधायक प्रदीप शुक्ला, चिल्लूपार विधानसभा के विधायक राजेश त्रिपाठी, मेहदावल विधानसभा के विधायक अनिल त्रिपाठी, भाजपा क्षेत्रिय उपाध्यक्ष गोरखपुर सत्येन्द्र सिन्हा, भाजपा क्षेत्रिय मंत्री गोरखपुर जनार्दन तिवारी ज, किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के शिव सागर तिवारी जी,पूर्व विधायक सहजनवां टीज़ीज़ शुक्ला ,भाजपा गोरखपुर के जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मौर्य, हरिकेश राम त्रिपाठी, दिलीप राम त्रिपाठी राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिडिया वेलफेयर एसोसिएशन लोकतंत्र स्तंभ समाचार उत्तर प्रदेश एवं समस्त भारत एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा समर्थक मंच उत्तर प्रदेश एवं समस्त भारत एवं प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय चाणक्य परिषद अयोध्या उत्तर प्रदेश एवं समस्त भारत एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी सहित तमाम गणमान्य वरिष्ठ जन उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सफल बनाया।

## फतेहपुर पुलिस ने पाँच शातिर चोरो को किया गिरफ्तार चोरी सामान व नगदी बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** फतेहपुर पुलिस को मिली बडी कामियाबी पाँच शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का सोलर पैनल तार व बैटरी, एक अदद टीवी व क्राम्पटन मोटर, 51,500 रुपये नकद व एक अदद तमंचा मय कारतूस बरामद। जानकारी के मुताबिक फतेहपुर प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी का सामान लेकर कही जाने वाले है इसके बाद प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र उ0नि0 संदीप दुबे, नवरंग सोनकर, मनोज कुमार और हे0का0 विन्द्रेश, श्याम सिंह, अमित सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, का0 ऋषभ भदौरिया, शिवम, हरिओम ने शातिर चोर सरवर पुत्र साबिर अली, नूर हसन पुत्र सद्दीक निवासीगण ग्राम ढकौली थाना कोतवाली नगर व कलीम पुत्र रमजान, शोएब पुत्र वकील निवासीगण नई बस्ती थाना जहांगीराबाद एवं नूर मोहम्मद पुत्र वली मोहम्मद निवासी बंकी उत्तर टोला, वार्ड नं0-1 थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को नहर पटरी, दीपक रेस्टोरेण्ट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तगण का एक गिरोह है जो गांव कस्बों में घूमकर रेकी करने के पश्चात चिन्हित स्थानों पर चोरी की घटना कारित करते हैं। अभियुक्तगण द्वारा पिछले चार महीने में कई चोरियों को अंजाम दिया था। शातिर चोरो ने ग्राम धौसार स्थित ओएमसी पावर प्लाण्ट में सोलर प्लाण्ट से बैटरी व तार, गार्ड का मोबाइल, सोलर पैनल, प्लास्टिक के पाइप चोरी कर नूर मोहम्मद (कबाड़ी) उपरोक्त को बेंच दिया था।

# पूर्व सांसद पुनिया के आवास कर भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी जयंती मनाई

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व इन्दिरा गांधी विलक्षण प्रतिभा की धनी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री थी जिन्होने 1966 से 1977 और पुनः 1980 से 31 अक्टूबर 1984 को हुयी अपनी दुःखद हत्या तक देश का नेतृत्व किया उनके लिये देश और आवाम सर्वोपरि थे। लगातार दो सूखे पडने के बाद जब इन्दि ने देश की सत्ता सम्भाली तब उन्होने सूखे पर काबू पाने के लिये हरित क्रान्ति योजना चलाकर देश को खाद्यान्न के मामले मे आत्मनिर्भर बनाया। आज उनकी जयंती के अवसर पर हम कांग्रेस परिवार के साथ उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करके उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प करते है।

उक्त उद्गार पूर्व राज्यसभा सांसद डा0 पीएल पुनिया ने आज अपने




ओबरी आवास पर देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्व इन्दिरा गांधी की जयन्ती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर श्रद्धसुमन अर्पित करने के पश्चात् आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किये जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मो मोहसिन तथा संचालन नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला ने किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इन्दिरा गांधी के चित्र पर कांग्रेसजनो के साथ श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात् दिवंगत प्रधानमंत्री स्व0 श्रीमती इन्दिरा गांधी के संघर्ष एवं योगदान पर चर्चा करते हुये कहा कि इन्दिरा जी हमेशा लोकतंत्र पर विश्वास करती थी और वह चाहती थी कि अन्तिम फैसला जनता करे 1977 के जनादेश को उन्होने बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार करके अपना इस्तीफा दे दिया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्रीमती इन्दिरा गांधी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालो में मुख्यरूप से पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया, कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, प्रवक्ता सरजू शर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, राजेन्द्र गोस्वामी, रामहरख रावत, विजय पाल गौतम, अजय रावत, संजीव मिश्रा, अजीत वर्मा, सुरेश वैसवार, शेषमणि तिवारी, आनन्द रावत, बद्री यादव, गोपी कन्नौजिया सहित दर्जनो की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

# सिकंदर ने भारतरत्न इंदिरा गाँधी के जयंती पर मरीजो को बाटे फल

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती के अवसर पर युथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया साथ ही मरीजों का हालचाल जाना। मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कार्यालय पर एकत्रित होकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 107वी जयंती पर उनको श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जिला अस्पताल जाकर फल वितरण किए गए। इस अवसर पर युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिज़वी ने कहा की आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा



गांधी एक ऐसी महिला थीं जिन्होंने न केवल भारतीय राजनीति बल्कि विश्व राजनीति में भी अपना प्रभाव छोड़ा। इंदिरा गांधी ने भारत की एकता को मजबूत करने और देश की प्रगति में बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने भारत की एकता को बनाए रखने के लिए कठिन प्रयास किए। उनका निर्णायक नेतृत्व 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में दिखा, जिसके परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ। इसी कारण उन्हें लौह महिला के नाम से भी संबोधित किया जाता है। इस अवसर पर जियाउर रहमान खान दिलशाद वारसी फरहान की किदवई शुभम बाल्मीकि, शब्बर रिज़वी, अनूप बाल्मीकि, अमित गौतम, अरशद अहमद, मोहम्मद समद, अब्दुल्लाह, सोनू यादव, मोहम्मद इकराम, अब्दुलहाई, अवनीश पांडेय, अभिषेक शर्मा, तरुण चावला चंदन बाजपेई फारुख घोसी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## लूट की फर्जी सूचना देने वाले दो युवकों को पुलिस ने दबोचा

- **इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और पूछताछ में युवकों की झूठी कहानी उजागर हुई**
- **दोनों युवकों को शांति भंग और फर्जी सूचना देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया**

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिले के बृजमनगंज थाना क्षेत्र में दो युवकों द्वारा फर्जी लूट की सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने दबोच लिया।

इसकी जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया करघटनाक्रम के मुताबिक 18 नवंबर सोमवार को शाम 7 बजे अमन गुप्ता और संतोष यादव ने डायल 112 पर सूचना दी कि रास्ते में तीन-चार अज्ञात व्यक्तियों ने उनके साथ मारपीट कर 92,000 रुपये छीन लिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच में खुलासा हुआ कि दोनों युवकों ने आपसी लड़ाई-झगड़े को लूट का रूप देकर फर्जी कहानी गढ़ी थी। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और कड़ी पूछताछ से पता चला कि संतोष यादव ने 92,000 रुपये अपने दोस्त अमन गुप्ता के घर पर छिपा रखे थे, जिन्हें वह अपने व्यक्तिगत ऐश-ओ-आराम के लिए खर्च करना चाहता था। जब पुलिस ने दबाव बनाया, तो संतोष यादव ने पैसे वापस कर दिए। इस मामले में पुलिस ने झूठी सूचना देकर गुमराह करने और शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। महाराजगंज पुलिस की सतर्कता और सख्ती से फर्जी घटना का पर्दाफाश हुआ, जिससे यह संदेश गया कि कानून का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। जाँचकर्ता टीम में थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह, शावन्त कुमार, संजीव कुमार चन्द्रशेखर अखिलेश यादव द्वितीय सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## वाहन की चपेट में बुजुर्ग की मौत



**महराजगंज (सिसवा)।** थाना कोठीभार के ग्राम मंझरिया निवासी सुखारी भारती एक हफ्ते पूर्व टेंपू वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए थे। बीते मंगलवार को गोरखपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। 13 नवंबर को मटियरिया पुल के पास दिन में तेज गति से आ रही टेंपू ने वृद्ध को ठोकर मार दी, इस घटना में बुरी तरह घायल हो गए थे, जिनको इलाज के लिए महराजगंज ले जाया गया और वहां से गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर किया गया था।मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि उक्त मामले की जानकारी है, विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दिव्यांग बच्चों का तहसील स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन

## दिव्यांग बच्चों में भी तमाम प्रतिभाएं हैं जिन्हें निखारने की आवश्यकता है: राजेश कुमार

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र के परिसर में समग्र शिक्षा (समेकित शिक्षा) के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों का तहसील स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी आज शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़कर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। दिव्यांग बच्चों में भी तमाम प्रतिभाएं हैं। जिन्हें निखारने की आवश्यकता है। सभी शिक्षक ऐसे बच्चों पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्रम की विद्वत शुरुआत सरस्वती वंदना से छात्र दिव्यांशी, प्रिया, सोनी, सायबा, नसरीन, नीलू, अवंतिका ने किया। इसके बाद पीएम श्री विद्यालय डुमरियागंज की दिव्यांग छात्रा चंदा सोनी ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में दौड़, जलेबी प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सोनी, मंजू, साजिदा व दिव्यांशी, चांदनी, काजल ने क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालक वर्ग दौड़ में शिवराज प्रथम, इब्राहिम द्वितीय, निलेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक उच्च आयु वर्ग के दौड़ में विनय प्रथम, मुकेश द्वितीय व आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार जलेबी प्रतियोगिता में प्रेम पासवान को प्रथम, अभय को द्वितीय, विनय को तृतीय स्थान मिला। बालिका वर्ग में जलेबी प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम, सुगना द्वितीय, चांदनी को तृतीय स्थान मिला। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में मनु प्रथम, सोनी को द्वितीय व शालू को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम के अंत में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 55 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजयी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष शिक्षक गणेश गौड़, अंजनी कुमार सिंह, राम कुमार चौधरी, अंशिका श्रीवास्तव, गंगाराम, महेंद्र कुमार मौर्य, सर्वेश उपाध्यक्ष, रितेश ,शिवम शुक्ला का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर शिक्षक नसीम अहमद, धर्मराज दुबे, राम विलास यादव, आशा गुप्ता वार्डेन कस्तूरबा, अगेय कुमार गौतम, अकमल फारुकी, अलीम फारुकी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# बच्चों हेतु साइबर सुरक्षा जागरूकता हेतु कार्यशाला सम्पन्न

- बाल दुर्व्यवहार और साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता के साथ सहयोगात्मक कार्रवाई को बढ़ावा देने हेतु हुई कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मानव सेवा संस्थान सेवा और क्रॉस बॉर्डर एंटी ट्रैफिकिंग नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में ''बाल दुर्व्यवहार की रोकथाम के लिए विश्व बाल शोषण रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला ब्लाक सभागार नौगढ़ में सम्पन्न हुआ।

कार्यशाला के संदर्भ में विस्तृत प्रस्तावना रखते हुए संस्थान के समन्वयक जय प्रकाश गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में दुनियॉ के अंदर बढ़ती बच्चों के प्रति हिंसा की घटनाएं चिन्ता का विषय है, इनके खिलाफ बच्चों को लक्षित करने वाले बाल दुर्व्यवहार और साइबर अपराधों के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाना और सहयोगात्मक कार्रवाई को बढ़ावा देने के उदेश्य से देना नितांत आवश्यक है। जिसके लिए संस्थान के तरफ से सार्क देशों के साथ भारत के 6 राज्यों के 26 जिलों में विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सीबीएटीएन समूह के साथ जुड़े संस्थानों के सहयोग से किया जा रहा है। जिससे की सीमा पार जिलों में महिलाओं और बच्चों के लिए हिंसा मुक्त वातावरण स्थापित किया जा सके।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहॉ कि बाल दुर्व्यवहार की रोकथाम के लिए विश्व बाल शोषण रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को लक्षित करने वाले बाल दुर्व्यवहार और साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और सहयोगात्मक कार्रवाई को बढ़ावा देना है। इस दौरान सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने अपना विचार रखते हुए कहॉ कि बच्चों के साईबर अपराध से बचाने के लिए सभी को जागरूक एवं सतर्क रहना चाहिए। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को उनके अधिकारों को दिलाने के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए, जागरूकता के लिए समुदाय के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आना होगा।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए साइबर क्राइम थाना के मुख्य आरक्षी दिलीप द्विवेदी ने लोगों के बीच चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान समय में बाल पोर्नोग्राफी के मामले सामने आ रहे है। जिसमें बच्चों के अश्लील वीडियो बनाए जाने और टेलीग्राम ऐप और अन्य के माध्यम से बेचे जा रहे है। एएचटीयू के उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने मानव तस्करी से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चिल्ड्रन एजुकेशन गार्डेन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल पवन कुमार जायसवाल ने गुड टच, बैड टच के बारे में जागरूक किया। कार्यशाला को चिकित्साधिकारी डॉ. एफ एस तमन्ना, विद्या एकेडमी के प्रिंसिपल ब्रजेश पाण्डेय, लाइब्रेरियन एवं समाज सेवी धीरज गुप्ता, समाजसेवी राणा प्रताप सिंह, इ. अमन शर्मा, ने बच्चों हेतु साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जाकारी दी। मानव सेवा संस्थान सेवा एवं क्रॉस बॉर्डर एंटी ट्रैफिकिंग नेटवर्क के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य रूप से मानव सेवा संस्थान सेवा के संदीप कुमार मद्धेशिया, आनन्द, एडीओ आइएसबी राम बहादुर चौधरी, बीएमएम रजनीश तिवारी, सुशीला, साइबर क्राइम के आरक्षी विशाल तिवारी, एएचटीयू के आशुतोष सिंह, समाजसेवी सिद्धार्थ गौतम, एडवोकेट भूपनारायण सिंह, सेक्रेटरी गायत्री देवी, कलीमुज्जफर, अभिनव ओझा, ग्राम प्रधान इ. प्रदीप चौधरी, महेंद्र यादव, दूधनाथ यादव, मुनिराम, अमजद अली, वजहुल कमर, प्रधान प्रतिनिधि अरविंद पांडेय, सुनील कुमार, विमलकान्त, प्रमोद कुमार, विक्रम सिंह, अमन शर्मा, प्रदीप निषाद, निर्मला, प्रीती, सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ, प्रदीप आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## विधायक विनय वर्मा ने पत्नी संग क्षेत्र के लोगों को दीपावली का उपहार देकर किया सम्मानित



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा बीते दिनों अपने आवास कैम्प कार्यालय आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के वार्ड नं0- 3 संत रविदास नगर, टीचर कालोनी गड़ाकुल में दीपावली उपहार शोहरतगढ़ विधानसभा के बसहिया व गनेशपुर क्षेत्र की सम्मानित मां-बहनों को विधायक विनय वर्मा व उनकी धर्मपत्नी बबिता वर्मा ने उपहार देकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विधायक विधायक विनय वर्मा ने कहा कि दीपावली पर्व पर बीमार होने के कारण सम्मानित मां बहनों को उपहार नहीं दे पाया था। इसलिए आज सभी लोगों को उपहार देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहा हूं।

## प्रतिदिन 10 किसानों का रजिस्ट्रेशन करे : डीएम

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** धान खरीद वर्ष 2024-25 के संबध में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 समीक्षा के दौरान कम खरीद करने वाले क्रय केन्द्रों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि प्रतिदिन 10 किसानों का रजिस्ट्रेशन करे। इसके साथ ही उन्हें फोन कर के केन्द्र पर धान लाने हेतु प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक केन्द्र प्रभारियों को प्रतिदिन प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष चारीददारी करने का निर्देश दिया। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिए। यदि लापरवाही हुई तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। किसानो को 48 घन्टे में भुगतान कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की शासकीय क्षति नही होना चाहिए।

## नगरवासियों मे रोष

**टांडा (अम्बेडकरनगर)।** टांडा नगर में जलनिगम द्वारा डाली गयी पाइप से लोगो को सुविधा मिलने के बजाय कठिनाईयां झेलनी पड़ रही है नैपुरा वार्ड नंबर चार मोहल्ले में जलनिगम द्वारा पाइपलाइन डालने के बाद उस पर मिट्टी से बंद भी नही किया गया है जिससे पाइपलाइन के गड्ढे में पानी भर गया है पानी भरने से आने जाने का रास्ता बंद हो गया है जिससे लोगो की आबादी बुरी प्रभावित है जानकारी के बजाय सभी घृतराष्ट्र बने हुए। जलनिगम और उसके ठेकेदार की हरकतो को बयां करते हुए लोगो ने बताया कि जलनिगम ने गड्ढा खोदकर पाइपलाइन तो डाल दी लेकिन गड्ढे को बंद नही किया। जिससे मोहल्ले की आबाद बेहद परेशान है गड्ढे मे पानी भर जाने से आवागमन बंद हो गया है मोहल्ले के अब्दुल रहमान,तौहीद अहमद,फिरोज अहमद,वहीद अहमद,मोहम्मद फैसल, असगरी ने जलनिगम के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है वही नेहरूनगर मोहल्ले की हालत भी खराब है यहां जलनिगम द्वारा डाली गयी पाइप लीकेज हो गयी है बताया जाता है घटिया पाइपलाइन डालने के कारण चंद दिनो में पाइपलाइन क्रेक हो गयी जिससे लीकेज होने लगा है।

## मत्स्य विकास फाउंडेशन के गठन के संबंध में बैठक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेंद्र कुमार की उपस्थिति में मत्स्य विकास फाउंडेशन के गठन के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर ने उपस्थित मछली पालन को मत्स्य विकास फाउंडेशन में लाइफटाइम सदस्यता शुल्क 5000 एवं सामान्य सदस्य एक साल के लिए 200 जमा करके ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को जुड़ने की अपील की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि मत्स्य विकास फाउंडेशन के गठन से जनपद के मछली पालकों को मछली का उचित मूल्य प्राप्त होगा तथा अन्य कई मछली मंडियो में बिक्री के लिए विकल्प भी मिलेगा। मछली मंडी जिला प्रशासन द्वारा मुहैया कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कई किसान एक साथ मिलकर फिश फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी बनाकर भी मछली पालन कर सकते हैं तथा उसकी मछली मंडी में बिक्री कर अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देश दिया कि संबंधित उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करके बढ़नी में ऑफिस के लिए जमीन चिन्हित कराए। जिलाधिकारी ने खेसरा ब्लॉक के पचमोहनी में राजकीय मत्स्य प्रक्षेत्र को सक्रिय करने हेतु सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देश दिया जिससे जनपद के मछली पालकों को अपने जनपद में ही फिश सीड प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने सहायक निदेशक मत्स्य को 15 दिन के अंदर मत्स्य विकास फाउंडेशन के गठन के संबंध में समस्त तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस बैठक में सहायक निदेशक मत्स्य नंद किशोर, लीड बैंक अधिकारी आर के सिन्हा तथा मछली पालक उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय अखंडता दिवस राष्ट्रीय एकता शपथ कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह के आदेशानुसार मिशन शक्ति फेज -05 के अंतर्गत राष्ट्रीय अखंडता दिवस राष्ट्रीय एकता शपथ कार्यक्रम रामविलास इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड मेडिकल साइंसेज सोनखर बांसी सिद्धार्थनगर मे मुख्य अतिथि डॉक्टर विमल द्विवेदी के अध्यक्षता में 19 नवम्बर 2024 को संपन्न हुई।

इस अवसर डॉक्टर विमल द्विवेदी ने राष्ट्रीय अखंडता दिवस राष्ट्रीय एकता शपथ से से संबंधित जानकारी देने के साथ उपस्थित बालिकाओं को शपथ दिलाया एवं अपने द्वारा लिखी गई कविताओं का संबोधन किया। महिला कल्याण विभाग के तरफ से विधि सह परिवीक्षा अधिकारी श्री अजीत कुमार ने बताया की भारत विविधता में एकता का देश है। इस भूमि पर अलग-अलग भाषा, धर्म, संस्कृतियों और परंपराओं के लोग रहते हैं। ऐसे बहुभाषीय और बहुधार्मिक समाज को एकता के सूत्र में पिरोना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, और इस कार्य को संजोने के लिए भारत में एकता दिवस मनाया जाता है साथ ही महिला कल्याण विभाग से संबंधित सभी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना, वाल विवाह योजना, बाल श्रम, की रोकथाम, वन स्टॉप सेंटर, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, तथा चाइल्ड लाइन 1098, एवं महिला हेल्प लाइन नम्बर 181 घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी दिए, क़ौमी एकता से सिद्धार्थ शंकर पाण्डेय ने एकता से संबंधित जानकारी दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जूही शुक्ला, रोमा पाण्डेय ,डॉ एम पी गोस्वामी, ऋचा आर्या अर्पिता उपाध्याय, ज्योति जायसवाल, रीता पाल, लक्ष्मी उपाध्याय एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# उलमाओं की नियुक्ति में रुकावटों को तुरंत दूर करे सरकार : मौलाना मशहूद

- मदरसों की प्रगति और उलमाओं की नियुक्ति के मुद्दे पर मौलाना मशहूद खां नेपाली की सरकारी कार्रवाई पर गहरी चिंता

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** नेपाल मदरसों को बेहतर बनाने और उलमाओं की नियुक्ति के महत्वपूर्ण मुद्दे पर समाजिक विकास मंत्रालय के सचिव भूपेंद्र थापा जी ने राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल के महासचिव मौलाना मशहूद खां नेपाली से उनकी आवास कृष्णनगर में विशेष मुलाकात की। इस मुलाकात में मदरसा व्यवस्था को आधुनिक दृष्टिकोण से स्थापित करने और उलमाओं की नियुक्ति से जुड़े जारी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

**उलमाओं की नियुक्तिः मदरसा का मूल स्तंभ**–मौलाना मशहूद खां नेपाली ने उलमाओं की नियुक्ति को मदरसा व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण और मूल पहलू बताते हुए कहा, उलमाओं की नियुक्ति एक संवेदनशील और पवित्र जिम्मेदारी है, जो किसी भी सामाजिक और शैक्षिक प्रणाली की सफलता के लिए आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब वह लुम्बिनी मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे, तो उन्होंने उलमाओं की नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एक नीति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके नेतृत्व में यह प्रक्रिया काफी हद तक पूरी होने के करीब भी थी, लेकिन अब सरकार की तरफ से इस प्रक्रिया को पीछे धकेलने की स्थिति पर उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की।

**सरकारी चुप्पी पर मौलाना मशहूद खां नेपाली की तीव्र प्रतिक्रिया**– मौलाना मशहूद खां नेपाली ने आगे कहा, सरकार का उलमाओं की नियुक्ति की प्रक्रिया को रोकना न केवल मदरसे बल्कि पूरे समाज के लिए हानिकारक है। यदि उलमाओं को उचित स्थान और अवसर नहीं दिया जाएगा तो मदरसे अपनी असली जिम्मेदारी नहीं निभा सकेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह इस रुकावट को तुरंत समाप्त करे और मदरसों की प्रगति के लिए ठोस कदम उठाए।

**भूपेंद्र थापा जी का सहयोग और मजबूत संकल्प**– सचिव भूपेंद्र थापा जी ने मौलाना मशहूद खां नेपाली की बातों को ध्यान से सुना और उनकी संघर्ष को पूरी तरह से समर्थन दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि समाजिक विकास मंत्रालय इस मुद्दे को हल करने के लिए सक्रिय रूप से काम करेगा। भूपेंद्र थापा जी ने कहा, उलमाओं की नियुक्ति की प्रक्रिया न केवल मदरसों के मानक को सुधारने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह समाज में उनके भूमिका को भी मजबूत करती है। हम इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। **मदरसा सुधार पर जोर**– मौलाना मशहूद खां नेपाली ने इस मौके पर मदरसों के लिए आधुनिक शिक्षा और संसाधनों की उपलब्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷ये मदरसे केवल धार्मिक शिक्षा के केंद्र नहीं हैं, बल्कि शांति, भाईचारे और सामाजिक विकास के महत्वपूर्ण प्लेटफार्म भी हैं। इन मदरसों को और मजबूत करने और इन्हें नए दौर की जरूरतों के अनुरूप ढालने की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह मदरसों के विकास के लिए गंभीर कदम उठाए ताकि वे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी बेहतर तरीके से पूरा कर सकें।

**पूर्व प्रयासों का महत्व और वर्तमान स्थिति**– विशेषज्ञों के अनुसार, मौलाना मशहूद खां नेपाली के नेतृत्व में उलमाओं की नियुक्ति का मुद्दा एक स्पष्ट दिशा में आगे बढ़ रहा था और एक मजबूत नीति की नींव रखी गई थी। हालांकि, हाल के दिनों में सरकार के पीछे हटने के कारण यह प्रक्रिया ठप हो गई है। मौलाना मशहूद खां नेपाली ने इस रुकावट को तुरंत समाप्त करने और सरकार को अपने वादों की याद दिलाने के लिए अपनी कोशिशें जारी रखने के संकल्प का इज़हार किया है।

**उलमाओं की नियुक्ति के बिना मदरसों का भविष्य खतरे में**– मौलाना मशहूद ख़ान नेपाली ने कहा, मदरसों में उलमाओं की नियुक्ति एक मील का पत्थर है और इसके बिना मदरसों की प्रगति और सुधार का सपना अधूरा रह जाएगा। उन्होंने कहा कि उलमाओं की प्रशिक्षण और नियुक्ति की प्रक्रिया में रुकावटें न केवल मदरसों बल्कि पूरे समाज के लिए हानिकारक साबित हो सकती हैं। यह मुलाकात मदरसा व्यवस्था को बेहतर बनाने और उलमाओं की नियुक्ति की प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। मौलाना मशहूद खां नेपाली की नेतृत्व और उनका संकल्प मदरसों की प्रगति के लिए एक नई उम्मीद की किरण साबित हो रहा है। उनका यह संकल्प कि मदरसों के मुद्दों को सरकारी स्तर पर हल किया जाएगा, निश्चित रूप से मदरसों के भविष्य की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उनकी आवाज ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि मदरसों के सुधारात्मक प्रक्रिया के लिए सरकारी सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय के परिसर में हुआ भव्य करियर काउंसलिंग फेयर का आयोजन





अवधनामा संवाददाता

- पहले आप अपने आप को पहचानिए कि क्या करना चाहते है अपने लक्ष्य को करें प्राप्त : मण्डायुक्त
- लक्ष्य प्राप्त करने में करियर काउंसलिंग फेयर सहायक सिद्ध होगा : पुलिस महानिरीक्षक

**सिद्धार्थनगर।** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, सिद्धार्थनगर के परिसर में करियर काउंसलिंग फेयर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मण्डायुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती श्री अखिलेश सिंह, विशिष्ट अतिथि पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री आर0के0 भारद्वाज, कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु डा0 कविता शाह, जिलाधिकारी डा0 राजागणति आर0, मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर एवं मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, सिद्धार्थनगर के छात्राओ द्वारा सरस्वती बन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि मण्डायुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती श्री अखिलेश सिंह, विशिष्ट अतिथि पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री आर0के0 भारद्वाज को गमला देकर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार द्वारा कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु डा0 कविता शाह, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 को गमला देकर स्वागत किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान द्वारा गौरव त्रिपाठी, आई.पी.एस., डा0 अरूण त्रिपाठी निदेशक एल. वन.कोचिंग वाराणसी, एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र को गमला देकर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य केन्द्रीय विद्यालय नीरज कुमार शुक्ला द्वारा शंशाक शर्मा निदेशक नेक्सट आई.ए.ए., को गमला भेट किया गया। प्रबन्धक ग्रामोद्योग दीपक मिश्रा द्वारा अभिषेक मिश्रा, दृष्टि आई.ए.एस. दिल्ली को गमला भेट कर स्वागत किया गया। करियर काउंसलिंग फेयर के अवसर पर मुख्य अतिथि मण्डायुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती श्री अखिलेश सिंह ने कहा कि हम लोगो के समय में जानकारी नही होती थी कि क्या करना है। आज बहुत प्रकार के आप्सन है। आप लोग मेडिकल, इंजीनियर बन सकते है। यह गौतम बुद्ध की धरती है। पहले आप अपने आप को पहचानिए कि क्या करना चाहते है अपने लक्ष्य को प्राप्त करे। मण्डायुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती श्री अखिलेश सिंह ने उपस्थित बच्चों से कहा कि उम्मीद है कि आप लोग करियर काउंसलिंग फेयर के आयोजन का लाभ उठाएं और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर आगे बढ़ें। विशिष्ट अतिथि पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री आर0के0 भारद्वाज ने कहा कि भगवान बुद्ध की धरती पर हो रहे करियर काउंसलिंग फेयर के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहली बार इस प्रकार का आयोजन हो रहा है। इसके माध्यम से आप लोग जानकारी प्राप्त कर अपने लक्ष्य के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है। तथा अपना लक्ष्य प्राप्त करने में करियर काउंसलिंग फेयर सहायक सिद्ध होगा। करियर काउंसलिंग फेयर के प्रथम सत्र मोटिवेशनल स्पीच सत्र में कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु डा0 कविता शाह ने कहा कि करियर काउंसलिंग फेयर से हमे रास्ता मिलता है कि क्या करना है जो हम 35 वर्ष में पाते थे सही मार्गदर्शन मिलनपे पर उसे कम समय में प्राप्त कर सकते है। हमे सही करियर पाने के लिए बेहतर कार्य करना होगा। हमे जो भी प्राप्त करना है उसके लिए लक्ष्य पूर्व से निर्धारित होना चाहिए। अपना प्लान तैयार कर, लक्ष्य बनाकर तैयारी करे। आप मेहनत करे अच्छी जॉब पा सकते है। चाहे आप मेडिकल, इंजीनियर, प्रशासनिक सेवा, शिक्षक, विजनेसमैन आदि के क्षेत्र में जा सकते है। हमारा करियर कैसे बनता है यह हमारे हाथ में है। हमें एकाग्रचित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। करियर काउंसलिंग फेयर के द्वितीय सत्र सिविल सर्विसेज सेशन/लॉ में श्री गौर त्रिपाठी, आई.पी.एस., श्री अभिषेक कुमार मिश्रा, दृष्टि आई.ए.एस., दिल्ली, श्री मनोज कुमार तिवारी, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, सिद्धार्थनगर द्वारा उपस्थित बच्चों को करियर काउंसलिंग फेयर एवं अपना करियर कैसे बनाये आदि के बारे में जानकारी दी गयी। करियर काउंसलिंग फेयर के तृतीय सत्र इंजीनियरिंग एवं प्रबन्धन सत्र (जे.ई.ई., डिप्लोमा, एम.बी.ए., बी.बी.ए., बी.सी.ए., एम.सी.ए. आदि) में श्री अरविन्द त्रिपाठी, निदेशक मोमेन्टम कोचिंग, डा एनके सिंह, निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड मैनेजमेंट, गीडा गोरखपुर, डा आर एल श्रीवास्तव, पीएच.डी., प्रोफेसर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड मैनेजमेंट, गीडा गोरखपुर, श्री विकास अग्रवाल, मोमेन्टम कोचिंग द्वारा उपस्थित बच्चों को करियर काउंसलिंग फेयर एवं अपना करियर कैसे बनाये आदि के बारे में जानकारी दी गयी।

# क्यों जल रहा मणिपुर?

मणिपुर बीते 565 दिनों से सुलग और जल रहा है। अब हिंसा और विद्रोह थम नहीं पा रहे हैं। गुस्सा और आक्रोश इस पराकाष्ठा तक पहुंच चुके हैं कि पहली बार मंत्रियों और विधायकों के आवास बड़े स्तर पर निशाने पर हैं। रविवार को एक भाजपा विधायक का घर फूंक दिया गया। भाजपा-कांग्रेस के दफ्तरों में तोड़-फोड़ की जा रही है। तीन मंत्रियों सहित 9 विधायकों के घरों पर हमले किए जा चुके हैं। बीते शनिवार को गुस्साई भीड़ ने एनपीपी विधायक रामेश्वर सिंह को घर से निकाल कर खूब पीटा। त्वरित प्रतिक्रिया में एनपीपी ने बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया। पार्टी के 7 विधायक हैं। समर्थन वापसी का पत्र भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी भेज दिया गया है। तीन निर्दलीय विधायकों ने भी सरकार से समर्थन खींच लिया है। कुकी समुदाय के 7 विधायक मई, 2023 से ही राज्य की भाजपा सरकार से अलग हैं। कुल 17 विधायकों के समर्थन वापस लेने के बावजूद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की सरकार अल्पमत में नहीं है, क्योंकि 60 के सदन में सरकार को कुल 52 विधायकों का समर्थन हासिल था। बुनियादी मुद्दा बहुमत या अल्पमत का नहीं है। अलबत्ता मणिपुर के हालात ने सरकार के भीतर ही विद्रोह सुलगा दिया है। बताया जाता है कि स्पीकर सहित 14 भाजपा और 5 अन्य विधायकों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिख कर मुख्यमंत्री बदलने की मांग की है। यदि प्रधानमंत्री ने यथासमय निर्णय नहीं लिया, तो सदन में 'विश्वास मत' की नौबत आ सकती है। यदि भाजपा के विद्रोही विधायक अपनी मांग पर अड़े रहे, तो सरकार अल्पमत में आ सकती है। बहरहाल सवाल यह है कि क्या मोदी सरकार मणिपुर को शांत, स्थिर करने की पक्षधर नहीं है अथवा वह विस्फोटक हालात को नियंत्रित करने में अक्षम, नाकाम है? ताजा घटनाक्रम जलने लगा, तो गृहमंत्री अमित शाह ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के संग बैठकें कीं। कुछ विद्रोही विधायकों से फोन पर बातचीत भी की गई। अंततः सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को मणिपुर भेजा गया है।

सेना और असम राइफल्स के हजारों जवान तैनात हैं और हालात से जूझ रहे हैं। मणिपुर में 'अफस्पा' लागू है, हालांकि मणिपुर अखंडता की समन्वय समिति इसे हटाने का बार-बार आग्रह कर रही है। हालात ऐसे हैं कि महिलाओं और बच्चों की भी हत्याएं की गई हैं, क्योंकि उनके शव मिले हैं। उसके बाद ही ताजा तनाव फैला है और हिंसा बढ़ी है। इंफाल घाटी में कर्फ्यू लगा है। इंटरनेट और मोबाइल डाटा सेवाएं फिलहाल निलंबित हैं। मुद्दा मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय तनाव का है। यह कैसा मसला है, जिसे भारत सरकार सुलझा नहीं पा रही है? संसद के भीतर और बाहर लगातार सवाल किए जाते रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी एक बार भी मणिपुर क्यों नहीं गए? क्या वह भारत गणराज्य का हिस्सा नहीं है? डबल इंजन की सरकार है, लेकिन न तो मणिपुर 'एक' है और न ही वहां की जनता 'सेफ' है! मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के खिलाफ मुद्दत से असंतोष और विद्रोह देखा जा रहा है, फिर भी उन्हें बरकरार रखने का मोह क्या है? वैसे यह राजनीतिक मसला भी नहीं है। दोनों समुदाय 'जनजातीय दर्जा' हासिल करने को संघर्ष कर रहे हैं। क्या प्रधानमंत्री यह समस्या भी सुलझा नहीं सकते? ये हालात मणिपुर में उग्रवाद की नई लहर पैदा कर सकते हैं। मोदी सरकार आतंकवाद या उग्रवाद अथवा नक्सलवाद को कुचलने के दावे करती रही है, लेकिन मुख्यमंत्री बीरेन सिंह का आवास भी घेरा जाए या हमले की नौबत आ जाए और सुरक्षा बढ़ानी पड़े, तो क्या उन्हें सामान्य हालात कहेंगे? मैतेई समुदाय का आरोप है कि उग्रवादियों ने अपहरण कर उसके लोगों की हत्या की है, जिनके शव मिलने के बाद हालात उग्र हुए थे। बहरहाल मणिपुर में विधायकों के घरों पर हमला करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## कृषि प्रधान देश में आखिर क्यों परेशान हैं किसान



सूर्य नारायन विश्वकर्मा

भारत एक कृषि प्रधान देश है जहां देश की लगभग 60 फीसदी आबादी आज भी कृषि पर निर्भर है। यह देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है लेकिन दुर्भाग्यवश आज वही किसान जो हमारे देश का अन्नदाता है कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं। खाद्यान्न उत्पादन के बावजूद किसानों को आज भी आर्थिक संकट और कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है यह स्थित एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा करती है ? किसानों की सबसे बड़ी समस्या है खाद और बीज की किल्लत, सरकार की ओर से सब्सिडी के तहत खाद बीज उपलब्ध करायें जाने का वादा किया जाता है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है, सरकार द्वारा किसानों को डीएपी खाद डेढ़ बीघे एक बोरी देने की तय की गई है जबकि एक बीघे में अच्छी फसल के लिए एक बोरी डीएपी खाद खेत डालने की आवश्यकता पड़ती है आखिर ऐसा क्यों? और वह भी समय पर खाद व बीज उपलब्ध करायें जाने का वादा किया जाता है लेकिन समय पर पर्याप्त खाद व बीज न मिल पाने से किसानों की फसल चक्र गड़बड़ा जाता है।

इसके अलावा खाद की कालाबाजारी और घटिया गुणवत्ता वाले बीज किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है सरकार द्वारा जारी की गई योजनाओं का लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पाता है क्योंकि इसमें भ्रष्टाचार और बिचौलियों की बड़ी भूमिका रहती है। किसानों की अपनी फसल आवारा पशुओं से बचने के लिए सर्दी गर्मी के मौसम में रात-रात भर अपने खेतों में रहकर रखवाली करनी पड़ती है तब जाकर किसी प्रकार से किसान अपनी फसल पैदा कर पाते हैं। किसान फसल पैदावार की बिक्री के दौरान भी किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है मंडियों में बिचौलियों का कब्जा होने से किसानों की फसल लदी ट्राली के नीचे 10-10 दिन रात गुजारने को मजबूर होने पड़ते हैं। इतना मशक्कत के बाद भी मंडियों में किसानों की फसल का सही मूल्य नहीं मिलता है और व्यवस्था का सही तरीके से न लागू होना एक बहुत बड़ी समस्या है। कई बार किसान अपनी फसल को औने पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है जिससे उनकी लागत भी नहीं निकल पाती है। बिचौलियों की वजह से किसान अपने उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है किसानों के लिए सरकार द्वारा संचालित कृषि मंडियां किसानों के हित में बनाई गई है। लेकिन उन पर बिचौलियों का कब्जा बना रहता है यह बिचौलिया किसानों से सस्ता दामों में फसल खरीद कर उसे महंगे दामों में बाजार में बेचते हैं। जिससे किसानों को नुकसान और मुनाफाखोरी करने वाले को फायदा होता है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं जैसे सूखा, बाढ़ ,आलावृष्टि आदि भी किसानों के लिए एक बड़ी समस्या है जलवायु परिवर्तन के चलते फसलें प्रभावित होती हैं जिससे पैदावार पर बुरा असर पड़ता है किसानों के पास इन आपदाओं से निपटने के लिए संसाधनों की कमी है और सरकार की ओर से मिलने वाली राहत लेने के लिए किसानों को नाकों चने चबाने पड़ते हैं। किसानों की समस्याओं का समाधान तभी संभव है सरकार जमीनी स्तर पर बदलाव लाए सरकार को चाहिए कि वह योजनाओं को सही तरीके से लागू करके सख्त कदम उठाए खाद और बीज की आपूर्ति की कड़ी निगरानी की जाय और बिचौलियों के प्रभाव कम करने के लिए सीधी खरीदारी की व्यवस्था की जाय। इसके साथ किसानों को उनकी पैदावार का उचित मूल्य दिलाने के लिए मंडियों में उचित व्यवस्था करने की आवश्यकता है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है और अगर किसान ही परेशान रहेंगे तो इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था और खाद्यान्न सुरक्षा पर पड़ेगा। किसानों की समस्याओं का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से नहीं हो सकता है बल्कि इसके लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है ताकि किसान खुशहाल हो और देश की कृषि व्यवस्था मजबूत हो सके। इसलिए सरकार को किसानों की समस्याओं का हल निकालना होगा यह सुनिश्चित करना होगा की कृषि प्रधान देश में किसान खुशहाल और समृद्ध बन सके।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**भारत मादक पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी संबंधी गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, जो लाखों लोगों, विशेषकर युवाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा को प्रभावित करता है। वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत में 2020 में ज़ब्त की गई अफीम की चौथी सबसे बड़ी मात्रा 5.2 टन है और उसी वर्ष ज़ब्त की गई मॉर्फिन की तीसरी सबसे बड़ी मात्रा 0.7 टन थी। ड्रग्स एंड क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अनुसार, भारत ने 2019 में विश्व भर में 7 फीसदी अफीम तथा 2 फीसदी हेरोइन को ज़ब्त की।**

# ड्रग तस्करों के नेटवर्क को तोड़ना होगा



डॉ. ओपी त्रिपाठी

बीती 25 अगस्त को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दौरे पर थे। इस दौरान गृह मंत्री ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब ड्रग ट्रैफिकिंग का ट्रेंड बदल रहा। स्मगलर नेचुरल ड्रग से सिंथेटिक ड्रग की ओर बढ़ रहे हैं। यह ड्रग्स कम मात्रा में आती है और इसकी कीमत सबसे ज्यादा होती है। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है, जब देश की आजादी का 100 वां वर्ष मनाया जाएगा। धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ आबादी का संकल्प बन गया है। मेरा मानना है कि नशा मुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है। जिस तरह से नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ रही है, उसे देखते हुए देश में फैल रहे ड्रग नेटवर्क का अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है। दिल्ली में दो हजार करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थों की बरामदगी वाकई चौंकाने वाली है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 560 किलोग्राम से ज्यादा कोकीन जब्त की है। इस तस्करी से अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर गिरोह जुड़ा हुआ है। पुलिस ने इस गिरोह के 4 लोगों को गिरफ्तार करने में भी कामयाबी हासिल की है।

देश की राजधानी में इतनी बड़ी खेप का पकड़ा जाना चौंकाने से अधिक चिंता की बात है। दिल्ली ही नहीं, देश के अलग-अलग हिस्सों में हर साल हजारों करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए जाते हैं। इसके बावजूद बड़ी मात्रा में इन पदार्थों की खपत होती है और युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है। पाकिस्तान के रास्ते होने वाली इस तस्करी के जरिए समाजकंटक खूब पैसा कमा रहे हैं। इसमें ऊपर से लेकर नीचे तक मिलीभगत का खेल भी चल रहा है। अहम सवाल यह है कि सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद नशे का यह जाल दिन दूनी, रात चौगुनी प्रगति कैसे कर रहा है? क्या पुलिस और सरकारी एजेंसियों की मिलीभगत भी है? एक दशक पहले तक पंजाब को नशीले पदार्थों का केंद्र माना जाता था। वर्तमान में लगभग पूरा देश इसकी गिरफ्त में नजर आ रहा है। तमाम सरकारी प्रयास नाकाफी नजर आ रहे हैं। क्या नशीले पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क इतना मजबूत है कि सरकार उसके सामने कमजोर नजर आ रही है? या फिर हमारे कानून में कमी है जिससे अपराधियों को सजा ही नहीं मिल पाती? कई देशों में नशीले पदार्थों को लेकर सरकारें कड़े कानून बना रही हैं। भारत मादक पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी संबंधी गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, जो लाखों लोगों, विशेषकर युवाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा को प्रभावित करता है। वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत में 2020 में ज़ब्त की गई अफीम की चौथी सबसे बड़ी मात्रा 5.2 टन है और उसी वर्ष ज़ब्त की गई मॉर्फिन की तीसरी सबसे बड़ी मात्रा 0.7 टन थी। ड्रग्स एंड क्राइम



पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अनुसार, भारत ने 2019 में विश्व भर में 7 फीसदी अफीम तथा 2 फीसदी हेरोइन को ज़ब्त की।

भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों- गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्यांमार) के बीच स्थित है, जो इसे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के लिये संवेदनशील बनाता है। भारत में व्यापक रूप से उत्पादित और उपयोग किये जाने वाले दो ड्रग्स अफीम और भांग हैं। पोस्ता के पौधे से अफीम और भांग के पौधे से भांग प्राप्त होती है। दोनों को साइकोएक्टिव ड्रग्स कहा जाता है, जिनके प्रयोग से लत और स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। सरकार ने अवैध फसलों को नष्ट करने, ड्रग्स को जब्त करने, तस्करों को गिरफ्तार करने और जागरूकता उत्पन्न करने जैसे विभिन्न उपायों के साथ ड्रग्स पर कार्रवाई तीव्र कर दी है। खबरों के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले की दो बड़ी जेलों में बंद 50 फीसदी कैदी नशा तस्करी के हैं। इसमें युवा और महिलाएं भी शामिल हैं। चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस ने मिशन क्लीन चला रखा है। इसके तहत नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। यही वजह है कि वर्तमान में जिले की दो जेल चिट्टा समेत अन्य नशों की तस्करी के मामले में पकड़े कैदियों से भर गई हैं। इसमें प्रदेश के साथ बाहरी राज्यों के तस्कर शामिल हैं।

कैथू जेल में वर्तमान में करीब 280 विचाराधीन और सजायाफ्ता कैदी हैं। इसमें चिट्टा समेत अन्य मादक पदार्थों की तस्करी में पकड़े कैदियों की संख्या 133 है, यानि करीब 50 फीसदी हैं। इसमें 8 महिलाएं भी शामिल हैं। केंद्रीय कारागार कंडा में सजायाफ्ता और विचाराधीन दोनों तरह के कैदियों को रखा जाता है। इसमें करीब 500 कैदी हैं। पुलिस के मुताबिक इसमें से स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) एक्ट के मामलों में गिरफ्तार कैदियों की संख्या 165 है। इसमें 120 कैदी सजायाफ्ता हैं जबकि 45 विचाराधीन हैं। केंद्रीय कारागार में भी सबसे अधिक कैदी नशा तस्करी से जुड़े मामलों के हैं। नशा तस्करों की इस संख्या को लेकर हर कोई हैरान हैं। चिट्टे समेत अन्य नशों की लत लगने के बाद युवा इसकी तस्करी के अवैध कारोबार से जुड़ जाते हैं। चिंता की बात यह है कि इसमें 20 से 35 साल के युवाओं की संख्या अधिक है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि नशा तस्करी में कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी पकड़े जा रहे हैं। इसके अलावा किशोर भी नशे के साथ पकड़े जा रहे हैं। गिरफ्तार युवाओं से पूछताछ में पता चला है कि पहले वह नशे के आदी थे और जब उनके परिजनों को इसका पता चला तो उन्हें पैसे देना बंद कर दिया है। इसके बाद नशा तस्करों ने उन्हें नशे के एवज में इसकी तस्करी करने के लिए मजबूर किया।

युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाले ऐसे कृत्य से जुड़े लोगों को सजा दिलाने के लिए भारत में भी कड़े कानून बनाने की जरूरत है। अलग-अलग राज्यों की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय की भी जरूरत है। साथ ही आम जनता का सहयोग भी लिया जाना चाहिए, ताकि नशे के नेटवर्क का समय रहते पता चल सके और उसे तोड़ा जा सके। कठोर और सख्त कानूनों के उपरांत भी नशीले पदार्थों का व्यापार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इसके लिए अगर कोई जिम्मेदार है तो वह है भ्रष्ट प्रशासन। पुलिस विभाग की निष्क्रियता, अपराधियों को शह और भ्रष्ट सिस्टम की वजह से नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ रही है। पुलिस विभाग में इच्छाशक्ति हो तो महज कुछ दिनों मे पूरे भारत में नशे की तस्करी बंद हो सकती है। नशीले पदार्थों की तस्करी रोकना जरूरी है। इसके लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाए। नुक्कड़ नाटकों, पर्चों, बैनर-पोस्टर के द्वारा लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। सभी कार्यालयों में गुटखा, तम्बाकू या अन्य प्रकार का नशा करने पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं मादक पदार्थों की तस्करी के मुकदमों की समीक्षा भी होनी चाहिए। मादक पदार्थों की तस्करी में पकड़े गए लोगों को कितनी सजा मिली और अगर नहीं मिल पाई तो क्यों? अगर कानूनी दांवपेच के चलते किसी को सजा नहीं मिल पाई तो इसके लिए आखिर किसे दोषी माना जाए?

# सीने में दर्द, आँखों में जलन घुट रहा 'दिल्ली का दम'

**भारत में शहरों में रहने वालों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। वाहनों, फैक्टरी तथा कचरा जलाने से निकलने वाला धुआँ शहरों में पीएम 2.5 का मुख्य स्रोत होता हैं। आज विश्व के 20 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में भारत के 10 से अधिक शहर आते हैं। देश के ज़्यादातर शहरों में पीएम 2.5 का स्तर सरकार द्वारा निर्धारित किए गए मानको से कहीं अधिक है। पीएम 2.5 हमारी आसपास की हवा में घुला एक ऐसा अदृश्य जहर हैं, जो प्रतिवर्ष विश्व के लगभग 80 लाख लोगो की मौत का कारण बनता हैं। हिंदुस्तान में हर वर्ष लगभग 800000 लोग सिर्फ पीएम 2.5 से होने वाली बीमारियों के कारण मारे जाते हैं।**



हर्षवर्धन पाण्डे

दिल्ली की आबोहवा में ताजे ऑक्सीजन के बजाय जहर घुलता जा रहा है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।हर साल ठंड के मौसम में दिल्ली का वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन जाता है। अक्टूबर से लेकर जनवरी तक, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। दिल्ली का वायु प्रदूषण मुख्य रूप से वाहनों से निकलने वाली गैसों, निर्माण कार्यों से उठने वाली धूल, किसानों द्वारा जलाए गए पराली, और औद्योगिक कारखानों से निकलने वाले धुएं के कारण होता है। इस प्रदूषण के कारण वायुमंडल में पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कणों की मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है जो सांस लेने में मुश्किल पैदा करते हैं और कई गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं। प्रदूषण का सबसे गंभीर असर शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। हर साल लाखों लोग प्रदूषण से संबंधित बीमारियों, जैसे अस्थमा, फेफड़ों के रोग, हृदय रोग और कैंसर का शिकार होते हैं। बच्चों और बुजुर्गों में प्रदूषण से संबंधित रोगों की संभावना अधिक होती है। इसके अलावा, प्रदूषण का असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है, जिससे तनाव, घबराहट, और सिरदर्द जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

राजधानी दिल्ली और एनसीआर के तमाम हिस्सों में धुंध की चादर ने कई बरस पहले की दिवाली के दौर की यादों को ताजा कर दिया है। सभी इलाकों में लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है क्योंकि प्रदूषण ने इस बार सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जिधर देखो वहां धुंध की चादर दिखाई दे रही है। आँखों से पानी आ रहा है तो खांसी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। लोगों को अपने काम पर जाने में दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है वहीं यह



प्रदूषण का खतरनाक स्तर बच्चों के लिए घातक है लिहाजा सभी स्कूल, विश्वविद्यालय बंद कर दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आप सरकार को कल कड़ी फटकार लागते हुए पूछा क्या दिल्ली में 10वीं और 12वीं में पढ़ने वाले छात्र- छात्राओं के फेफड़े अलग हैं जो उनको बंद नहीं किया गया है। वैज्ञानिको का साफ़ मानना है कि दिल्ली की आबोहवा में इतना जहर घुल गया है कि अब यहाँ जीना मुश्किल होता जाएगा और जहरीले प्रदूषण की गिरफ्त आने वाला हर इंसान सांस, हार्ट की कई बीमारियों का शिकार हो जायेगा। अमेरिकी सैटेलाइट की तस्वीरों में भी उत्तर भारत के वायुमंडल में आग जनित धुंए की मौजूदगी को दर्शाया है। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में हवा की गति थमने के कारण वायुमंडल में मौजूद प्रदूषक तत्वों पीएम 2.5 और पीएम 10 धुंध की शक्ल में जमा हो गये हैं जिसकी वजह से न सिर्फ हवा में घुटन बढ़ गयी है बल्कि यातायात सहित सामान्य जनजीवन भी प्रभावित हुआ है 7 हवा की गुणवता बताने वाला सूचकांक हर दिन गंभीर कुलांचे मार रहा है और वायु गुणवत्ता सूचकांक 900 तक को क्रॉस कर रहा है। स्थितियां दिनों दिन जटिल ही होती जा रही हैं।

हाल कितने बुरे हैं इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वायु प्रदूषण मापने का जो पैमाना बनाया है पी एम 2.5 का स्तर प्रतिघन मीटर 10 माइक्रो ग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए लेकिन दिल्ली के कई इलाकों में यह 400 माइक्रोग्राम क्यूबिक मीटर (एमजीसीएम) और पीएम 10 का स्तर 1000 एमजीसीएम रिकॉर्ड तक पहुंचने के कगार पर है जो कहीं न कहीं हमारे लिए खतरे की घंटी है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार राजधानी दिल्ली में पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। कई स्थानों में पीएम 2.5 का स्तर सामान्य से 12 गुना अधिक तो पीएम 10 का स्तर सामान्य से 10 गुना अधिक पार कर गया है। दिनों दिन दिल्ली के इलाकों में प्रदूषण के स्तर में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पीएम 2.5 हवा में किसी भी प्रकार के पदार्थ को जलाने से निकलने वाले धुंए से आता हैं। वाहनों के इंजन में पेट्रोल और डीजल के जलने से धुआं निकलता हैं, और इस धुंए में विभिन्न प्रकार के प्रदूषक होते हैं, जिनमें पी एम 2.5 भी एक होता हैं। लकड़ी, गोबर के उपले, कोयला, केरोसिन तथा कचरा जलाने, फैक्टरी, सिगरेट से निकलने वाला धुंए में पीएम 2.5 की तादात अत्यधिक होती हैं। पीएम 2.5 कई प्रकार से हमारे स्वास्थ्य पर असर डालते हैं। छींक, खांसी, आंखों, नाक, गले और फेफड़ों में होने वाली जलन का कारण पीएम 2.5 भी हो सकता हैं। लंबे समय तक पीएम 2.5 की अधिकता वाली प्रदूषित हवा में रहने से अस्थमा, फेफड़ों तथा हृदय संबंधी बीमारी होने की संभावना अत्यधिक बढ़ जाती है और यही बीमारियां बाद में मौत का कारण बनती है। पीएम 2.5 से होने वाली बीमारी का खतरा बूढ़े और बच्चो में अत्यधिक होती है।

भारत में शहरों में रहने वालों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। वाहनों, फैक्टरी तथा कचरा जलाने से निकलने वाला धुआँ शहरों में पीएम 2.5 का मुख्य स्रोत होता हैं। आज विश्व के 20 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में भारत के 10 से अधिक शहर आते हैं। देश के ज़्यादातर शहरों में पीएम 2.5 का स्तर सरकार द्वारा निर्धारित किए गए मानको से कहीं अधिक है। पीएम 2.5 हमारी आसपास की हवा में घुला एक ऐसा अदृश्य जहर हैं, जो प्रतिवर्ष विश्व के लगभग 80 लाख लोगो की मौत का कारण बनता हैं। हिंदुस्तान में हर वर्ष लगभग 800000 लोग सिर्फ पीएम 2.5 से होने वाली बीमारियों के कारण मारे जाते हैं। देश मे सबसे ज्यादा मौते सांस और हाई ब्लड प्रेशर के कारण होती हैं। घर के अंदर खाना पकाने के लिए लकड़ियों, गोबर के उपलें। केरोसिन से निकलने वाले धुंए से उत्पन्न पीएम 2.5 मौत दूसरा सबसे बड़ा कारण हैं। सिगरेट पीना और खाने मे पोषक तत्वों की कमी देश मे होने वाली मौतों का तीसरा व चौथा सबसे बढ़ा कारण हैं। पाँचवा बढ़ा कारण बाहर की हवा में उपस्थित पीएम 2.5 हैं जो गाड़ियों, फैक्टरी और कचरा जलाने से निकलने वाले धुंए से आता हैं।

दशकों से यह बात देखने में आ रही है कि दिल्ली की आबोहवा की फ़िक्र सरकारों और नीति नियंताओं को नहीं है । प्रदूषण को लेकर आज एक जनांदोलन की ज़रूरत है जिसकी शुरुआत आम आदमी से होनी चाहिए। दिल्ली में डीजल से चलने वाले वाहनों पर सरकार का कोई अंकुश नहीं है । सार्वजनिक परिवहन यहाँ पर दूर की गोटी है। साल दर साल वाहनों की संख्या यहाँ पर बढ़ती जा रही है। एक ख़ास बात यह है आज के समय में कारें हमारे देश में स्टेटस सिंबल की तरह हो गई हैं 7 एक परिवार में अगर 5 सदस्य हैं तो सबके अपने अपने वाहन हैं जिससे वो आते जाते हैं ।

# अभी बाकी है 'हर घर शौचालय' का लक्ष्य

**अनुसूचित जाति बहुल कैशापी पुरानी डिह गांव में 633 परिवार आबाद हैं। जिनकी कुल आबादी लगभग 3900 है। इनमें करीब 1600 अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग परिवार रहता है। गांव में पासवान और महतो समुदायों की संख्या अधिक है। ज़्यादातर परिवार के पुरुष बड़े शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों में दैनिक मज़दूर के रूप में काम करने जाते हैं। गांव के लगभग सभी परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमज़ोर हैं। उनकी मासिक आय इतनी कम है कि इसमें उनके परिवार का मुश्किल से गुज़ारा चल पाता है। गांव की नीतू कहती हैं कि शौचालय नहीं होने से महिलाओं और किशोरियों को सबसे अधिक समस्याओं का सामना रहता है। वह बताती है कि पुरुष कभी भी खुले में शौच को चले जाते हैं। लेकिन महिलाएं और किशोरियां सुबह होने से पहले शौच को जाती हैं और फिर रात होने के बाद ही जाती हैं।**



अजमेरी ख़ानम

इसी वर्ष सितंबर माह में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से बताया गया कि 24 सितंबर 2024 तक देश के पांच लाख 54 हज़ार 150 गांवों को ओडीएफ प्लस (खुले में शौच से मुक्त) का दर्जा दिया जा चुका है। वहीं 3,00,368 गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल गाँव के रूप में मान्यता मिल गई है जबकि 1,30,238 गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल गांव के रूप में प्रमाणित किया गया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि वे स्थायी स्वच्छता के तौर तरीकों के लिए कड़े मानदंडों पर खरा उतरते हैं और जल्द ही उन्हें ओडीएफ प्लस मॉडल गाँव के रूप में मान्यता मिल जाएगी। इस सूची में बिहार के ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल हैं। लेकिन यहां के कुछ गांव ऐसे भी हैं जहां अभी भी शत प्रतिशत घरों में शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है। जिससे सबसे अधिक महिलाएं और किशोरियां प्रभावित हो रही हैं।

ऐसा ही एक गांव गया का कैशापी पुरानी डिह है। जिला मुख्यालय से 23 किमी और डोभी प्रखंड से करीब 5 किमी दूर इस गांव के सभी घरों में आज भी शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है। इसके पीछे सबसे अधिक आर्थिक कारण बताया जा रहा है। इस संबंध में गांव की 35 वर्षीय महिला रीता देवी कहती हैं कि उनके घर में अभी भी अस्थाई शौचालय ही बना हुआ है क्योंकि पक्का शौचालय बनाने के लिए उनके पास पैसे नहीं हैं। वह कहती हैं कि इसके लिए पंचायत में आवेदन भी दिया हुआ है लेकिन अभी तक राशि प्राप्त नहीं हुई है। वहीं 45 वर्षीय शांति पासवान बताती हैं कि घर में शौचालय निर्माण के



लिए सरकार की ओर से बारह हज़ार रूपए दिए जाते हैं जबकि एक पक्के शौचालय के निर्माण में न्यूनतम 30 हज़ार रूपए खर्च होते हैं। जिसमें सेप्टिक टैंक और पानी की टंकी सहित दरवाजा और अन्य आवश्यक चीजें शामिल हैं। वह कहती हैं कि पैसे की इसी कमी के कारण बहुत से परिवार शौचालय निर्माण कराने में असमर्थ हैं। जिन परिवारों को बारह हज़ार मिले हैं उन्होंने किसी प्रकार अस्थाई शौचालय का निर्माण कराया है।

पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार अनुसूचित जाति बहुल कैशापी पुरानी डिह गांव में 633 परिवार आबाद हैं। जिनकी कुल आबादी लगभग 3900 है। इनमें करीब 1600 अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग परिवार रहता है। गांव में पासवान और महतो समुदायों की संख्या अधिक है। ज़्यादातर परिवार के पुरुष बड़े शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों में दैनिक मज़दूर के रूप में काम करने जाते हैं। गांव के लगभग सभी परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमज़ोर हैं। उनकी मासिक आय इतनी कम है कि इसमें उनके परिवार का मुश्किल से गुज़ारा चल पाता है। गांव की नीतू कहती हैं कि शौचालय नहीं होने से महिलाओं और किशोरियों को सबसे अधिक समस्याओं का सामना रहता है। वह बताती है कि पुरुष कभी भी खुले में शौच को चले जाते हैं। लेकिन महिलाएं और किशोरियां सुबह होने से पहले शौच को जाती हैं और फिर रात होने के बाद ही जाती हैं। पूरे दिन शौच जाने से बचने के लिए वह बहुत कम खाती हैं। इससे उनके स्वास्थ्य पर बहुत अधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके कारण बहुत महिलाएं और किशोरियां कुपोषण का शिकार हैं। जिन घरों में शौचालय का निर्माण हो चुका है वहां की महिलाएं और किशोरियां अपेक्षाकृत अधिक स्वस्थ हैं।

कैशापी पुरानी डिह गांव के लोगों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ भारत अभियान और इसमें मिलने वाली राशि की पूरी जानकारी है। इसीलिए सभी परिवार घर में शौचालय निर्माण के लिए पंचायत में आवेदन कर चुके हैं। अधिकतर परिवारों को शौचालय निर्माण के लिए राशि मिल गई है लेकिन कुछ परिवार ऐसे भी हैं जिन्हें अभी भी पैसे मिलने का इंतज़ार है। इस संबंध में दिनेश पासवान कहते हैं कि उन्होंने दो वर्ष पूर्व ही पंचायत में शौचालय निर्माण के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अभी तक उन्हें पैसे नहीं मिले है। फिलहाल उन्होंने किसी प्रकार कच्चे शौचालय घर का निर्माण किया है। वह कहते हैं कि हर घर शौचालय बनाने का सरकार का लक्ष्य सराहनीय है। इससे गांव में खुले में शौच और इससे फैलने वाली गंदगी पर रोक लगी है। लोगों का स्वास्थ्य स्तर बेहतर हुआ है। ऐसे में जिन घरों को शौचालय निर्माण के लिए अभी तक राशि नहीं मिली है, पंचायत को चाहिए कि वह जल्द इस ओर ध्यान दे ताकि हर घर को इज़्ज़त घर मिल सके।

बिहार में खुले में शौच से मुक्ति (ओडीएफ) के मामले में स्थिति जटिल बनी हुई है। हालांकि राज्य सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच से मुक्ति के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए हैं। केंद्र के अतिरिक्त राज्य सरकार ने अपने स्तर पर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान भी चला रखा है। इस अभियान की गतिविधियों से विभिन्न भागीदारों जैसे पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधियों, संकुल स्तरीय संघों, ग्राम संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, निःशक्त स्वयं सहायता समूह विभिन्न सरकारी विभागों एवं गैर सरकारी संगठनों को सम्मिलित किया गया है। वहीं सामूहिक व्यवहार परिवर्तन तथा स्वच्छता विषयक सुरक्षित आचार सुनिश्चित करने के लिए समुदाय आधारित सम्पूर्ण स्वच्छता की रणनीति को अपनाया गया है जो समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करता है। इसके अतिरिक्त समुदाय आधारित सम्पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए ठोस एवं तरल अपशिष्ट के प्रबंधन का क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जाता है।

केंद्र और राज्य सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद स्थिति में सुधार के लिए और अधिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है ताकि हर घर शौचालय का हकीकत में पूरा हो सके। (चरखा फीचर्स)

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 20 नवम्बर, 2024



# 'राष्ट्रीय एकता, सुशासन को समर्पित होगा वर्ष 2025'

## स्कूल और कॉलेजों में निबंध, डिबेट और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



■ कहा, पूरे वर्ष होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना यथाशीघ्र जारी कर दी जाए

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आगामी वर्ष 2025 अत्यंत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। यह वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जाना है, तो यह लौहपुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती का भी वर्ष है। एक ओर जहां हम संविधान अंगीकार करने का अमृत महोत्सव मनाएंगे, वहीं लोकतंत्र की हत्या 'आपातकाल' के 50 वर्ष पूरे होने पर लोगों को जागरूक भी किया जाना है।

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती भी इसी वर्ष मनाई जाएगी। 2025 का यह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशताब्दी वर्ष है तो इसी वर्ष हमें जीरो पॉवर्टी का लक्ष्य भी पूरा करना है। यह पूरा वर्ष अंत्योदय से सर्वोदय, राष्ट्रीय एकता और सुशासन की परिकल्पना को समर्पित होगा। इनके दृष्टिगत पूरे वर्ष आयोजन किये जाएंगे।

26 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हो रहे 'संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष' की शुरुआत पर राजधानी लखनऊ में शासन स्तर के साथ-साथ सभी सरकारी संस्थानों, विभागों, कार्यालयों, विद्यालयों, विश्वविद्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली जानी चाहिए। स्कूल और कॉलेजों में निबंध और डिबेट आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। संसदीय कार्य विभाग इसका नोडल विभाग होगा। पूरे वर्ष होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना यथाशीघ्र जारी कर दी जाए। प्रयागराज महाकुम्भ में पूरी दुनिया से लोगों का आगमन होगा। यह दुनिया के लिए भारत को जानने, समझने का सुअवसर है। महाकुम्भ में भारतीय संविधान पराधारित संविधान गैलरी तैयार कराई जाए। यहां संविधान सभा के गठन चर्चा-परिचर्चा, संविधान के बनने की पूरी प्रक्रिया को ऑडियो-विजुअल माध्यम से प्रदर्शित किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार जनजातीय समाज की संस्कृति के संरक्षण और जनजातीय समाज के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। बलरामपुर के इमिलिया कोडर में जनजातीय संग्रहालय भी स्थापित किया गया है जबकि दो और संग्रहालय भारत सरकार द्वारा स्थापित कराए जा रहे हैं। महाकुम्भ में भगवान बिरसा मुंडा पर और प्रदेश की जनजातीय संस्कृति, सरकार के प्रयासों पर केंद्रित विशेष गैलरी बनाया जाए।

अटल जी की जन्मशताब्दी के अवसर पर विश्वविद्यालयों में अटल शोध पीठ तथा सुशासन पीठ की स्थापना कराई जानी चाहिए। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इसमें आवश्यक कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार, सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष में राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करते हुए पूरे वर्ष विविध कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जाना चाहिए। गृह विभाग इसका नोडल विभाग होगा।

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती को पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर मनाया जाना चाहिए। आक्रांताओं के कालखण्ड में किस प्रकार अहिल्याबाई ने भारतीय सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवन दिया, इससे नई पीढ़ी को परिचित कराया जाना चाहिए। अहिल्याबाई जी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर स्कूल कॉलेजों में निबन्ध, डिबेट और सेमिनार का आयोजन भी कराया जाए। 'लोकतंत्र की हत्या' आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लोगों को अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से इसकी विभीषिका से नई पीढ़ी को परिचित कराया जाना चाहिए। इस दौरान लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के सम्मेलन कराया जाना चाहिए। इस संबंध में सूचना विभाग द्वारा आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाए।

# रिटायर्ड कर्मचारी को छह दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट, वसूले 19.50 लाख

अवधनामा संवाददाता

■ गिरफ्तार वारंट जारी होने की कही बात

**लखनऊ।** मुंबई पुलिसकर्मी बन जालसाजों ने पंचायती राज्य विभाग उत्तर प्रदेश से रिटायर्ड कर्मचारी को छह दिन तक डिजिटल अरेस्ट रख 19.50 लाख वसूल लिए। आरोपियों ने उन्हें उनके आधार कार्ड का गलत प्रयोग कर बैंक खाता खोलने और उसमें जेट एयरवेज के मालिक संबंधी मनी लांड्रिंग की रकम डालने का आरोप लगाया। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

ठाकुरगंज के 118 कूचा सतगुरु सहाय निवासी कमलकांत मिश्रा बीते साल पंचायती राज्य विभाग उप्र से रिटायर हुए थे। कमलकांत के मुताबिक छह नवंबर सुबह करीब साढ़े दस बजे उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई थी। फोनकर्ता ने खुद का मुंबई के अंधेरी ईस्ट थाने का पुलिसकर्मी बताते हुए उन्हें एक आधारकार्ड का नंबर बताया और पूछा कि क्या यह आपका है। हामी भरने पर उसने कहा कि आपके आधार से केनरा बैंक में एक अकाउंट खोला गया है। इसमें जेट एयरवेज के मालिक नरेश गोयल मनी लड्रिंग की रकम डाली गई है। घबराए कमलकांत ने जब ऐसे कोई खाता खुला नहीं होने की बात कही तो उसने आधार से जुडे सभी खातों की जानकारी ले ली।

पीड़ित ने जब ठग से उसका आईडी कार्ड मांगा तो उसने कॉल काट दी। कुछ देर बाद कमलकांत के पास एक और कॉल आई फोनकर्ता ने कहा कि तुम्हारा गिरफ्तारी वारंट जारी होने जा रहा है। इसके बाद कॉल काट दिया फिर तीसरे नंबर से उनके पास व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आई। आरोपी ने खुद का नाम राजेश बताया और बातों में फंसा कर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। पूछताछ के बहाने आरोपी ने उनसे खातों में जमा रकम की जानकारी ले ली। ठग ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सारी रकम की जांच के लिए अपने खातों में ट्रांसफर कराने की बात कही।

डरे कमलकांत ने जालसाज के खाते में 17 लाख 50 हजार ट्रांसफर कर दिए फिर उसी दिन रात साढ़े आठ बजे एक और व्हाटसऐप कॉल आई। इस बार फोन कर्ता ने खुद का नाम संदीप बताया और बेल अमाउंट जमा करने के नाम पर उनसे 95 हजार जमा कराए फिर 7 सात से 12 नवंबर तक एक लाख 50 हजार रुपये वसूल लिए। रकम के भुगतान के बाद पीड़ित ने साइबर थाने में ठगी का केस दर्ज कराया। कमलकांत ने बताया कि आरोपी छह दिनों तक उनसे वीडियो कॉल और व्हाट्सएप चैट के जरिये उनसे संपर्क में रहे। आरोपियों ने जांच पूरी होने तक उन्हीं की निगरानी में रहने की बात कही।

# लखनऊ में खुलेगी देश की पहली नाइट सफारी

अवधनामा संवाददाता

■ नाइट सफारी प्रोजेक्ट राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ऐलान किया है कि दिसंबर 2026 तक उत्तर प्रदेश देश को पहली नाइट सफारी का उपहार देगा। राजधानी लखनऊ में बनने जा रही यह नाइट सफारी देश और दुनिया के प्रकृति प्रेमियों के लिए एक नया गंतव्य होगा। यह दुनिया की पांचवीं नाइट सफारी होगी।

मुख्यमंत्री के समक्ष मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में प्रस्तावित कुकरैल नाइट सफारी पार्क एवं जू का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य हर हाल में जून 2026 तक पूरा कर लिया जाए। नाइट सफारी व जू के लिए वन्य जीवों के लाने की समुचित व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाए। नाइट सफारी व जू की इकोनामी के लिए सस्टेनेबल मॉडल विकसित किया जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 72 फीसदी एरिया में ग्रीनरी विकसित की जाए और यहां सौर ऊर्जा को प्रकल्पों को भी स्थान दिया जाए। सीएम योगी ने कहा कि नाइट सफारी प्रोजेक्ट राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसके निर्माण के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त हो गई है। जनसंख्या की दृष्टि से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में दिसंबर 2026 में देश को पहली नाइट सफारी का उपहार मिलेगा। नाइट व डे सफारी का निर्माण चरणबद्ध रूप से होगा। लखनऊ में यह लगभग 900 एकड़ से अधिक में फैली होगी। सीएम ने कहा कि कुकरैल नाइट सफारी का निर्माण हो जाने के बाद यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर आ जाने के फलस्वरूप विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी।

# डॉ. देबरॉय को एक 'अजेय व्यक्तित्व' : डॉ. पीके मिश्रा

## प्रधान सचिव ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष डॉ. बिबेक देबरॉय को किया याद

अवधनामा संवाददाता





**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के आकाशवाणी रंग भवन में कल शाम प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. बिबेक देबरॉय के जीवन और कार्यों का स्मरण करने के लिए एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। डॉ. देबराय का 1 नवंबर निधन हो गया था।

प्रधानमंत्री ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा किवे महान विद्वान थे, जो अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृति, राजनीति, अध्यात्म और अन्य विविध क्षेत्रों में पारंगत थे। अपने कार्यों से उन्होंने भारत के बौद्धिक क्षेत्र पर एक अमिट छाप छोड़ी है।डॉ. देबरॉय एक बहुआयामी प्रतिभा संपन्न विद्वान थे, जिन्हें प्राचीन भारतीय ग्रंथों पर काम करना और उन्हें युवाओं के लिए सुलभ बनाना पसंद था। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के.मिश्रा ने उनके साथ अपने कार्यकाल का स्मरण कियाजब वह डॉ. देबरॉय के साथ नीति निर्माण परकाम करते थे और अर्थव्यवस्था के विभिन्नमुद्दों से निपटने पर चर्चा करते थे। डॉ.मिश्रा ने कहा कि डॉ.बिबेक देबरॉय एक बेहतरीन व्यक्ति थे, जिनकी बौद्धिक क्षमता अर्थशास्त्र से लेकर संस्कृत, साहित्य से लेकर इतिहास जैसे क्षेत्रों मेंथी। डॉ.मिश्रा ने कहा कि जब डॉ. देबरॉय डीपीआईओके सदस्य थे, तब डॉ.देबरॉय उनके साथ बातचीत में बहुत ही विनम्र रहते थे। डॉ.देबरॉय बाद में आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बने थे।

डॉ. मिश्रा ने डॉ. देबरॉय के प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के साथके अपने व्यक्तिगत अनुभवों को याद करते हुएकहा कि जब नीतिगत कार्यों से निपटने की बात आती थी, तोडॉ. देबरॉय हमेशा उन्हें आश्वस्त करते थे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि वह काफी लम्बे समय से डॉ. देबरॉय से भलीभांति परिचित थे और उनमें और डॉ. देबरॉय के बीच समानता यह थी कि दोनों ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई की। डॉ. मिश्रा ने भारत में सांख्यिकी प्रणाली से लेकर प्रत्यक्ष कर सुधारों तक विभिन्न विषयों पर डॉ. देबरॉय के साथ हुई बातचीत का स्म्रण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. देबरॉय हमेशा अपने कार्यों के प्रति बेहद ईमानदार और प्रतिबद्ध थे।

डॉ. मिश्रा ने साहित्य, अर्थशास्त्र आदि में डॉ. देबरॉय की गहरी रुचि के बावजूद आधिकारिक काम के प्रति पूर्ण समर्पण की सराहना की। पूर्व की एक घटना याद करते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि डॉ. देबरॉय हमेशा अपने सामान्य दायित्वोंद के अलावा कुछ विशेष कार्य करना पसंद करते थे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि डॉ. देबरॉय का दिन-प्रतिदिन की नीतियों या विश्लेषणात्मक कार्यों में भी बेहद मूल्यवान योगदान था। नीति निर्माण और नीति व्यरवहार में डॉ. देबरॉय के विश्लेषणात्मक कौशल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. देबरॉय में जटिल अवधारणाओं को स्पष्ट तरीके से समझाने की असाधारण क्षमता थी और यही उनकी शक्ति थी।

डॉ.मिश्रा ने जोर देकर कहा कि डॉ. देबरॉय एक ऐसी विरासत छोड़ गए हैं, जिसके मूल में दूरदृष्टि और मानवता है और यह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. देबरॉय को सबसे उपयुक्तप श्रद्धांजलि होगी कि जिस जुनून के साथ उन्होंने काम किया, उसे याद रखा जाए और उनके योगदान को अधिक से अधिक समझ कर उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया जाए।

# बाथरूम ही नहीं मसाज पार्लर के किचन में भी हो रहा था गंदा काम

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय रोड स्थित द सीजर फैमिली यूनिसेक्स सैलून मसाज पार्लर में जिस्मफरोशी के लिए लड़कियों को प्रतिमाह आठ से दस हजार रुपये पर हायर किया जाता था। उसके बाद प्रत्येक ग्राहक से एक से दो हजार की रकम वसूली जाती थी। आठ लड़कियों ने बयान दिए कि मसाज पार्लर के लिए बुलाकर गलत काम कराया जाता था। नहीं करने पर उनकी वीडियो प्रसारित करने की धमकी दी जाती थी। पुलिस ने आठ लड़कियों को मुकदमे में गवाह बनाकर उनके स्वजन के सुपुर्द कर दिया। सहसंचालिक समेत आठ आरोपितों को जेल भेज दिया। संचालिका अभी भी पुलिस पकड़ से दूर है। मेडिकल थाना क्षेत्र में स्थित द सीजर फैमिली यूनिसेक्स सैलून मसाज पार्लर में रविवार रात सीओ सिविल लाइंस अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में तीन थानों की पुलिस व एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने छापा मारकर नौ महिलाओं व सात पुरुषों को पकड़ा था।

# टीएमयू मेडिकल स्टुडेंट्स को बताई गुड क्लीनिकल प्रैक्टिसेज



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में गुड क्लीनिकल प्रैक्टिसेज़-जीसीपी एंड गुड लेबोरेटरी प्रैक्टिसेज़-जीएलपी पर हुई दो दिनी वर्कशॉप में नेशनल मेडिकल काउंसिल- एनएमसी के दिशानिर्देश पर टीएमयू मेडिकल कॉलेज की मेडिकल एजुकेशन यूनिट की ओर से मेडिकल के एमडी/एमएस स्टुडेंट्स को नेशनल एथिकल गाइडलाइंस, सीरियस एडवर्स इवेंट्स एंड कंपेंनसेशन गाइडलाइंस और एथिक्स कमेटी को दिए जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इसके अलावा जीसीपी गाइडलाइंस, गुड लेबोरेटरी प्रैक्टिसेज, एनडीसीटी रूल, इंफॉर्म्ड कंसेंट प्रोसेस, प्रोटोकॉल वॉयलेशन के बारे में भी विस्तार से बताया गया। वर्कशॉप में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के डॉ. अमोल पाटिल और डॉ. आशीष कक्कर के संग-संग टीएमयू मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा और डॉ. गोविंदा मिश्रा मेडिकल पीजी स्टुडेंट्स को जीसीपी एंड जीएलपी के टिप्स दिए। वर्कशॉप में एमडी/एमएस के फर्स्ट एंड सेकेंड ईयर के 337 स्टुडेंट्स शामिल रहे। अंत में अतिथियों समेत सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया गया।

नेशनल एथिकल गाइडलाइंस को समझाते हुए डॉ. आशीष कक्कर ने कहा, शोधकर्ता को व्यक्ति के सम्मान, अधिकारों, सुरक्षा और कल्याण के लिए जिम्मेदार होना चाहिए। शोध पद्धति में उचित योग्यता और क्षमता होने के साथ-साथ और उन्हें शोध प्रस्ताव की वैज्ञानिक, चिकित्सा, नैतिक, कानूनी और सामाजिक आवश्यकताओं के बारे में पता होना चाहिए और उनका अनुपालन करना चाहिए। साथ ही डॉ. आशीष ने सीरियस एडवर्स इवेंट्स एंड कंपेंनसेशन गाइडलाइंस के तहत केसों को रिपोर्ट करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

# सपा में गुटबाजी हुई तेज, पार्टी हाईकमान ने लिया फीडबैक



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** समाजवादी पार्टी में गुटबाजी बढ़ गई है। इसका असर खैर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव पर भी पड़ रहा है। जिला स्तर के कुछ पदाधिकारियों की निष्क्रियता चर्चा में है। इसकी शिकायत पार्टी हाईकमान से की गई थी, जिसके बाद कुछ स्थानीय नेताओं से गुटबाजी का फीडबैक लिया गया है। चर्चा है कि उपचुनाव के बाद कुछ नेताओं पर गाज गिर सकती है।

खैर सीट के उपचुनाव में जीत हासिल करने के लिए सभी दल दम लगाए हुए हैं। भाजपा और सपा में कड़ा मुकाबला है। इसी के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र दिलेर के समर्थन में दो बार चुनावी सभाओं को संबोधित किया, वहीं सपा प्रत्याशी चारू कैन के समर्थन में जनसभा को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संबोधित किया। समाजवादी पार्टी में प्रत्याशी के चयन को लेकर जिला स्तरीय कुछ नेताओं की नाराजगी की चर्चा काफी समय से है। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी निष्क्रियता रही।

# 'सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का आदेश असंवैधानिक'

अवधनामा संवाददाता

■ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) में प्रीपेड अथवा पोस्टपेड मीटर लेने का विकल्प देता है : उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ।** प्रदेश के लगभग 3 करोड 45 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में अनिवार्य रूप से लगाए जा रहे हैं स्मार्ट प्रीपेड मीटर और प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र क्षेत्र को इलेक्ट्रिसिटी राइट रूल 2020 की धारा 10 के तहत 24 घंटे विद्युत आपूर्ति न करके प्रदेश में आठ उत्पादन इकाइयों को बंद रखने के मामले में आज उसे समय नया मोड आ गया जब उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मिलकर एक लोक महत्व का जनहित प्रस्ताव सौपते हुए यह मांग उठाई कि जब विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) में स्मार्ट प्रीपेड मीटर अथवा पोस्टपेड मीटर चुनने का विकल्प उपभोक्ता के पास है ऐसे में एक रूल बनाकर उसके अनुसार अनिवार्य रूप से सभी घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर कैसे लगाया जा सकता है विद्युत अधिनियम 2003 को रूल से पारित कोई भी आदेश सुपर सीड नहीं कर सकता देश के अनेकों राज्यों महाराष्ट्र व अन्य राज्यों में इस संवैधानिक अधिकार पर माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिकाएं भी लंबित है गुजरात बिहार सहित अन्य राज्यों में उपभोक्ताओं के विरोध के बाद मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद पडी है।

ऐसे में उत्तर प्रदेश में विद्युत नियामक आयोग इस मामले पर हस्तक्षेप करें और कानून की परिधि में विद्युत अधिनियम 2003 में प्रावधानित अधिकार का लाभ उपभोक्ताओं को दिलाये वहीं दूसरी तरफ उपभोक्ता परिषद ने यह बडा सवाल उठाया कि देश के ग्रामीण उपभोक्ताओं को 18 घंटे बिजली देकर और यह कहना कि उत्तर प्रदेश में रोस्टर लागू है या पूरी तरह असंवैधानिक है जब देश में कंज्यूमर राइट रूल 2020 सभी को 24 घंटे बिजली देने का अधिकार देता है तो ऐसे में उत्तर प्रदेश में असंवैधानिक रोस्टर को समाप्त क्यों नहीं किया जा रहा है और उससे बडा संवैधानिक संकट यह खडा हो गया कि ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 6 घंटे कम बिजली देकर लो डिमांड में प्रदेश की आठ उत्पादन इकाइयों को बंद कर दिया गया जबकि उन बंद उत्पादन इकाइयों का जो फिक्स कास्ट की भरपाई आने वाले समय में उपभोक्ता करेंगे ऐसे में सभी मशीनों को चालू कर कर ग्रामीण क्षेत्र की जनता को 24 घंटे बिजली आयोग दिलाए क्योंकि दोनों मामलों पर आयोग को ही निर्णय लेने का अधिकार है।

# पेंशनभोगियों के लिए डीएलसी अभियान 3.0 आयोजित

अवधनामा संवाददाता

■ निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार प्रयागराज में आज शिविरों में डिजिटल तरीकों के बारे में देंगे जानकारी

**लखनऊ।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए नवंबर में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) अभियान 3.0 आयोजित कर रहा है। फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक एक ऐसी तकनीक है जिसके द्वारा पेंशनभोगी किसी भी एंड्रॉइड स्मार्टफोन से अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।

प्रयागराज में ये शिविर 21 नवम्बर को कई स्थानों पर लगाए जा रहे हैं। मुख्यतः ये शिविर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की त्रिवेणी शाखा तथा हेड पोस्ट ऑफिस प्रयागराज, दारागंज पोस्ट ऑफिस एवं नैनी पोस्ट ऑफिस में आयोजित किये जाएंगे। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार इन शिविरों में जाकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करने हेतु विभिन्न डिजिटल तरीकों, जैसे फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक, के बारे में पेंशनभोगियों का मार्गदर्शन करेंगे। यूआईडीएआई इन शिविरों में पेंशनभोगियों के आधार रिकार्डो को अद्यतित करने में मदद करेगा तथा डीएलसी जनरेशन में होने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान करेगा। उल्लेखनीय है कि पहले अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए पेंशनभोगियों को पेंशन संवितरण प्राधिकरणों के पास स्वयं जाना होता था, जिससे वयोवृद्धों को काफी असुविधा होती थी क्योंकि लंबी कतारों में काफी देर तक इंतजार करना पड़ता था।

# 'भावी पीढ़ी को कर्तव्यपराण बनाने के लिए संकल्पित'

## सीएमएस गोमती नगर कैम्ब्रिज सेक्शन द्वारा 'वार्षिक समारोह' का भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता



■ मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र दे कर किया गया सम्मानित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल सेक्शन द्वारा 'वार्षिक समारोह' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नाचते-गाते बच्चों की बहुमुखी एवं बाल सुलभ प्रतिभा को देखकर अभिभावक गदगद हो गये। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने अपने नन्हें-मुन्हों की खूब हौसलाअफजाई की और बच्चों ने भी बड़े उत्साह से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे पहले, सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया एवं सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन समेत कई अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने कहा कि सी.एम.एस. भावी पीढ़ी को एक जम्मेदार, विचारवान, रचनाशील एवं कर्तव्यपराण विश्व नागरिक बनाने हेतु संकल्पित है और यह कैम्ब्रिज सेक्शन इसी उद्देश्य की पूर्ति करता है। सी.एम.एस. कैम्ब्रिज सेक्शन के छात्रों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्रों की हौसलाअफ्जाई करते हुए कहा कि कैम्बिज का अनूठा पाठ्यक्रम व शिक्षण पद्धति छात्रों को स्पष्ट वैचारिक समझदारी तथा विषय का पूरा ज्ञान प्रदान करता है, जो आगे चलकर वैश्विक सफ्लता का मार्ग प्रशस्त करता है। निश्चित ही ये मेधावी छात्र आगे चलकर विश्व पटल पर देश का गौरव बढ़ायेंगे।

इससे पहले, समारोह का शुभारम्भ विद्यालय के छात्रों की माताओं द्वारा सुमधुर स्वर में प्रस्तुत 'स्कूल प्रार्थना' से हुआ तदुपरान्त सर्वधर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना के माध्यम से 'सारे विश्व में शान्ति हो' का जयघोष बड़े ही प्रभावशाली ढंग से किया। इसके अलावा, बैण्ड प्रस्तुति, लघु नाटिका, ड्रिल, स्टारलाइट बैण्ड आदि विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को गद्गद् कर दिया। 'समिट ऑफद फ्यूचर' थीम पर आयोजित वर्ल्ड पार्लियामेन्ट के शानदार प्रस्तुतीकरण ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। समारोह का खास आकर्षण कैम्ब्रिज सेक्शन के छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रहा। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को सार्वजनिक तौर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. गोमती नगर कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या मंजीत बत्रा ने कहा कि ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में सी.एम.एस. का कैम्ब्रिज सेक्शन भावी पीढ़ी को वैश्विक लीडर के रूप में तैयार करने में महती भूमिका निभा रहा है। मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि अभिभावक भी बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु सजग हैं एवं कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम के प्रति इच्छुक हैं।

# बीएचयू के छात्रों को मिलेगी नौकरी : कैंपस प्लेसमेंट शुरू

**वाराणसी।** बीएचयू में 2024-25 के लिए कैंपस प्लेसमेंट शुरू हो गया है। इस साल एक्सेंचर कंपनी में 100 से ज्यादा छात्रों ने अप्लाई किया था। जल्द ही रिजल्ट आने वाला है। 10 से ज्यादा छात्रों का चयन हो सकता है। वहीं, इस साल 200 से ज्यादा कंपनियों के प्लेसमेंट में 4000 से ज्यादा छात्रों के शामिल होने का अनुमान है। प्लेसमेंट हाइब्रिड मोड यानी कि ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरीकों से होगा। कैंपस से पास होने वाले करीब 10 हजार छात्रों में से 40 प्रतिशत आवेदन करते हैं। सबसे ज्यादा संख्या पोस्ट ग्रेजुएशन के छात्र और छात्राओं की होती है। 2023-24 में 1200 से ज्यादा छात्र और छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ था। पैकेज साढ़े तीन लाख से लेकर 23.5 लाख रुपये सालाना तक था। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. उमेश सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट प्रक्रिया की शुरुआत अक्तूबर में हो चुकी थी।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

**संभल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा क्राइम डेटा, जुआ एवं एन डी पी एस की कार्यवाही को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में गुंडों की संख्या बढाने तथा वास्तविक गुंडों पर कार्यवाही करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। थाना वार लंबित गैंगस्टर को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी । जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि नवीन तथा पुराने गैंगस्टर पर एक समीक्षा बैठक बुलायी जाए ताकि कोई त्रुटि ना हो सके। नकली खाद की बिक्री को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जगह चिन्हित की जाएं ताकि उन पर कार्यवाही की जा सके। अभियोजन अनुमति शेष तथा भूमि विवाद पर भी चर्चा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ठियाबंदी को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी स्थान पर ठियाबंदी ना हटे यह सुनिश्चित किया जाए। वाहनों की चैकिंग से संबंधित जनपद के प्रमुख एंट्री प्वाइंट को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इनको चिन्हित करते हुए वहां आर्किटेक्ट के माध्यम से नक्शा बनवाते हुए निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शुगर मिल के माध्यम से गन्ना ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे रिफ्लेक्टर एवं लाल कपड़े पर रिफ्लेक्टर पट्टी लगवाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुशील कुमार चौबे, उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी, उप जिलाधिकारी गुन्नौर आनंद कटारिया, उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, डिप्टी कलक्टर रमेश बाबू, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक तिवारी, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर डॉ.प्रदीप कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चंदौसी एवं समस्त थानाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निपुण संभल बनाने के लिए गोष्ठी प्रांरभ की गयी

अवधनामा संवाददाता

**सभल (बहजोई)** जनपद संभल के प्रत्येक दो न्याय पंचायत की निपुण संभल बनाने के लिए गोष्ठीप्रारंभ की गई। विकासखंड बहजोई के रायपुर कला में की गई जिसमें दो न्याय पंचायत पाठकपुर तथा रायपुर कला के सभी सहायक अध्यापक ,प्रधानाध्यापक, ग्राम सचिव ग्राम प्रधान ए आरपी, यस आर जी और खंड शिक्षा अधिकारी ,सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी ,मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित थे।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आगामी निपुण परीक्षा तथा राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को लेकर के सभी प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापकों से विचार विमर्श किया गया उनको निर्देश दिया गया की 100 प्रतिशत परिणाम लाना है प्रत्येक अध्यापक की निपुण परीक्षा को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई तथा परिणाम को ट्रैक करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद के निपुण संभल गोष्ठी को अन्य विकासखंड के विद्यालय को जूम से भी संबोधित किया गया उसमें निर्देशित किया गया कि आगामी 29 नवंबर को होने वाली द्व्ञ परीक्षा में प्रत्येक अध्यापक ओएमआर शीट का नियमित अभ्यास छात्रों को कराए जिस से जनपद संभल का परिणाम अच्छाआ सके मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी प्रधान के कार्यों की समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत नियमानुसार खर्च कर अवगत कराए प्रधान तथा प्रधानाध्यापक की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया प्रधान, राशन डीलर को बुलावा टोली में शामिल होने का निर्देश दिया गया जिससे छात्रों की उपस्थिति 100 प्रतिशत हो सके।

# परिवारों का लाइव डेटाबेस होगा तैयार

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** एक परिवार-एक पहचान, फैमिली आईडी कार्ड योजना के तहत प्रदेश में परिवारों का लाइव डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इसके आधार पर उन्हें राज्य और केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हर परिवार के पास फैमिली आईडी कार्ड होना चाहिए, जो परिवार को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का माध्यम बनेगा। यह ईज ऑफ लिविंग और गुड गवर्नेंस के आधार के साथ ही हर वंचित और गरीब को सीधा लाभ मिलेगा। फैमिली आईडी कार्ड के अन्तर्गत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित 76 से अधिक योजनाओं व सेवाओं को फैमिली आईडी से लिंक किया जा चुका है और शेष बची योजनाओं को परिवार आईडी कार्ड से आगे जोड़ा जाएगा।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने बताया कि फैमिली आईडी कार्ड से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त कराना आसान होगा। यह कार्ड 12 अंकों का होगा, जिसमें पूरे परिवार का विवरण होगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के सभी ब्लॉक, तहसील मुख्यालय, पंचायत स्तर पर सभी को फैमिली आईडी कार्ड के बारे में जानकारी दी जा रही हैं। ऐसे परिवार, जिनका राशन कार्ड नहीं है। वह फैमिली आईडी में पंजीकरण अवश्य कराएं।

जनपद में फैमिली आईडी आवेदन करने वाले आवेदकों का शत-प्रतिशत समयबद्ध सत्यापन कराया जा रहा हैं। फैमिली आईडी कार्ड बनाये जाने के लिए सभी बीडीओ व पंचायत सचिवों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रगति की दैनिक आधार पर मॉनिटरिंग की जा रही हैं। बताया कि जो पात्र हैं लेकिन लाभ से बाहर हैं।

गौरतलब हो कि दिव्यांग, विधवा, वृद्धावस्था पेंशन धारकों एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को प्राथमिकता से लाभान्वित किया जा रहा है। फैमिली आईडी पंजीकरण करने के लिए फैमिली आईडी पोर्टल familyid.up.gov.in पर स्वयं को पंजीकृत कर आवेदन कर सकते है। जिसके लिए आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर की आवश्यकता होती है। जिस पर ओटीपी प्राप्त किया जाता है।

फैमिली आईडी के सृजन के लिए आवेदक का विवरण भरकर परिवार के सदस्यों का पंजीकरण किया जा सकता है। इसके लिए आवेदक का आधार नंबर आवश्यक है। जनपद में फैमिली आईडी कार्ड बनाये जाने के लिए कुल 105999 लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। जिसमें 2010 फैमिली आईडी कार्ड बनाए जा चुके हैं।

# अध्यक्ष पद के लिए नेमिकुमार व राजेश देवलिया ने किया नामाकंन

- जिला बार एसोशियेशन में वार्षिक चुनाव को लेकर प्रक्रिया हुयी शुरू
- फाउंडेशन की एक बैठक आयोजित की गई



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बार भवन में जिला बार एसोसिऐशन के वार्षिक चुनाव 2024-2025 की नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुयी। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रकाशनारायण देवलिया एड. ने बताया कि अधिवक्ता नेमिकुमार जैन एड. व राजेश कुमार देवलिया एड. ने अध्यक्ष पद पर, सुधीर कुमार श्रीवास्तव एड. ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर, उपाध्यक्ष एक पद पर धर्मेन्द्र कुमार एड., कमलेश सिंह लोधी एड., गुरूवेन्द्र सिंह चौहान एड., पंकज शर्मा एड. एवं महासचिव पद पर संतोष सिंह यादव एड., हरिकृष्ण शुक्ला एड., शम्भूदयाल शर्मा एड., कोषाध्यक्ष पद पर विजय कुमार सिंह एड., सहसचिव प्रशासन पर अमित रिछारिया एड., सहसचिव पुस्तकालय पद पर छोटेलाल कुशवाहा एड., प्रशासनिक परिषद सदस्य पर वरिष्ठ क्रम में भागीरथ कुशवाहा एड. व रामगोपाल एड., प्रशासनिक कनिष्ठ क्रम में अमित ग्वाला एड., राहुल शुक्ला एड., लोकेश कुमार एड., पुष्पेन्द्र गोस्वामी एड. ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये। नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न कराने में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जीवनधर लाल जैन एड., सदस्यगण अशोक कुमार रिछारिया एड., जयकुमार चौधरी एड., प्रकाशचंद जैन एड., मुख्य चुनाव अधिकारी प्रकाशनारायण देवलिया एड. एवं सहचुनाव अधिकारी पवन जायसवाल एड., अजय कुमार मिश्र एड., विपिन विहारी सक्सेना एड., जी.एम.हर्षे एड. व कैलाशनारायण एड. एवं जिला बार एसोसिऐशन अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव एड., महामंत्री महेन्द्र कुमार जैन एड. एवं समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे व सहयोग किया।

# परिवार के सभी सदस्यों का आधार एवं मोबाइल नंबर आधार से लिंक होना अनिवार्य

- आवेदन के वक्त परिवार के सभी सदस्यों का मोबाइल ओटीपी के माध्यम से ईकेवाईसी करें
- जारी जिला सूचना कार्यालय सम्भल
- ज्ञान प्रकाश फाउंडेशन की एक बैठक आयोजित की गई



अवधनामा संवाददाता

**अमरोहा।** ज्ञान प्रकाश फाउंडेशन की एक बैठक फाउंडेशन के कार्यालय पर आयोजित की गई। इस बैठक में फाउंडेशन के पिछले एक माह में किए गए कार्यों का विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष राहुल कुमार ने की। उन्होंने ज्ञान प्रकाश फाउंडेशन के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस माह फाउंडेशन ने चार कन्याओं के विवाह में छोटा सा आर्थिक सहयोग प्रदान कर उनके परिवारों को सहयोग दिया है। आज भी एक कन्या की शादी के लिए 11 हजार का सहयोग किया गया है। यह न केवल हमारा दायित्व है बल्कि हमारी समाज सेवा की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है। एडवोकेट मनु शर्मा ने फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि ज्ञान प्रकाश फाउंडेशन ने समाज के वंचित वर्गों की सहायता में जो उल्लेखनीय भूमिका निभाई है वह प्रेरणादायक है। ऐसे कार्य समाज को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करते हैं।विनोद मौर्य ने भी फाउंडेशन के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ज्ञान प्रकाश फाउंडेशन का यह सेवा कार्य समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। हमारी कोशिश होगी कि इस अभियान को और व्यापक रूप देकर अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सके। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने समाज सेवा के इस पवित्र कार्य को जारी रखने का सामूहिक संकल्प लिया। ज्ञान प्रकाश फाउंडेशन ने यह संदेश दिया कि उनकी सेवा यात्रा केवल शुरुआत है और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान अभिनव मर्दान, राजेश कुमार, सुषमा देवी, राजीव प्रकाश, देवेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान

**सम्भल (बहजोई)** मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश में निवास करने वाले सभी परिवारों की जिनके पास राशन कार्ड नहीं है फैमिली आईडी बनाने की योजना शुरू की है गई है। इसी फैमिली आईडी से ही भविष्य में शासन की संचालित योजनाओं का लाभ मिलेगा। फैमिली आईडी को आधार नंबर होना अनिवार्य फैमिली आईडी के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार नंबर होना जरूरी है इसके साथ ही उनका आधार नंबर किसी मोबाइल नंबर से लिंक होना भी अनिवार्य है ताकि परिवार के सभी सदस्यों का मोबाइल नंबर ओटीपी के जरिए सत्यापित हो सके यदि आधार से लिंक नंबर बदल गया है तो आवेदक को नवीन व सही मोबाइल नंबर आधार से लिंक कराते हुए अपडेट करना होगा। कैसे करें फैमिली आईडी के लिए आनलाइन आवेदन आवेदक को अपना पंजीकरण फैमिली आईडी पोर्टल पर दिए गए रजिस्ट्रेशन लिंक के माध्यम से करना होगा आवेदक अपने नाम व मोबाइल नंबर के माध्यम से मोबाइल ओटीपी व कैप्चा का उपयोग कर पोर्टल पर पंजीकरण पूर्ण करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जश्ने इमाम सज्जाद का आयोजन किया गया



**संभल।** नगर के मुहल्ला हुसैन खॉ सराय स्थित इमामबाडे मे इमाम जैनुल आबेदीन की यौमे विलादत के उपलक्ष्य मे जश्ने सज्जाद के उनवान से महफिल का आयोजन किया गया जिसमें शायरो ने इमाम की शान मे कलाम पेश किये महफिल की शुरुआत डॉ आबिद हैदरी ने कलाम ए पाक की तिलावत से की इस के बाद नाते पाक पेश की गयी महफिल मे पैकर संभली जिया संभली एहकम सभली सलमान संभली मिनहाल मशरूर नकवी आदि शायरो ने कलाम पेश किये महफिल के आयोजक आदिल ने महफिल मे तशरीफ लाए लोगों का अभार जताया।

### कुन्दरकी विधान सभा के उपचुनाव के कारण यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी

**संभल (बहजोई)** जनपद मुरादाबाद में विधानसभा कुन्दरकी -29 उप-निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत दिनांक-20.11.2024 को समय सुबह 04.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी। कस्बा सम्भल से मुरादबाद जाने वाला भारी वाहन सम्भल से असमौली जोया से होकर मुरादाबाद जायेंगे तथा इसी मार्ग से वापस आयेंगे। कस्बा चन्दौसी से मुरादाबाद जाने वाला भारी वाहन चन्दौसी से शाहबाद रामपुर से होकर मुरादाबाद जायेंगे तथा इसी मार्ग से वापस आयेंगे।

### प्रतियोगिताओं से बच्चे विरासत के प्रति जागरूक होते हैं : योगेश कुमार

**मथुरा।** शहर के डेम्पियर नगर स्थित राजकीय संग्रहालय में आज वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती एवं विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें विभिन्न विद्यालयों से आए हुए दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत मनमोहक चित्र बनाए गए। संग्रहालय के उप निदेशक योगेश कुमार ने बताया कि संग्रहालय के शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिनका उद्देश्य बच्चों में कला एवं संस्कृति के प्रति लगाव उत्पन्न करना होता है। इस प्रकार की प्रतियोगियों से जहां एक ओर बच्चों में अपनी विरासत के प्रति जागरूकता आती है वहीं दूसरी ओर उनमें प्रेम एवं सदभावना का भी विकास होता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रिया, कल्याणम करोती वृंदावन, द्वितीय अभिषेक कुशवाह, आशा स्कूल, मथुरा कैंट,तृतीय आकांक्षा बिष्ट, वात्सल्य ग्राम वृन्दावन रहीं। इसके अतिरिक्त जया यादव, कल्याणम करोती, वृंदावन, प्रताप, कल्याणम करोती वृंदावन एवं कशिश पंकज शिक्षा सदन, मथुरा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

### तुवन ग्राउण्ड पर मेले की अनुमति को निरस्त करने की मांग

**ललितपुर।** सर्दियों का मौसम खेलकूद और इससे जुड़ी प्रतियोगिताओं के लिए काफी अनुकूल माना जाता है। इस मौसम में नई उम्र के खिलाडियों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। लेकिन शहर के मध्य एक भी खेल मैदान न होने और स्टेडियम शहर के बाहर हाईवे किनारे होने के कारण युवा खिलाडियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में खेल प्रतियोगिताओं के लिए शहर के मध्य स्थित मैदान में भी महीनों तक मेलों के आयोजन से लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। विगत कई दिनों से सोशल मीडिया पर खेल मैदान शहर के मध्य ही आवंटन की मांग जोर पकड़ रही है तो वहीं आगामी 28 दिसम्बर से 15 जनवरी तक आयोजित हो रहे लैदर बॉल टूर्नामेंट आयोजन के लिए जिला क्रिकेट एसोशियेशन रजिस्टर्ड ने अध्यक्ष शत्रुघन यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंच कर एसडीएम सदर चन्द्रभूषण प्रताप को डीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा है।

# ललितलोकवाणी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाएगा हमारे बुजुर्ग, हमारा अभिमान कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** साई ज्योति संस्था ललितपुर द्वारा संचालित सामुदायिक रेडियो स्टेशन ललित लोकवाणी के द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं सामुदायिक रेडियो एसोशिएसन के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष रेडियो कार्यक्रम श्रंखला सुरू कर रहा है हमारे बुजुर्ग ,हमारा अभिमान कार्यक्रम के तहत ब्रद्ध नागरिकों के जीवन गुणवत्ता मे सुधार के बारे मे जानकारी दी जाएगी।

स्टेशन मैनेजर पंकज तिवारी ने बताया की सामुदायिक रेडियो 90.4 ललितलोकवाणी को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार और सामुदायिक रेडियो संगठन की और से पांच माह के लिए रेडियो प्रोजेक्ट मिला है जो वृद्धिजनों को समर्पित है. इस प्रोजेक्ट के दौरान सरकार द्वारा बुजुर्गो के लिए चलाई जा रही सभी हितकर योजनाओं के लाभ से उनको अवगत कराना और सुविधाएं पहुंचना है। अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत ये कार्यक्रम चलाया जायेगा जिसमें 24 रेडियो कार्यक्रम और 10 नैरोकास्टिंग, आउटरीच गतिविधि भी करनी होंगी। पंकज तिवारी ने बताया की इस समय लगभग देश में 500 सामुदायिक रेडियो संचालित हैं जिनमे से सिर्फ 200 कम्युनिटी रेडियो को ही मंत्रालय की ओर से ये कार्यक्रम मिला है जिसमे उत्तरप्रदेश के प्रमुख 30 सामुदायिक रेडियो को ये प्रोजेक्ट मिला है जिसमें से एक ललितलोकवाण 90.4FM ललितपुर भी है। ललितलोकवाणी 2010 से संचालित और हमारा उद्देश्य श्रोताओं तक स्वास्थ्य,शिक्षा के साथ साथ खेती की भी जानकारी किसानो दी जाती है की कैसे खेती और पशु पालन की नई से नई जानकारी एक्सपर्ट के द्वारा उपलब्ध कराना, साथ ही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी भी पहुंचाई जाती है, जिससे सम्बंधित लोगो को फायदा भी हो रहा है, साथ साथ में आसपास के लोकल कलाकारों द्वारा लोकगीतों के माध्यम से लोगो को एक मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा रहा है और लोगो का मनोरंजन भी कराया जाता है।

## शहर में लगे अवैध होडिंग पर नगर निगम की बड़ी कार्यवाही, ठेकेदारों में मचा हड़कंप

**मथुरा।** नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने नगर में अवैध होर्डिंग के विरुद्ध अभियान चलाया। टीम ने 24 बड़े होर्डिंग और पोलों पर लगे 200 क्योस्क बोर्ड हटाए। निगम की इस कार्रवाई से होर्डिंग ठेकेदारों में खलबली मच गई। नगर निगम द्वारा दूसरे दिन सोमवार को अभियान चलाया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र यादव के नेतृत्व में निगम के कर विभाग, राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ प्रवर्तन दल की टीम ने अभियान चलाया। नगर निगम ने नरहौली चौराहा से धौली प्याऊ, धौली प्याऊ से स्टेट बैंक चौराहा, स्टेट बैंक चौराहे से डैंपियर नगर होते हुए क्वालिटी तिराहा होते हुए होली गेट तक अभियान चला। अभियान में जगह-जगह लगे 24 बड़े अवैध होर्डिंग और 200 बोर्ड और छोटे होर्डिंगों को हटाया गया। अभियान के दौरान कर अधीक्षक उम्मेद सिंह, राजस्व निरीक्षक यादवेंद्र कुमार, शंकर लाल शामिल रहे। इससे पहले शनिवार को जगह-जगह लगे उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के 40 होर्डिंग एवं पोलों पर लगे 100 से अधिक अवैध बोर्डों को हटाया गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को स्मरण कर दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** देश की प्रथम महिला पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, श्री मती इंदिरा गाँधी जी की 107 वीं जयंती पर होली गेट स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी आयोजित कर इंदिरा गांधी जी को यादकर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

इस अवसर पर अध्यक्षता करते हुए महानगर कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी जी के नेतृत्व एवं उनकी राजनीति कुशलता पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने देश को बुलंदियों पर पहुँचाया, तथा पूरे देश में सरकारी कारखाने, फैक्ट्री स्थापित की, जिससे जनता को लाभ प्राप्त हुआ, अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने इंदिरा गाँधी जी को एक-चमत्कारिक व्यक्तित्व बताते हुए उनके बताये गये देश भक्ति, राष्ट्रप्रेम के संदेश पर चलने का आवाहन किया उनके दृढ़ इच्छाशक्ति, साहस एवं महिला शक्ति की सच्ची मिसाल, भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

मजबूत इरादों, निर्भीक फैसलों एवं कुशल नेतृत्व से इंदिरा जी ने विश्व में भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अभूतपूर्व योगदान दिया।

मथुरा लोकसभा इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर में इस अवसर पर कहा कि इंदिरा गाँधी जी देश ही नहीं वरन् सम्पूर्ण विश्व की महान राजनेता थी, उन्होने भारत राष्ट्र को उन्नति के शिखर पर पहुँचाया, उन्होंने सन 1969 में बैंको का राष्ट्रीकरण करके लाखों लोगों को रोजगार दिलाया, लेकिन दुर्भाग्य है कि एक ऐसा व्याति देश का नेतृत्व कर रहा है, जो कि बैंकों को नष्ट या बंद कर रहा और देश की सम्पत्ति को बेच रहा है। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर शर्मा ने करने किया।

# सत्य निष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में रिफाइनरी के सहयोग से ÷सत्य निष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि÷ विषय पर भाषण प्रतियोगिता दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को कॉलेज कैंपस में आयोजित की गई थी। उसमें घोषित विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह में प्रथम पुरस्कार रितेश गौतम, द्वितीय पुरस्कार दीप्ति शर्मा, तृतीय पुरस्कार विशन सिसोदिया एवं सांत्वना पुरस्कार चारू दिक्षित एवं प्रियंका माहोर को प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार अग्रवाल, प्रोफेसर राजेश अग्रवाल, रिफाइनरी से मनीष जोशी डीजीएम विजिलेंस, राजदीप चौड़ा सीनियर मैनेजर , बी के शर्मा मैनेजर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ नवीन अग्रवाल, एनसीसी प्रभारी डॉ कपिल कौशिक द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। मतदाता पंजीकरण जन जागृति अभियान के तहत सभी छात्र-छात्राओं को सूचित करना है कि निर्वाचन आयोग, भारत सरकार एवं मथुरा जिला प्रशासन के द्वारा नये मतदाता बनाए जाने हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण नामांकन अभियान - 2025 दिनांक 23 एवं 24 नवंबर 2024 तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिन छात्र-छात्राओं की उम्र 01 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष पूर्ण हो रही है। वह छात्र-छात्राएं भारत निर्वाचन आयोग के अंतर्गत ऑनलाइन एवं ऑफलाइन नये मतदाता बनने के लिए योग्य (अर्ह, qualify) हैं। ऐसे सभी छात्र-छात्राएं भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता बनने हेतु भूगोल विभाग से फॉर्म नंबर 6 प्राप्त करके उस पर अपना फोटो, आधार कार्ड की छाया प्रति एवं अपने परिवार के किसी सदस्य की वोटर आईडी की छाया प्रति संलग्न कर 24 नवंबर 2024 तक फॉर्म नंबर 6 को कंप्लीट करके भूगोल विभाग में जमा करा दें जिससे उनका नया वोटर आईडी (मतदाता परिचय पत्र, निर्वाचन आयोग, भारत सरकार) अतिशीघ्र बन सके। और अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर सके जिससे स्वस्थ मजबूत लोकतंत्र की स्थापना हो सके।

# ब्लॉक स्तरीय खो-खो प्रतियोगिताओं में निरमा व अभिषेक बने चैंपियन

अवधनामा संवाददाता

**बलदेव (मथुरा)।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत विकास खंड बलदेव में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन श्री बलभद्र इंटर कॉलेज में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार, प्रधानाचार्य बलभद्र इंटर कॉलेज केपी सिंह एवं ब्लॉक व्यायाम शिक्षक ब्रजेश यादव द्वारा सामूहिक रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। खेल प्रतियोगिताओ में प्राथमिक स्तर में बालिका वर्ग में संविलित विद्यालय नूरपुर की छात्रा निरमा ने 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय पश्चिमी बलदेव के छात्र अभिषेक ने 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में गुंजन किशनपुर, अंजलि दघेटा, शिवानी नगला बली ने क्रमशः 200,400,600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में धीरज अमीरपुर ने 100,200,400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में शाहपुर अड्डा, पश्चिमी बलदेव, भरतिया तथा किशनपुर की टीम ने क्रमशः प्राथमिक बालक, बालिका, जूनियर बालक, बालिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में नगला बली की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत करते हुए जिला स्तर पर बेहतर करने के लिए प्रेरणा दी। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में समुद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, जितेन्द्र, नरेन्द्र, महेश,विजेंद्र,जयकोल, योगेश आदि का प्रमुख रूप से सहयोग रहा। धन्यवाद ज्ञापन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक ब्रजेश यादव ने किया। संचालन गौरीशंकर ने किया।

## सड़क दुर्घटना: बाइक सवार चार छात्रों को बस ने रौंदा

**मथुरा।** थाना मगोर्रा क्षेत्र स्थित जाजमपट्टी पर मंगलवार की सुबह बाइक सवार चार छात्रों को निजी बस चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी छात्र कृष्ण प्यारी शुक्ला कॉलेज के हैं। वे एग्रीकल्चर से बीएससी के छात्र बताए जा रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। यहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत के चलते उसे आगरा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। इधर सूचना मिलने के बाद परिजन जिला अस्पताल और उसके बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहित तोमर ने बताया कि मंगलवार की सुबह भरतपुर के रहने वाले चार छात्र एक बाइक पर कॉलेज के लिए जा रहे थे। जाजमपट्टी के समीप उन्हें प्राइवेट बस चालक ने टक्कर मार दी। इसमें भरतपुर के बयाना स्थित मनपुरिया निवासी 20 वर्षीय रितेश, चेतन, मुकुल की मौके पर ही मौत हो गई।

# महिला सशक्तिकरण के बिना विकास की परिकल्पना मुश्किल : प्रो.शास्त्री

- नेमवि में महारानी लक्ष्मीबाई के जन्म दिवस पर हुयी भाषण प्रतियोगिता



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत आयोजित मिशन शक्ति फेज-05 कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई के जन्म दिवस पर एक संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने छात्र-छात्राओं को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढने तथा किसी से भी ना डरते हुए जीवन में तरक्की करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां तो मां दुर्गा का अवतार होती हैं। प्राचीन काल से नारियों की पूजा की जाती है। हम सभी को मिलकर महिला सशक्तिकर पर बल देना होगा, ताकि महिलायें हमारे देश की अर्थव्यवस्था में पुरुषों के जितना अपना योगदान दे सके। महिला सशक्तिकरण के बिना किसी भी परिवार का पूरी तरह से विकास होना बहुत मुश्किल है। अगर हमारे समाज में महिलाएं सशक्त हो जाती है तो हमारा पूरा का पूरा समाज पूरी तरह से सशक्त हो जायेगा। कृषि विभाग के विभाग अध्यक्ष डा.हरिश्चंद्र दीक्षित ने छात्राओं को उनकी समस्याओं को ना छुपाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि वह अपने अधिकारों की पहचान करके ही समाज को विकास की ओर अग्रेषित करेंगी। कार्यक्रम का संचालन डा.राजीव निरंजन ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से जानवी साहू, रिंकी यादव, प्रतिष्ठा, यश, अमन, प्रिंसी, साक्षी आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में महाविद्यालय की मिशन शक्ति की संयोजक डा.वर्षा साहू ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# समस्त विकास कार्यों की नियमित मानीटरिंग कर प्रगति को लक्ष्य के सापेक्ष बनाये रखें : मण्डलायुक्त

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने मण्डल के जनपदों में हुए विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों की नियमित रूप से मानीटरिंग करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति को बनाये रखना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य विकास अधिकारियों को भी नियमित रूप से समीक्षा किए जाने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्रगति के आधार पर सोमवार को अपने कार्यालय सभागार में आयोजित मण्डलीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डैशबोर्ड पर जो भी विसंगतियाँ पाई गयी हैं, सम्बन्धित अधिकारी तत्काल मुख्यालय से सम्पर्क कर उसे सही करा लें। उन्होंने विभागवार कार्यों की समीक्षा के दौरान पशु पालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण हेतु स्थापित गोआश्रय स्थलों में क्षमता से अधिक गोवंशों को नहीं रखा जायेगा। यदि किसी आश्रय स्थल में अधिक गोवंश हैं तो उसे नियमानुसार अन्य स्थलों पर भेजने की कार्यवाही की जाय। मण्डलायुक्त ने वन विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्रों का सर्वे करा कर वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त स्थलों का चयन कर लें तथा इसके लिए अलग से कार्य योजना भी तैयार कर लें, ताकि आगामी वृक्षरोपण अभियान के दौरान चयनित स्थानों पर अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण कर नगरीय क्षेत्रों को हरा भरा किया जा सके। उन्होंने राशन कार्डों हेतु फैमिली आईडी की समीक्षा में पाया कि आजमगढ़ में 18,604, बलिया में 4,822 एवं मऊ में 4,916 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदनों में आजमगढ़ में 11,945, बलिया में 1,997 एवं मऊ में 3,139 आवेदन स्वीकृत हुए हैं, जबकि आजमगढ़ में 4,411, बलिया में 2,425 एवं मऊ में 1,749 आवेदन अस्वीकृत हैं तथा शेष आवेदन पर कार्यवाही की जा रही है। अस्वीकृत आवेदनों के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि इसमें अधिकांश आवेदन ऐसे हैं जिनके राशन कार्ड पहले से बने हुए हैं तथा उनके द्वारा आवेदन कर दिया गया है। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने इसी क्रम में मण्डल के जनपदों में धान क्रय की स्थिति का भी जायजा लिया। संभागीय खाद्य नियन्त्रक द्वारा बताया गया कि स्वीकृत सभी क्रय केन्द्र क्रियाशील हो गये हैं। यह भी बताया गया कि मण्डल के जनपदों में तहसीलों द्वारा 12 हजार 859 कृषकों का सत्यापन हो चुका है, लगभग 5 हजार का सत्यापन होना अवशेष है।

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि और गोष्ठी आयोजित

**लखनऊ।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि और गोष्ठी आयोजित हुई। इस मौके पर वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। जयंती कार्यक्रम में कांग्रेस मुख्यालय में इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संगोष्ठ को सम्बोधित करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि इंदिरा गांधी बहुमुखी प्रतिभा के साथ दृढ़ इच्छा शक्ति रखने वाली थीं और विश्व पटल पर आयरन लेडी के रूप में जानी जाती थीं। इंदिरा गांधी ने देश के विकास में जो अपना बहुमूल्य योगदान दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश में बैंकों के राष्ट्रीयकरण, प्रीवी पर्स को खत्म करना, भूमिहीन खेतिहर किसानों को भूमि का स्वामित्व प्रदान करना जैसे तमाम ऐसे निर्णय लिये और देश को राजनीतिक, आर्थिक व सामरिक क्षेत्र में जो मजबूती प्रदान की उसी का परिणाम है कि आज देश उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है।

# लखनऊ से प्रयागराज तक मेमू ट्रेन के चलाये जाने की योजना

■ 50 करोड़ श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आने की है संभावना

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ से प्रयागराज तक दिसम्बर के दूसरे सप्ताह से मेमू ट्रेन के चलाये जाने की योजना है। इसके अलावा बनारस, अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, कानपुर, गाजीपुर, बलिया और आजमगढ़ से भी कई पैसेंजर और मेमू ट्रेनों को चलाये जाने की योजना है। जनवरी से शुरू हो रहे महाकुम्भ में इस बार 50 करोड़ श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आने की योजना है। महाकुम्भ को लेकर रेलवे लखनऊ समेत कई शहरों से प्रयागराज के लिए मेमू ट्रेनों का संचालन करेगा। यात्रियों को इन ट्रेनों की पूरी जानकारी मिल सके। इसके लिए इनको पहले ही चलाने की योजना है। जिससे पता चल सके कि उनके शहर से किस टाइम पर कितनी मेमू चल रहीं हैं। महाकुम्भ में स्नान के लिए सबसे ज्यादा भीड़ होगी। देश भर के कोने कोने से स्पेशल ट्रेनों को चलाये जाने की योजना के बीच उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने निर्णय लिया है कि आसपास के शहरों से भी प्रयागराज के लिए मेमू ट्रेनों का संचालन किया जाये, जिससे कि आसपास के श्रद्धालुओं को आसानी से पहुंचाया जायेगा। इसके लिए विभिन्न शहरों से करीब 100 से ज्यादा मेमू ट्रेनें दौड़ सकती हैं। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधिकारियों के मुताबिक इन ट्रेनों का संचालन दो से तीन सप्ताह पहले से शुरू कर दिया जायेगा। जिससे कि इन ट्रेनों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार हो सके। महाकुम्भ में प्रयागराज के अलावा अयोध्या और वाराणसी में जाने वाले लोगों की भी भीड़ रहती है।

रेलवे की योजना है कि इन तीनों शहरों को कनेक्ट करने वाली ट्राएंग्युलर ट्रेनों का भी संचालन किया जाये। इसके लिए रेलवे बोर्ड को डिमांड भेजी गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही इन ट्रेनों का अप्रूवल आ जायेगा। उसके बाद आगे की कार्ययोजना पर काम किया जायेगा।

### 550 शटल बसें चलेंगी, बनेंगे 8 अस्थाई बस अड्डे

550 शटल बसें चलेंगी, बनेंगे 8 अस्थाई बस अड्डे परिवहन निगम भी महाकुम्भ में सात हजार बसों का संचालन करेगा। इसके अलावा 550 शटल बसें भी चलाई जायेंगी। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने कहा है कि 8 अस्थाई बस स्टेशन बनाये जायें। झूसी बस स्टेशन, दुर्जनपुर बस स्टेशन, सरस्वती गेट बस स्टेशन, नेहरू पार्क बस स्टेशन, बेली कछार बस स्टेशन, बेला कछार बस स्टेशन, सरस्वती हाइटेक सिटी मेनू और लेप्रोसी मिशन बस स्टेशन हैं।

# टिकट न बनाने पर यात्रियों ने किया जमकर हंगामा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर के बाहर खड़े यात्री टिकट की मांग करते रहे लेकिन कर्मचारी ने टिकट देने के बजाय कहा कि काउंटर बंद है, टिकट नहीं दिया जायेगा। मंगलवार को हुई इस घटना में कर्मचारी ने टिकट बनाने मना कर दिया तो यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। यात्रियों ने कर्मचारी पर टिकट काउंटर पर शराब पीकर बैठने का आरोप लगाया। मौके पर मौजूद एक यात्री ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर रेलवे सेवा और लखनऊ डीआरएम को टैग कर कार्रवाई करने की मांग की। वहीं लखनऊ मंडल के डीआरएम ने पूरे प्रकरण की जांच का निर्देश दिया। यात्री सोनू यादव ने बताया कि एक घण्टे स्टेशन पर खड़े थे, लेकिन कर्मचारी ने टिकट नहीं दिया। वह शराब पीकर आया था। वीडियो बनाया तो मोबाइल खींचने का प्रयास किया। रेलवे स्टाफ भी शराब पीकर बैठे कर्मचारी को डांट रहा था। यात्री अंशुल गिरी ने बताया कि टिकट काउंटर पर बैठा कर्मचारी न तो टिकट काट पा रहा था और न ही रुपये गिन पा रहा था। यात्रियों की बात को अनसुना कर रहा था। टिकट की डिमांड करने और शिकायत करने पर यात्रियों का मोबाइल छीनने का प्रयास करते। मामले में एक्शन होना चाहिए। उत्तर रेलवे के डीआरएम एसएम.शर्मा ने मामले पर कहा कि सोशल मीडिया से वीडियो मिला है जिसमें यात्रियों ने जो आरोप लगाये हैं उसकी जांच की जायेगी। ड्यूटी के दौरान अगर टिकट कर्मचारी के नशे में होने की पुष्टि होती है तो कार्रवाई की जायेगी।

## बसों के बेहतर संचालन के लिए चालकों की कमी को दूर किया जायेगा

**लखनऊ।** उप्र परिवहन निगम बसों के बेहतर व नियमित संचालन के लिए चालकों की कमियों को शीघ्र ही पूरा किया जायेगा। इसके लिए 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक परिवहन निगम विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार मेले के आयोजन के माध्यम से संविदा चालकों की भर्ती करेगा। 28 नवम्बर को नोयडा, आगरा, मुरादाबाद, लखनऊ एवं गोरखपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 2 दिसम्बर को गाजियाबाद, अलीगढ़, बरेली, अयोध्या एवं वाराणसी, 6 दिसम्बर को मेरठ, इटावा, हरदोई, देवीपाटन एवं आजमगढ़, 10 दिसम्बर को सहारानपुर, झांसी, कानपुर, चित्रकूटधाम, बांदा एवं प्रयागराज में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि रोजगार मेले के माध्यम से आगामी माह तक 7188 चालक संविदा के आधार पर परिवहन निगम की ओर से संचालित बसों में, अनुबंधित बसों सहित रखे जायेंगे। महाकुम्भ के सफल आयोजन के लिए परिवहन निगम की तरफ से 7000 बसों का संचालन किया जाना है।

# अंतरराष्ट्रीय भागीदारी उत्सव पारम्परिक वाद्यों का शो आकर्षण का केन्द्र बना



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जनजाति विकास विभाग, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय भागीदारी उत्सव में मंगलवार को पारम्परिक वाद्यों का शो आकर्षण का केन्द्र बना। इसके साथ ही गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी परिसर के हॉल में जनजाति विरासत संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर हुई संगोष्ठी में जानकारी विस्तार से दी गई। समरीन के कुशल संचालन में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में असम, छत्तीसगढ़, पंजाब और राजस्थान से लेकर झारखंड तक के कलाकारों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां हुई। राजस्थान के आये तेजपाल दल ने कच्छी घोड़ी नृत्य का प्रभावी प्रदर्शन किया। इसके साथ ही उड़ीसा का घुड़का नृत्य वासुदेव के निर्देशन में किया गया। उमेश निर्मलकर के निर्देशन में हुए छत्तीसगढ़ के भुंजिया आदिवासी नृत्य पेश किया गया। मांगलिक अवसरों पर किये जाने वाले इस नृत्य में पुरुष धनुष बाण और महिलाएं डलिया लेकर एक साथ घेरे में नृत्य करते हैं। असम के दल ने पारम्परिक बर्दोई शिखला नृत्य किया। इसमें महिलाओं ने लाल पीले रंग की वेशभूषा धारण की हुई थी। पंजाब का शम्मी नृत्य सतवीर कौर बग्गा के निर्देशन में किया गया। इस महिला नृत्य में प्रेमिका का उल्लास, प्रेम और श्रंगार जोश के साथ प्रस्तुत किया जाता है। झारखण्ड का खड़िया नृत्य अनीता डुगडुग के निर्देशन में किया गया। इसमें कमर में हाथ डालकर महिलाएं एक घेरे में ढोल के थाप के साथ आगे पीछे चलकर सुंदर संयोजन का प्रदर्शन करती हैं। इसमें कलाकारों के सिर पर मोर भी शोभायमान हो रहा था। सिक्किम का लेपचा नृत्य पिनसुख के निर्देशन में पेश किया गया। इस नृत्य की खासियत यह है कि यह संदेश देता है कि जिस तरह हम लोगों को आजादी पसंद है ठीक उसी तरह जंगल के पशु पक्षियों को भी स्वतंत्रता भाती है। इसलिए हमें एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए। छत्तीसगढ़ के संजू सेन ने लोक वाद्यों का मंचीय प्रदर्शन कर भारत की उन्नत परंपरा की सशक्त झांकी पेश की।

# कृषि संकाय के छात्रों ने संतुलित आहार के बारे में ली जानकारी

■ नारायण महाविद्यालय के कृषि स्नातक के छात्रों ने किया भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** आर्य गुरुकुल महाविद्यालय सिरसागंज के प्रांगण में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के अवसर पर ज्ञान ज्योति पर्व स्मरणोत्सव मनाया गया। इस विराट आर्य महाकुंभ के अवसर पर नारायण महाविद्यालय के कृषि स्नातक फाइनल ईयर के छात्रों को डॉ. मनमोहन सिंह राजपूत, सह प्राध्यापक नारायण डिग्री कॉलेज के सानिध्य में कान्हा गौशाला सिरसागंज का भ्रमण किया गया। इस दौरान मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद डॉक्टर अरुण कुमार द्वारा पशुपालन एवं पशु स्वास्थ्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। छात्रों को गोवंश एवं अन्य पशुओं की देसी एवं विदेशी नस्लों के बारे में जानकारी दी। कृषि के साथ पशुपालन अपनाकर आय में वृद्धि को मुख्य व्यवसाय बताया गया। डॉ अरुण कुमार ने स्वामी दयानन्द सरस्वती के सामाजिक विचारों के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि वेदों की और लौटकर समाज को सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वासों एवं कुप्रथाओं से मुक्त कराना होगा।

डॉ दीपा उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा दुधारू पशुओं के अच्छे स्वास्थ्य एवं उत्पादन हेतु संतुलित आहार की महत्ता के बारे में बताया। छात्रों द्वारा किए गए प्रश्नों के उत्तर दिए। डॉ संजय कुमार निरंजन पशु चिकित्सा अधिकारी मदनपुर द्वारा पशुओं में होने वाली सामान्य बिमारियों एवं उनसे बचाव हेतु जानकारी दी। डॉक्टर रुचि सिंह गौर द्वारा गाय एवं भैंस के बच्चों की मृत्यु दर कम करने हेतु समय पर अंतह परजीवी व वाह्य परजीवियों से बचाव हेतु जानकारी दी। डॉ. मनमोहन सिंह राजपूत असिस्टेंट प्रोफेसर नारायण कॉलेज ने देसी और विदेशी गाय के 1 एवं 2 दूध के बारे में जानकारी दी।

## गिरधर मालवीय के निधन पर अजय राय ने जताया दुख

**लखनऊ।** भारत रत्न बीएचयू के प्रणेता महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के सुपौत्र गिरधर मालवीय के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री राय ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस असह्य दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की। श्री राय ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय गिरधर मालवीय ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं बीएचयू के चांसलर सहित विभिन्न पदों पर रहते हुए समाज के कमजोर वर्गों एवं शिक्षा जगत के लिए दिये योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

## तनुज पुनिया आज संभालेंगे पद

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन बाराबंकी के सांसद तनुज पुनिया बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे। दोपहर 2:30 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पदभार ग्रहण करने के दौरान कांग्रेसी श्री पुनिया का स्वागत करेंगे।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री आयरन महिला, भारत रत्न स्वश इंदिरा गांधी की जयंती पर आज आनंद भवन मे महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन जी के नेतृत्व मे मनाई गई।

इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए प्रदीप ने बताया कि स्व इंदिरा गांधी एक सशक्त भारत के निर्माण में अपने आप को न्योछावर कर दिया। उन्होने गरीबी उन्मूलन के लिए ठोस कदम उठाते हुए बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया जिससे लोगों को महाजनी प्रथा से छुटकारा मिला। इंदिरा ने कहा कि मेरे खून का एक एक कतरा देश की एकता अखंडता के प्रति समर्पित है। जब देश मे सूखा और भुखमरी आई तब इंदिरा जी ने हरित क्रांति लेकर आई ऐसी नेता ना कभी हुई है ना कभी होंगी। तत्पश्चात सर्किट हाउस स्थित स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गाँधी की प्रतिमा पर समस्त कांग्रेसियों ने माल्यार्पण किया। स्व इंदिरा जी की जयंती पर श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रुप से प्रदीप मिश्र अंशुमन, अरुण तिवारी, सुधाकर तिवारी, राजेश राकेश, रघुनाथ द्विवेदी, विनय पांडेय, फुजैल हाशमी, किशोर वार्ष्णेय, संजय तिवारी, दिवाकर भारतीय, मुकुंद तिवारी, विजय मिश्र, अशफाक़ अहमद, विनय दुबे, लल्लन पटेल, राम मनोरथ सरोज, महेश त्रिपाठी, आशीष पांडेय, अजेंद्र गौड़, सुशील मिश्रा, दिनेश सोनी, राम छबिले मिश्र, इरशाद उल्ला, विक्रम पटेल, देवराज उपाध्याय, अरविन्द पांडेय, अफ़रोज़ अहमद, रचना पांडेय, दिलीप पटेल, प्रतिमा त्रिपाठी, राज बहादुर गुप्ता, प्रवीण गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जयंती मनाने के बाद सभी लोग मदन मोहन मालवीय के पौत्र पूर्व गिरधर मालवीय के निधन पर उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## नाजायज़ असलाह सहित एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा शातिर अपराधी लखन को मय नाजायज असलाह व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध करीब आधा दर्जन से अधिक अभियोग दर्ज है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधाकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त लखन पुत्र महेन्द्र निवासी गिहार वस्ती थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को मय नाजायज असलाह एक अदद तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस के मुखविर की सूचना पर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 507/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है, अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर समय से माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

# विश्व बाल दिवस : बच्चों के आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्व बाल दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश के सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, बहराइच, रायबरेली एवं लखनऊ के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 350 बच्चों ने लखनऊ में आयोजित 'प्रगति 2024- स्वाभिमान और सफलता की ओर' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन यूनिसेफ एवं समग्र शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों के आत्मसम्मान को बढ़ावा देना एवं उन्हें प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में विश्व बाल दिवस की बधाई देते हुए यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के प्रमुख, डॉ ज़कारी ऐडम ने बच्चों को बाल अधिकार के विषय में बताया। उन्होंने कहा, बच्चों को अपने अधिकारों के विषय में जानना चाहिए और अपने आत्मसम्मान को भी बनाए रखना चाहिए÷। उन्होंने बच्चों को बताया की 2024 भारत में यूनिसेफ का 75वां वर्ष है और इस वर्ष 20 नवंबर को हम संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौते के भी 35 वर्ष मन रहे हैं। इस बार बाल दिवस का थीम 'भविष्य की बात सुनें' है।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा लिंग समानता, आत्मसम्मान, विज्ञान, भेदभाव एवं विविधता विषयों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं एक प्रदर्शिनी का भी आयोजन किया गया जिसमें अध्यापकों के लिए टीचिंग लर्निंग सामग्री भी प्रदर्शित की गई। अलग अलग विद्यालयों के बच्चों ने अपने द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्यों को भी प्रदर्शित किया। बच्चों ने अपने सपनों के स्कूल संबंधित एक ज्ञापन शिक्षा विभाग के अधिकायों को भेंट किया।

# अमरोहा शहर इंस्पेक्टर संजय सिंह को हमेशा याद रखेगा: खुर्शीद हैदर

अवधनामा ब्यूरो



**अमरोहा/लखनऊ।** अंजुमन रज़ाकाराने हुसैनी रजिस्टर्ड के तत्वाधान में एल आई.यू इंस्पेक्टर संजय सिंह के पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर एक स्वागत समारोह शहर के प्रख्यात शिक्षण संस्थान आई एम इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसकी सदारत शिया इमाम जुमा मौलाना डा सैय्यद सियादत नक़वी व संचालन डॉ चंदन नकवी ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अंजुमन के सचिव खुर्शीद हैदर ज़ैदी ने संजय सिंह के कार्यों पर रोशनी डाली और कहा कि आपकी पदोन्नति आपकी मेहनत ईमानदारी का परिणाम है, आपके प्रयासों ने आपको उस स्थान पर पहुँचाया है जहाँ आप आज हैं। लगभग 14 वर्षों तक आप अमरोहा में रहे। प्रमोशन मिलने के साथ-साथ जिम्मेदारियां और विभाग के प्रति जवाबदेही अधिक बढ़ जाती हैं। मौलाना डा सियादत नक़वी ने अपनी तकरीर में अपने दुआइया कलमात में कहा कि मेरी दुआ है कि संजय सिंह जी भविष्य में अपने अनुभव का लाभ उठाते हुए इसी तरह पूरी निष्ठा ईमानदारी मेहनत और लगन के साथ इस सिलसिले को जारी रखे और जनता के प्रति मधुर व्यवहार को जारी रखे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मै 2010 में बहिसयत उप निरीक्षक के अमरोहा आया था लेकिन आप लोगों की दुआओं से मुझे तरक्की मिली है आपने जो मेराअभिनंदन किया है, उसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं। इस अवसर अवसर पर मुख्य रूप से मौलाना डा सैय्यद अहसन अख्तर, डा जमशेद कमाल, इमदाद आबिदी, अध्यक्ष मुस्लिम कमेटी हाजी खुरशीद अनवर, महासचिव अब्दुल क़य्यूम राइनी, हुसैन हैदर हुसैनी, गुफरान मेहदी नजमी, सैय्यद युनूस ज़ैदी, कमर नकवी,अली इमाम रिज़वी, खालिद सिद्दीकी, इकराम हुसैन ज़ैदी, इकबाल खा, सैय्यद तकी खान, लियाकत अमरोहवी, सिब्ते सज्जाद नकवी, गुलरेज़ अब्बास आदि व अन्य लोग मौजूद थे। इमदाद आब्दी नायब काईद ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# जनेश्वर मिश्र पार्क में बोटिंग का मजा ले सकेंगे लोग

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार जनेश्वर मिश्र पार्क में घूमने आने वाले लोग अब बोटिंग का मजा भी ले सकेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को फ्लोटिंग डेक पर फीता काट कर बोटिंग सेवा का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, मुख्य अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम और उद्यान अधिकारी शशि भारती सहित अन्य अधिकारी व अभियंतागण मौजूद थे। बोटिंग सेवा का शुभारम्भ करने के बाद लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क में लोग लम्बे समय से बोटिंग सेवा शुरू करने की मांग कर रहे थे। इसे ध्यान में रखते हुए 19 नवम्बर से पार्क में बोटिंग सेवा शुरू करा दी गयी है। बोटिंग सेवा के लिए गेट नम्बर 6 के पास राष्ट्र ध्वज के पीछे वॉटर बॉडी में फ्लोटिंग डेक बनाया गया है, जहां से 40 पैडल बोट व 10 बैटरी चलित बोट्स का संचालन किया जाएगा। वर्तमान में 12 बोट संचालित कराई गयी हैं। शेष 38 बोट्स जल्द ही बेड़े में शामिल कराई जाएंगी। पैडल व बैटरी चलित बोट में एक बार में 4 लोग बोटिंग कर सकते हैं। बोट के लिए प्रति व्यक्ति 50 रुपये टिकट लगेगा, जिसमें 20 मिनट बोटिंग का वक्त मिलेगा। बोट्स का संचालन व अनुरक्षण टाइगर टीम स्पीडश कम्पनी की ओर से किया जाएगा, जिसमें लिए कम्पनी ने लविप्रा से 5 साल का अनुबंध किया है। प्रथमेश कुमार ने बताया कि बोटिंग सेवा में लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके तहत बोटिंग करने वाले हर व्यक्ति को सेवा प्रदाता कम्पनी के ऑपरेटर लाइफ जैकेट उपलब्ध कराएंगे, जिसे पहनना जरूरी होगा। इसके अलावा कम्पनी किसी भी आपात स्थिति में बचाव के लिए 2 मोटर चलित रेस्क्यू बोट स्टीमर रखी गयी हैं, जिसमें प्रशिक्षित ऑपरेटरों की तैनाती की गयी है।

## ओबीसी रेल कर्मचारियों के हित में ज्ञापन सौंपा

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे ओबीसी रेल कर्मचारी एसोसिएशन जोन गोरखपुर के सम्मानित अध्यक्ष एसबी. यादव एवं नव निर्वाचित महामंत्री सीपी. वर्मा के साथ एक प्रतिनिधि मण्डल ने एआईआरएफ के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मण्डल की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे में कार्यरत ओबीसी रेल कर्मचारियों एवं एसोसिएशन के हित से सम्बन्धित एक ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गये ज्ञापन में मांग की गई कि यूपीएस और ओपीएस के सभी प्रावधान समाहित एवं बहाल कराये जाये, जोनल एवं मण्डल स्तर पर अनौपचारिक बैठक के स्थान पर स्थाई वार्तातन्त्र पीएनएम की सुविधा प्रदान की जाये और शाखा स्तर शाखा अध्यक्ष, शाखामंत्री को कार्ड पास की सुविधा प्रदान कराई जाये। जिस पर फेडरेशन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने रेलवे बोर्ड से पालन कराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी हित को देखते हुए ट्रेड यूनियन के जोनल चुनाव में पूर्वोत्तर रेलवे ओबीसी रेल कर्मचारी एसोसिएशन जोन गोरखपुर ने यूनियन चुनाव में अपना समर्थन देने की भी बात कही।

# आचार्य अभिभावक संगोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानन्द नगर सुल्तानपुर में आचार्य अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर कक्षाओं के भैया बहनों के अभिभावकों की अलग-अलग दो सत्रों में संगोष्ठी आयोजित की गई। आगन्तुक अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं वन्दना के पश्चात् विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या रंजना पाण्डेय जी ने आचार्य अभिभावक संगोष्ठी की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए आमंत्रित अतिथियों का परिचय कराया। छात्रों एवं उनके माता-पिता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्या भारती अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित हमारे विद्यालय में हम एक तरफ भैया बहनों की संस्कार युक्त शिक्षा पर बल देते है, तो वहीं उनके सर्वांगीण विकास पर पूर्व निर्धारित योजना बनाकर वर्ष भर कार्य करते रहते हैं। हमारा उद्देश्य एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है। इस गोष्ठी के माध्यम से आप के द्वारा अपने पाल्य के सम्बन्ध जो भी सुझाव दिए जाएंगे।वह हमारे लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण हैं।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि भैया बहनों के सर्वांगीण विकास हेतु हम सतत् प्रयत्नशील हैं। जिसका परिणाम यह है कि हमारे भैया बहनें शैक्षणिक कार्यों में उल्लेखनीय प्रदर्शन तो कर ही रहे हैं, साथ ही खो-खो , कबड्डी आदि में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में कई वर्षों से लगातार अपना दबदबा कायम कर नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। हमारे आचार्य बन्धु /भगिनी ने अपने छात्रों की सर्वविध उन्नति हेतु अपना एक लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। वे उस पर पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहे हैं।

# COPw9 में छाया दिल्ली प्रदूषण का मुद्दा; देश के कई शहरों का AQI 500



**नई दिल्ली।** दिल्ली-NCR समेत देश के कई शहरों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक जा पहुंचा है। सोमवार को दिल्ली के कई इलाकों में AQI 1000 के पार पहुंच गया। पटना में आज AQI 350 दर्ज किया गया। वहीं, लखनऊ में वायु प्रदूषण स्तर 321 तक पहुंच चुका है। वहीं, दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिल्ली-NCR में वायु प्रदूषण की चर्चा हो रही है। अजरबैजान की राजधानी बाकू में पर्यावरण को लेकर आयोजित COPw9 समिट में दिल्ली की जहरीली हवा पर चर्चा हुई। पर्यावरण विशेषज्ञों ने दिल्ली के प्रदूषण पर ना सिर्फ चिंता जताई, बल्कि प्रयासों को लेकर भी बात की। विशेषज्ञों ने वायु प्रदूषण की वजह से स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में आगाह किया है और तत्काल ग्लोबल एक्शन का आह्वान किया है। क्लाइमेट ट्रेंड्स की निदेशक आरती खोसला ने कहा कि प्रदूषण का कोई एक वजह इस संकट के लिए जिम्मेदार नहीं है, बल्कि इसके कई कारण हैं। ब्लैक कार्बन, ओजोन, जीवाश्म ईंधन जलाने और खेतों में आग लगाने से निकलने वाला धुओं की वजह से दिल्ली-NCR सहित देशभर में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ चुका है। सर्दी की वजह से हवा में प्रदूषण ज्यादा वक्त तक रहता है। हवा की रफ्तार भी काफी धीमी हो गई है। ग्लोबल क्लाइमेट एंड हेल्थ एलायंस के उपाध्यक्ष कर्टनी हॉवर्ड ने भी वायु प्रदूषण पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि साल 2023 में कनाडा की जंगल में लगी आग को बुझाना एक चुनौती से कम नहीं थी।

# हिंसा के बीच मणिपुर में सियासी संकट? CM की बैठक से 11 MLA नदारद; मेतैई संगठन ने भी दे दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

**आवास**

राज्य की स्थिति पर बातचीत करने के लिए मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कल (सोमवार) को अपने आवास पर एनडीए विधायकों की बैठक बुलाई।



**नई दिल्ली।** मणिपुर में हालात तनावपूर्ण है। राज्य की स्थिति को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, एनएसए अजित डोभाल सहित कई अधिकारियों की सोमवार को (हाई-लेवल मीटिंग) हुई थी। राज्य की स्थिति पर बातचीत करने के लिए मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कल (सोमवार) को अपने आवास पर एनडीए विधायकों की बैठक बुलाई। दिलचस्प बात यह है कि मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, 38 में से 11 विधायक बिना कोई कारण बताए बैठक में शामिल नहीं हुए। इस बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें मणिपुर में सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम को फिर से लागू करने की आवश्यकता पर केंद्र द्वारा समीक्षा की मांग की गई। इसके अलावा, जिरीबाम हत्याकांड के लिए कथित रूप से जिम्मेदार कुकी उग्रवादियों के खिलाफ सात दिनों के भीतर एक व्यापक अभियान चलाने की मांग भी की गई। इसी बीच मैतेई नागरिक समाज संगठनों के एक प्रमुख निकाय ने एनडीए विधायकों की बैठक में पारित प्रस्तावों को खारिज कर दिया। वहीं, मैतेई संगठन ने ने कुकी उग्रवादियों के खिलाफ ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। बता दें कि पिछले साल से ही मीतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़की गई थी। वही, इस महीने की शुरुआत में जिबरबाम में महिलाओं और बच्चों सहित छह लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद राज्य में हिंसा का नया दौर शुरू हो गया। जानकारी के मुताबिक, असम ने मणिपुर के साथ सटे सीमाएं सील कर दी है। असम सरकार को डर है कि हिंसा की आग की लपटें उनके राज्य में भी फैल सकती है। असम पुलिस ने राज्य की सीमा पर कमांडो तैनात कर दिए हैं और कहा है कि उन्हें बुरे तत्वों के सीमा पार करने की कोशिश करने की सूचना मिली है। वहीं, मणिपुर में एन बीरेन सिंह की इस्तीफे की मांग भी काफी तेज हो चुकी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम चिदंबरम ने उनसे इस्तीफे की मांग की है। वहीं, एनडीए की सहयोगी नेशनल पीपुल्स पार्टी ने मणिपुर में भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। कोनराड संगमा के नेतृत्व वाली पार्टी ने कहा है कि अगर राज्य में लीडरशिप को बदला जाता है तो वह अपनी स्थिति पर पुनर्विचार कर सकती है। मैतेई संगठनों की छात्र संघ मणिपुर इंटीग्रिटी पर समन्वय समिति के प्रवक्ता खुरैजम अथौबा ने कहा, उन्होंने जिरीबाम में छह निर्दोष महिलाओं और बच्चों की हत्या के लिए जिम्मेदार कुकी उग्रवादियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू करने का संकल्प लिया है। हालांकि, हम कह रहे हैं कि अपराध सिर्फ जिरीबाम में ही नहीं बल्कि मई 2023 से मणिपुर के कई अन्य स्थानों पर भी हुआ है। मणिपुर के लोगों ने राज्य सरकार और विधायकों से सभी SoO समूहों की जिम्मेदारी तय करने और उनके खिलाफ अभियान चलाने की मांग की है।

# मलेशिया से चेन्नई आ रही अंतरराष्ट्रीय उड़ान में मिला महिला का शव, पुलिस ने बताई मौत की वजह



**तमिलनाडु।** तमिलनाडु से एक हैरान कर देने वाली खबर समाने आई है। दरअसल, मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई पहुंची एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान में एक महिला मृत मिली है। इस अंतरराष्ट्रीय उड़ान में महिला के शव के मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में इस घटना की सूचना एयरपोर्ट अधिकारियों और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि इस उड़ान में 37 वर्षीय एक महिला बेहोश मिली, जिसके बाद डॉक्टरों की एक टीम ने उसकी जांच की। शुरुआती जांच के बाद ही चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला के शव को पास के ही एक सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया। पुलिस ने छानबीन कर बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय विमान से यात्रा कर कर रही महिला तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले की रहने वाली थी। इस पूरे मामले में पुलिस द्वारा अन्य जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है।

# अमोनिया, हाइड्रोजन और बिजली से चलने वाले जहाज बनाएगा भारत, दुनिया के सामने रखा विजन 2047




**नई दिल्ली।** 75 हजार किलोमीटर लंबी समुद्री तट रेखा वाले भारत में अब जलमार्ग का उपयोग का करते हुए भारत को ब्लू इकोनॉमी की दिशा में भी तेजी से बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। इन्हीं प्रयासों को रणनीतिक रूप से धरातल पर उतारने की सोच के साथ केंद्रीय पोत, पत्तन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में दो दिवसीय शिखर सम्मेलन सागरमंथन का आयोजन किया गया है। पहले दिन इंडिया मैरिटाइम विजन-2047 का रोडमैप साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 50 से अधिक देशों से आए वैश्विक नीति निर्माताओं, समुद्री विशेषज्ञों, उद्योग जगत के दिग्गजों के सामने बताया कि भारत भविष्य के जहाज बनाने की तैयारी कर रहा है, जो अमोनिया, हाइड्रोजन और बिजली जैसे स्वच्छ ईंधन से चलेंगे। सोनोवाल ने कहा कि समुद्री परिवहन से जुड़ा यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन है। इंडिया मैरिटाइम विजन-2047 कनेक्टिविटी बढ़ाने और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर समुद्री क्षेत्र को बदलने का एक रोडमैप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में सागरमाला और समुद्री अमृतकाल विजन जैसी पहल करते हुए भारत को वैश्विक समुद्री व्यापार में अग्रणी बनाते हुए 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। उद्देश्य इस क्षेत्र में भारत में क्रांति लाते हुए बंदरगाह क्षमता, शिपिंग, जहाज निर्माण, अंतर्देशीय जलमार्ग को बढ़ाना है। 2047 तक भारत ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आइएमईईसी) और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा के माध्यम से रणनीतिक व्यापार मार्गों का लाभ उठाते हुए प्रति वर्ष 10,000 मिलियन मीट्रिक टन की बंदरगाह प्रबंधन क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा है।

केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर, ग्रीस के समुद्री मामलों और द्वीपीय नीति मंत्री क्रिस्टोस स्टाइलियानाइडेस, मालदीव के मत्स्य पालन और महासागर संसाधन राज्य मंत्री डॉ. अमजथ अहमद और अर्जेंटीना के रियो नीग्रो प्रांत की राष्ट्रीय प्रतिनिधि मारिया लोरेना विलावरडे सहित विश्वभर के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# भारतीय मछुआरों को पकड़कर ले जा रही थी पाकिस्तानी एजेंसी, कोस्ट गार्ड के जहाज ने दो घंटे तक किया पीछा और...

**अहमदाबाद।** भारतीय तटरक्षकों ने सात मछुआरों को पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी (पीएमएसए) से छुड़ा लिया है। भारत-पाकिस्तान समुद्री सीमा के पास रविवार को पीएमएसए द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया था। तटरक्षक बलों को दोपहर में नो-फिशिंग जोन के पास चल रही एक मछली पकड़ने वाली नौका से संकट का संकेत मिला था। पीटीआई के अनुसार 17 नवंबर को दोपहर 03¬30 बजे गश्त पर निकले भारतीय तटरक्षक बल के जहाज को मदद के लिए यह कॉल मिली थी। इसमें कहा गया था कि एक अन्य भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव काल भैरव को पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी के जहाज ने रोक लिया है और उसमें सवार सात भारतीय चालक दल के सदस्यों को पकड़ लिया गया है।

# मेटा पर लगा 213 करोड़ रुपये का जुर्माना, यूजर्स का डाटा साझा करने पर सीसीआइ ने की कार्रवाई




**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) ने इंटरनेट मीडिया कंपनी मेटा पर सोमवार को 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सीसीआइ ने वाट्सएप को मेटा के स्वामित्व वाले अन्य कंपनियों के साथ विज्ञापन उद्देश्यों के लिए यूजर्स का डाटा पांच साल तक साझा नहीं करने का निर्देश दिया है। प्रतिबंध की अवधि आदेश की प्राप्ति की तारीख से शुरू होगी। देश के प्रतिस्पर्धा नियामक ने मेटा की प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के लिए यह कार्रवाई की है। मेटा ने 2021 में वाट्सएप की गोपनीयता नीति को अपडेट करने के संबंध में अनुचित व्यावसायिक तरीका अपनाया था और अपने प्रभुत्वपूर्ण स्थिति का दुरुपयोग किया था। सीसीआइ ने मेटा को प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों को बंद करने का निर्देश दिया। आदेश में सीसीआई ने कहा कि वाट्सएप की 2021 की गोपनीयता नीति को लागू करने, यूजर्स का डाटा जुटाने और मेटा की अन्य कंपनियों से साझा करने के मामले में यह जुर्माना लगाया गया है। मेटा और वाट्सएप को प्रतिस्पर्धा विरोधी मुद्दों के समाधान के लिए निश्चित समय-सीमा के भीतर व्यावहारिक उपायों को लागू करने का भी आदेश दिया गया है। वाट्सएप के जरिये भारत में मैसेजिंग एप के बाजार में मेटा ग्रुप का प्रभुत्व है।

# उत्तर भारत को जल्द मिलेगी स्मॉग से राहत, यूपी में गिरेगा पारा

**मानसून**

पिछले कई वर्षों से देखा जा रहा है कि मानसून के हटते ही वर्षा रुक जाती है और प्रदूषण बढ़ जाता है।



**नई दिल्ली।** मौसम बदल रहा है और रात के तापमान में गिरावट जारी है, लेकिन आसमान में छाई गहरी स्मॉग के चलते उत्तर भारत के बड़े क्षेत्र को अभी दिन की गर्मी से पूरी तरह राहत नहीं मिलने वाली। दिल्ली के अधिकांश इलाकों में प्रदूषण अति खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को स्मॉग से निजात तभी मिल सकती है, जब उत्तर-पश्चिम से आने वाली हवा तेज होगी। जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बर्फबारी होने लगी है। मौसम ठंडा भी होने लगा है। अगले दो-तीन दिनों में उत्तर-पश्चिम से आने वाली हवा की गति तेज हो सकती है। इससे तापमान गिरेगा और पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों को स्मॉग से राहत मिल सकती है। हालांकि, ऐसा आंशिक रूप से ही होगा क्योंकि मौसम में बड़ा परिवर्तन नहीं होने जा रहा। पिछले कई वर्षों से देखा जा रहा है कि मानसून के हटते ही वर्षा रुक जाती है और प्रदूषण बढ़ जाता है।परिवर्तन का दूसरा दौर नवंबर के अंतिम सप्ताह में आएगा, जब जम्मू-कश्मीर में एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ की स्थिति बन जाएगी। उसके सक्रिय होते ही पहाड़ों में तेज बर्फबारी के साथ बारिश भी होगी, जो स्मॉग को आगे धकेल सकती है। हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों पर हल्की बारिश होने लगी है। तापमान को कम करने में इसका भी असर होगा। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि अभी दिल्ली में जो स्मॉग है, वह पश्चिमी विक्षोभ के असर से पूर्वी उत्तर प्रदेश की तरफ खिसक सकती है। मध्यप्रदेश में भी तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है। अभी भी गुजरात और राजस्थान के कई जिलों में तापमान अधिक बना हुआ है। बिहार समेत पूर्वोत्तर के कई राज्यों में अभी मौसम साफ रहेगा। दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश जारी रहने की संभावना है।

तमिलनाडु और केरल के दक्षिणी भागों में भारी बारिश संभव है।सुस्त हवा ने बढ़ाया स्मॉग हवा की धीमी गति और प्रदूषण की अधिकता के चलते दिल्ली की हवा खतरनाक श्रेणी में पहुंच चुकी है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) सात सौ के पार चला गया है। जब हवा की गति सुस्त पड़ती है तो वाष्प कण धूल-मिट्टी के साथ चिपक जाते हैं और कोहरे के साथ मिलकर स्मॉग बना लेते हैं।

# चीन के विदेश मंत्री से मिले एस जयशंकर



**रियो डी जेनेरो:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीनी समकक्ष वांग यी से रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात की। दोनों नेताओं ने सीमा पर तनाव कम करने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में अगले कदमों पर चर्चा की। बता दें कि विदेश मंत्री पीएम मोदी के साथ ब्राजील दौरे पर गए हैं। जयशंकर और वांग ने सोमवार देर रात रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। एक्स पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों ने सीमा क्षेत्रों से हाल ही में सैनिकों की वापसी की प्रगति पर गौर किया और द्विपक्षीय संबंधों में अगले कदमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने कहा, रियो में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर सीपीसी पोलित ब्यूरो सदस्य और चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात हुई। उन्होंने कहा, ÷हमने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में हाल ही में सैनिकों की वापसी की प्रगति पर गौर किया। अब हमने हमारे द्विपक्षीय संबंधों में अगले कदमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। साथ ही वैश्विक स्थिति पर भी चर्चा की।÷ भारतीय और चीनी सेनाओं ने पिछले महीने के अंत में डेमचोक और देपसांग में सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली थी, जब दोनों पक्ष सीमा विवाद को सुलझाने के लिए कई वार्ताओं के बाद एक समझौते पर पहुंचे थे। दोनों पक्षों ने लगभग साढ़े चार साल के अंतराल के बाद दोनों क्षेत्रों में गश्त गतिविधियां फिर से शुरू कीं। शनिवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जयशंकर ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ ÷समस्या÷ के हिस्से को हटा दिया गया है और अब ध्यान डी-एस्केलेशन पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिकों की वापसी के अंतिम दौर के बाद संबंधों में कुछ सुधार की उम्मीद करना उचित है, लेकिन यह कहने में संकोच हुआ कि संबंधों में फिर से बदलाव हो सकता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने एलएसी पर सैनिकों की तैनाती बरकरार रखी है और अब ध्यान समग्र स्थिति को कम करने पर होगा। क्षेत्र में एलएसी पर प्रत्येक पक्ष के पास वर्तमान में लगभग 50,000 से 60,000 सैनिक हैं।

# Elon Musk की मदद से स्पेस में पहुंची भारत की सैटेलाइट, SpaceX ने जारी किया शानदार वीडियो

**नई दिल्ली।** फॉल्कन 9 रॉकेट की मदद से आज भारत के सबसे उन्नत संचार उपग्रह (कम्युनिकेशन सैटेलाइट) को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च कर दिया गया है। GSAT-20 सैटेलाइट को अमेरिका के फ्लोरिडा में केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया। GSAT N-2 सैटेलाइट दूरदराज के क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड सेवाएं और यात्री विमानों में उड़ान के दौरान इंटरनेट प्रदान करेगा। सैटेलाइट 32 उपयोगकर्ता बीम से सुसज्जित है, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र पर आठ संकीर्ण स्पॉट बीम तथा शेष भारत में 24 विस्तृत स्पॉट बीम शामिल हैं। सभी 32 बीम को भारत में स्थित हब स्टेशनों से सपोर्ट किया जाएगा। ये सेटेलाइट्स इन-फ्लाइट इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने में भी मदद करेगा। इस लॉन्चिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

# बाइडन के कदम से भड़के पुतिन, न्यूक्लियर डॉक्ट्रिन में कहा- अगर ऐसा हुआ तो करेंगे परमाणु हमला

**खफा**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के ताजा कदम से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बेहद खफा हैं।



**मॉस्को।** रूस और अमेरिका के बीच अब तनाव चरम पर पहुंचने लगा है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से पहले ही जो बाइडन ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने यूक्रेन को रूस के खिलाफ अमेरिका की लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। अगर यूक्रेन इन मिसाइलों का इस्तेमाल करता है तो वह रूस के बड़े शहरों को निशाना बनाने में सक्षम होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के ताजा कदम से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बेहद खफा हैं। उन्होंने मंगलवार को एक नई न्यूक्लियर डॉक्ट्रिन को मंजूरी दी है। इसके तहत अगर किसी परमाणु संपन्न देश की मिसाइल से रूस पर हमला किया जाता है तो पुतिन परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर विचार कर सकते हैं। रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मंजूरी के जवाब में अपने परमाणु सिद्धांत में बदलाव किया है। परमाणु सिद्धांतों के मुताबिक रूस पर पारंपरिक मिसाइलों, ड्रोन व अन्य विमानों से किया गया हमला भी परमाणु हथियार के इस्तेमाल करने के मानदंडों के दायरे में आएंगे। इसमें यह भी कहा कि गया कि अगर किसी गठबंधन का कोई भी देश रूस पर हमला करता है तो यह पूरे गठबंधन का हमला बना जाएगा। माना जा रहा है कि रूस ने यह प्रावधान नाटो के जवाब में तैयार किया है। यूक्रेन युद्ध ने 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस और पश्चिम देशों के बीच सबसे बड़े टकराव को जन्म दिया है। ब्रिटेन ने मंगलवार को 10 रूसी अधिकारियों और अन्य युवा संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है। ब्रिटेन ने यह कदम यूक्रेनी बच्चों को युद्ध का प्रशिक्षण देने पर उठाया है। ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी ने कहा, किसी भी बच्चे को युद्ध में मोहरे के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। मगर राष्ट्रपति पुतिन द्वारा यूक्रेनी बच्चों को निशाना बनाना दिखाता है कि वे यूक्रेन और उसके लोगों को नक्शे से मिटाने के अपने मिशन में किस हद तक जा सकते हैं।÷ बता दें कि यूक्रेन युद्ध के बाद से ही पश्चिमी देशों ने रूस के कॉर्पोरेट संस्थाओं से लेकर प्रमुख राजनेताओं पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। ब्रिटेन ने कहा कि 19,500 से अधिक यूक्रेनी बच्चों को रूसी अधिकारियों ने जबरन रूस और यूक्रेन के अस्थायी रूप से कब्जे वाले क्षेत्रों में स्थानांतरित या निर्वासित किया।

# ट्रंप की नई कैबिनेट ने उड़ाई पाकिस्तान की नींद, अमेरिका की इस स्पेशल लिस्ट में कही नहीं पड़ोसी मुल्क का नाम

**प्रशासन**

पाकिस्तानी नीति निर्माता ट्रंप की पसंद पर कड़ी नजर रख रहे हैं, जो अमेरिकी प्रशासन की भावी विदेश नीति का संकेत है।



**नई दिल्ली।** अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अपनी कैबिनेट के कई सहयोगियों का चुनाव कर चुके हैं। ऐसे में पाकिस्तान आगामी ट्रंप कैबिनेट के नामों की घोषणा से खासा परेशान है। इसकी वजह ये है कि ट्रंप की कैबिनेट में अधिकतर नेता वही हैं, जो पाकिस्तान के प्रति अच्छे विचार नहीं रखते।

पाकिस्तानी नीति निर्माता ट्रंप की पसंद पर कड़ी नजर रख रहे हैं, जो अमेरिकी प्रशासन की भावी विदेश नीति का संकेत है। बता दें कि जिन नामों का एलान हुआ है, उससे यह स्पष्ट संदेश जाता है कि ट्रंप सरकार के लिए भारत प्राथमिकता सूची में काफी ऊपर है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान ट्रंप प्रशासन और अमेरिकी विदेश नीति की प्राथमिकता सूची में शामिल नहीं है। इस्लामाबाद खुद को मुश्किल स्थिति में पाता है क्योंकि ट्रंप ने विदेश मंत्री, रक्षा सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और जासूसी एजेंसी सीआईए प्रमुख के लिए जो उम्मीदवार चुने हैं, वे सभी पाकिस्तान के प्रति बहुत आलोचनात्मक विचार रखते हैं, भारत के प्रति उनका रवैया काफी सकारात्मक है। वॉशिंगटन की विदेश नीति में जगह नहीं मिलने के कारण, पाकिस्तान में टॉप सरकारी और सैन्य अधिकारी कथित तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रति अपने दृष्टिकोण को फिर से रणनीति बनाने की जद्दोजहद में हैं। ट्रंप की नई कैबिनेट लिस्ट में एक नाम तुलसी गोबार्ड का भी है, जो अक्सर पाकिस्तान को निशाने पर लेती रहती है। सीनेटर मार्को रुबियो को अगले अमेरिकी फॉरेन मिनिस्टर के रूप में नामित किया गया है। बता दें कि उन्होंने ही भारत का समर्थन करने वाला एक बिल पेश किया था। बिल जिसका नाम यूएस-इंडिया डिफेंस कोऑपरेशन एक्ट है रुबियो की तरफ सीनेट में पेश किया गया, इसमें क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए भारत के साथ विस्तारित रक्षा सहयोग का भी एलान किया गया। विधेयक के अनुसार, अमेरिका को सलाह दी गई थी कि वह टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के मामले में भारत के साथ जापान, इजरायल, दक्षिण कोरिया और नाटो को शीर्ष सहयोगी समझे। बिल में यह भी सुझाव दिया कि नई दिल्ली को रक्षा, डिफेंस, आर्थिक निवेश और नागरिक अंतरिक्ष में सहयोग के माध्यम से पूर्ण सुरक्षा सहायता प्रदान की जानी चाहिए।

# अमेरिका से तनाव के बीच जल्द भारत आएंगे व्लादिमीर पुतिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द भारत की यात्रा पर आएंगे। यह खुलासा क्रेमलिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने किया है। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत आएंगे। हम तारीखों पर काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि साल के अंत तक यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के भी भारत आने की उम्मीद है। रूस और यूक्रेन के बीच शांति लाने में भारत अहम भूमिका निभा रहा है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन खुद ही कह चुके हैं कि हम इस मुद्दे पर भारत, चीन और ब्राजील के संपर्क में हैं।

# जी-20 नेताओं की ग्रुप फोटो में सबसे आगे पीएम मोदी गायब दिखे बाइडन; क्या रही वजह?



**जेनेरियो।** ब्राजील के रियो डी जनेरियो में जी20 सम्मेलन में पहुंचे नेताओं का एक फोटोशूट कराया गया। जी20 फैमिली फोटोशूट के दौरान जो बाइडन फोटो से गायब दिखे। इतना ही नहीं कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो और इतालवी प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी भी वर्ल्ड लीडर्स की इस लाइनअप से गायब थे। ऐसा देखकर अमेरिका में बैठे अधिकारी तक चिंता में आ गए कि ऐसा क्या हुआ जो समिट के ग्रुप फोटो से बाइडन गायब दिखे । कुछ लोगों ने इन नेताओं की नाराजगी और विरोध को इसका कारण माना है।अमेरिकी अधिकारियों ने इसके लिए लॉजिस्टिकल टीम पर आरोप लगाया है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने बाद में कहा, सभी नेताओं के आने से पहले ही फोटो ले ली गई थी। इसलिए कई नेता वास्तव में वहां नहीं थे। बता दें कि इस फोटोशूट में सबसे आगे की लाइन में पीएम मोदी बीचोंबीच खड़े नजर आए। उनके साथ तुर्की, ब्राजील समेत विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष थे। बता दें कि ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के नेताओं, पश्चिम और वैश्विक दक्षिण से मुलाकात की है। जी20 शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी ने सोमवार को औपचारिक बैठकें और अनौपचारिक बैठकें भी कीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। दोनों राष्ट्राध्यक्षों और विदेश मंत्री जयशंकर की मौजूदगी वाले प्रतिनिधिमंडल ने भारत और इटली से जुड़े अहम द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर संक्षिप्त मुलाकात की। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद यह दोनों नेताओं के बीच हुई पहली मुलाकात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर मुलाकात की फोटो साझा की।

# कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा में शिक्षक संकुल बैठक संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** रामनगर के कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा मे शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन महानिदेशक के निर्देश पर किया गया। मंगलवार की बैठक में ए आर पी बिनोद कुमार सिंह की उपस्थिति में निदेशक महोदय द्वारा निर्धारित एजेण्डे के अनुसार ह्नञ व ह्नस की परीक्षा में शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति हेतु अभिभावकों से सम्पर्क करने व निपुण लक्ष्य हेतु बच्चों का निरंतर आकलन ऐप से करने,व प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय की अलग-अलग समीक्षा बैठक में की गई व अपने विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों का बैठक में उपस्थित सभी के बीच शिक्षण की विधियों का प्रस्तुतीकरण भी पांच अध्यापकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीप्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे व बैठक का संचालन प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश मिश्र ने किया। कार्यक्रम में संजय सिंह, राजेश मिश्र, नन्हेलाल, राजेन्द्र यादव, जयहिंद, जयप्रकाश यादव, सरिता चौधरी, विनय, श्याम कुमार, चन्द्र कान्त सिंह व कृष्ण कुमार गुप्त, अरविन्द कुमार पटेल,भरत कुमार सिंह, सुरेश सोनकर, चन्द्र शेखर, ध्रुव राज, सुनील कुमार, राज बहादुर, व अन्य अध्यापक तथा शिक्षा मित्र उमेश मौर्य, सफाई कर्मचारी संतोष कुमार यादव व रसोईया, लालजी, जोखना, नगीना, सविता व बेहतरीन कलाकार गुलशन कुमार आर्ट्स तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

# छात्रा के साथ अध्यापक ने किया अश्लील हरकत, रिपोर्ट दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा में स्थित श्री हरिहर जी पीजी कॉलेज में निजामाबाद कस्बा की रहने वाली क्वतृतीय वर्ष की प्रदानसीन छात्रा अपने कॉलेज गई थी। कॉलेज प्रांगण में झूले पर बैठ कर अपने पिता से फोन पर फॉर्म भरने को लेकर बात कर रही थी। इसी बीच कॉलेज के अध्यापक मौके पर आकर खड़े हुए और इधर उधर बहुत देर तक देखते रहे जब कोई अगल बगल नजर नहीं आया तो छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने लगा। जब छात्रा ने विरोध किया तो मार पीट करने लगा फिर इसकी सूचना उस ने अपने पिता को दी तो थानाध्यक्ष निजामाबाद मौके पर पहुंचे और छात्रा द्वारा बताए गए अध्यापक को हिरासत में ले लिया और सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर अपने साथ लेकर थाने चले गए और क्षेत्र के कुछ अराजक तत्व थाने पर पहुंच कर लीपा पोती करने का प्रयास करने लगे। लेकिन छात्रा परिजन अश्लील हरकत करने वाले अध्यापक पर स्नढ्ढक्रकरने पर अड़े रहे। अंततः थाना अध्यक्ष निजामाबाद को प्रदानसीन छात्रा की तहरीर पर स्नढ्ढक्र दर्ज कर जेल भेजने पर मजबूर होना पड़ा।और छात्रा को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। और इस घटना की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर चल रही है। अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए परिजन स्कूल और कॉलेज भेजते है। और अध्यापक ही रावण का रूप धारण कर लेते है।

## हास्टल की जांच में नहीं मिला कोई हिडेन कैमरा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में बीती रात छुपे कैमरे की अफवाह से छात्राओं में हड़कंप मच गया। कुछ छात्राओं को एक अनजान नंबर से आपत्तिजनक फोन कॉल्स आए, जिसके बाद उन्हें अपने बाथरूम में छुपे कैमरे का संदेह हुआ। छात्राओं ने इसे लेकर गूगल ऐप के माध्यम से स्वयं जांच करने की कोशिश की, जिससे अफवाहों को और बल मिल गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वंदना सिंह और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुलिस दल के साथ तत्काल कार्रवाई करते हुए छात्रावास और बाथरूम की सघन जांच की। सीओ सदर ने टीम के साथ मौके पर आकर जांच की, लेकिन कोई कैमरा नहीं मिला। बताया गया कि गूगल ऐप वाईफाई सिग्नल पकड़ रहा था, जिससे यह भ्रम उत्पन्न हुआ। पुलिस ने भ्रामक कॉल्स की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में कार्यवाही की जा रही है। फिलहाल छात्रावास में स्थिति शांतिपूर्ण है।

# विद्यार्थी राष्ट्र हित में कार्य करें: प्रो. वी डी शर्मा



**अवधनामा संवाददाता**

- राष्ट्रीय एकता एवं सांप्रदायिक सद्भावना कार्यक्रम का शुभारंभ

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भावना प्रतिष्ठान द्वारा संचालित सांप्रदायिक सद्भावना अभियान 19 नवंबर से 25 नवंबर 2024 का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सहायक अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) डॉ. अनुराग मिश्र के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी देते हुए इसका महत्व बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. वी. डी. शर्मा ने की, जिन्होंने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर बी.डी शर्मा ने 1,111 रुपए राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भावना प्रतिष्ठान को ऑनलाइन प्रेषित कर किया। तत्पश्चात शिक्षक और छात्रों ने ऑनलाइन डोनेशन दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष राहुल सिंह ने सांप्रदायिक सद्भावना अभियान सप्ताह पर प्रकाश डालते हुए इसके उद्देश्यों को रेखांकित किया। वहीं, सहकारी पीजी कॉलेज कॉलेज मेहरावॉ के सहायक आचार्य डॉ0विकास सिंह ने राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सौहार्द को जागृत करने की अपील की।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. देवराज सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को जनहित के इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन संस्थान की विभागाध्यक्ष डॉ. वनिता सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. राहुल राय, डॉ. रजित राम सोनकर, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. राजन तिवारी, प्रगति सिंह, जीशान अली, सूरज सोनकर सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

## भाजपाई घर-घर पहुंचा रहे मतदाता पर्ची

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भाजपाई घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाते हुए फूलपुर उप विधानसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी के दीपक पटेल के समर्थन में जनता जनार्दन से उन्हें जिताने की अपील कर रहे हैं।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया इसके अलावा सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी के सभी वरिष्ठ एवं कार्यकर्ता फूलपुर की जनता जनार्दन से भारतीय जनता पार्टी को उम्मीदवार दीपक पटेल को जिताने की अपील कर? रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा महानगर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता फूलपुर में रहने वाले अपने रिश्तेदार मित्र भाई और बंधुओ को भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने के लिए फोन के माध्यम से संपर्क साध रहे हैं।

मीडिया प्रभारी गंगा पार बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता पर्ची और वितरण कर रहे हैं और सबसे पहले मतदान करने की अपील करते हुए भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करते हुए भाजपा के द्वारा किए गए विकास कार्यों को बता रहे हैं।

# विरासत निर्माण पर डाला प्रकाश

- जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में पाण्डुलिपि सम्पदा प्रदर्शनी का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज प्रयागराज के प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग तथा संस्कृत विभाग द्वारा राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय (संस्कृति विभाग, उ.प्र.) के संयुक्त तत्त्वावधान में आज %विश्व विरासत सप्ताह% के अवसर पर पाण्डुलिपि सम्पदा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रो. प्रकाश सिन्हा , प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और ÷विरासत = व्यक्तित्व, व्यक्ति और संस्कृति÷ विषय पर व्यख्यान दिया। उन्होंने व्यक्तित्व और संस्कृति की सापेक्षता को विभिन्न उद्धरणों से सिद्ध किया। सभ्यता के क्रमिक विकास को बड़े रोचक माध्यम से बताते हुए विरासत निर्माण पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही विरासत, संस्कृति एवं कुम्भपर्व पर आधारित अन्तर्महाविद्यालयीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने अतिथियों का स्वागत किया और छात्राओं को अपनी विरासत को जानने और संरक्षण के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मीनाश्री यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन डा अजिता ओझा ने किया।

इस अवसर पर प्रो. दीपशिखा बनर्जी, डा. निर्मला गुप्ता, डा. प्रमा द्विवेदी, डा. नम्रता देब, हरिश्चंद्र दुबे एवं डा. शाकिरा तलत समेत शोधार्थीगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पीजीआई चक्रपानपुर में डॉक्टर के लापरवाही को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** पीजीआई चक्रपानपुर में डॉक्टरों की लापरवाही के चलते आए दिन हो रही मौतों के संबंध में आज जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। अभी जल्द ही 13 नवंबर को स्थानीय निवासी आनंद विश्वकर्मा जी ने अपनी मां शारदा देवी की तबीयत खराब होने पर पीजीआई चक्रपानपुर की इमरजेंसी वार्ड में भरती कराया, सुबह 7:00 से लेकर शाम 5:00 बजे तक कोई डॉक्टर, इमरजेंसी वार्ड में मां की शुधि लेने नहीं आया ना तो कोई चेकअप किया ना जांच हुई, अंतत शाम 5:00 बजे मां की हालत गंभीर देख वहां से रेफर करा करके ग्लोबल हॉस्पिटल के लिए रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही मां ने दम तोड़ दिया। - इससे आक्रोशित जनमानस आज पीजीआई प्राचार्य को घटना से अवगत कराया प्राचार्य द्वारा कोई आश्वासन न देकर उल्टे मृतका के बेटे को ही दोषी बताया कहा कि आप यहां से लेकर चले गए हमारे यहां कोई मौत नहीं हुई। अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि पीजीआई चक्रपानपुर समाज के गरीब दुखियों के इलाज के लिए एक मात्र अच्छा संस्थान है, सरकार की पहल है की अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सके, लेकिन इसके अधिकतर डॉक्टरों का नैतिक पतन हो चुका है, बाहर प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं, अपना अस्पताल बनवा लिए हैं, दवाएं बाहर से अधिकतर लिखी जाती है अनावश्यक जांच करा करके मरीजों का शोषण किया जाता है, 13 तारीख को आनंद विश्वकर्मा की डॉक्टरों की लापरवाही के चलते माँ की मौत बहुत ही दुखित करने वाली घटना है, आगे इस तरीके की घटना ना हो और लोग बेमौत ना मारे जायं इसी संबंध में प्रयास सामाजिक संगठन समाज के और भी जागरूक संगठनों नौजवानों के साथ मिलकर जिलाधिकारी को अवगत कराया। -अगर व्यवस्था नहीं सुधरी तो इसे दुरुस्त करने के लिए अब नौजवान अपने स्तर से कमर कसेंगे। मृतका के बेटे आनंद विश्वकर्मा ने बताया कि अगर डॉक्टर मौजूद रहे होते तो हो सकता हमारी मां की मौत नहीं हुई होती, इन संवेदनहीन डॉक्टरों को भगवान सद्बुद्धि प्रदान करें। -इस अवसर पर, कमलेश यादव, ज्ञानदीप वर्मा, आशीष सिंह, आनंद विश्वकर्मा, रितेश पांडेय, मनदीप विश्वकर्मा, सत्यानंद यादव, भगत सिंह सेवा संस्थान से नीरज यादव, एडवोकेट विमला यादव सहित तमाम नौजवान प्रयास के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### छत से चढ़कर कमरें में रखे लाखों के गहने व 20नकदी चोरी

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव में बीती देर रात में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए डेढ़ लाख के गहने और 20 हजार नगदी को पार कर दिया। सुबह जानकारी होने पर परिजनों का होश उड़ गया।गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव के मनीष मौर्य का परिवार बीती देर रात में पास के गांव के एक भहुभोज कार्यक्रम को अटेंड कर सो गया। सुबह जब मनीष मौर्य उठे यो देखे घर के दो कमरों में काफी सामान इधर उधर बिखड़ा पड़ा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो दो कमरों में रखे दो बक्से में रखे 1 सोने का चैन, 1 सोने का मंगल सूत्र, 1 जोड़ा चांदी का कड़ा, 6 जोड़ा चांदी का पायल, 1 चांदी का चैन और 20 हजार रुपये को चोरों ने चुरा लिया था। दोनों बक्से के टूटे हुए ताले पास में ही फेका हुआ मिला। चोरी की घटना से परिजनों का होश उड़ गया। मनीष मौर्य ने घटना की सूचना डायल 112 को और थाने पर दिया। सूचना पर सुबह पुलिस पहुच गयी। पुलिस ने काफी देर तक मौके पर जांच पड़ताल किया।

### सोने की चैन के साथ 2अभियुक्ता गिरफ्तार



**जौनपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा धारा 304/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 अभियुक्ता को सोने की चैन के साथ किया गया गिरफ्तार।डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशाङ्कनिर्देशन में मंगलवार को थाना कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-470/24 धारा-304/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तागण 1.उर्मिला उर्फ मीरा पत्नी पोतन हरिजन उर्फ हरिजन 2. मीना पत्नी लल्ली हरिजन नि0गण नरौली थाना सिधारी जनपद आजमगढ आवेदक की सूचना पर पालिटेक्निक चौराह जौनपुर से नियमानुसार सोमवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

### सड़क सुरक्षा तथा साइबर क्राईम के बारे में दी गयी



**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कालेज हुसेपुर में मंगलवार को यातायात जागरुकता अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।यातायात पुलिस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने कहा कि आज के दौर में सड़क पर मोटर वाहनों में जिस गति से बढोत्तरी हो रही है।वह बिना नियम पालन किये काफी खतरनाक बन सकती है।इस लिए हमे सड़क पर चलने के लिये सभी नियमो का पालन करना होगा।तभी हम सुरक्षित रहेंगे।टीएसआई सुशील मिश्रा ने बच्चों को सड़कों,राजमार्गो पर बनाये गए सूचकों की क्या आवश्यकता है।उनका महत्व क्या है।उसका पालन क्यों आवश्यक है उसे विस्तृत रूप से बताया।उन्होंने छात्र छात्राओं से सभी नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार के सदस्यों से करवाने का संकल्प कराया।इसके अलावा उन्होंने उनसे कहा कि घर से बिना हेलमेट के किसी को भी निकलने नही दें।हाइवे पर आपातकाल में सरकार द्वारा जारी नम्बर 1033 की भी जानकारी दिया।इसके पूर्व अतिथियों का कालेज का प्रधानाचार्य विनय कुमार श्रीवास्तव ने अंगवस्त्रम व साल देकर सम्मानित किया।

### गिरिधर मालवीय को कांग्रेसजनों की श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने न्यायमूर्ति और बीएचयू के कुलाधिपति गिरिधर मालवीय को श्रद्धांजलि प्रदान की। मंगलवार को प्रातः जार्जटाउन स्थित उनके आवास पहुंचे कांग्रेसजनों ने उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर अंतिम श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन, यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, फुज़ैल हाशमी, सुधाकर तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, विजय मिश्रा, रघुनाथ द्विवेदी, विनय दुबे , लल्लन पटेल, विनय पांडेय, राम मनोरथ सरोज, रचना पांडेय , देवराज उपाध्याय आदि मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने जस्टिस गिरधर मालवीय के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**प्रयागराज।** भाजपाइयो ने भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय के पौत्र न्यायमूर्ति गिरधर मालवीय के निधन पर उनके निज आवास पर अंतिम दर्शन के हेतु रखे गए उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए और उनके अंतिम संस्कार में रसूलाबाद घाट पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने न्यायमूर्ति गिरधर मालवीय के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि गिरधर मालवीय के निधन से मैंने अपना संरक्षक खो दिया। उनका निधन अत्यंत दुखद और न्याय और शिक्षा जगत के लिए कभी ना पूर्ण होने वाली क्षति है। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि जस्टिस गिरधर मालवीय का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रयागराज ने अपना बहुमूल्य रत्न खो दिया। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति गिरधर मालवीय का जीवन शिक्षा, साहित्य, न्याय के पथ पर चलते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा।

# भाजपा पर सत्ता का बेजा इस्तेमाल करने का लगाया आरोप



- भाजपा के दो कैबिनेट मंत्री चुनाव क्षेत्र में अभी भी कर रहे हैं प्रचार : मुज़तबा सिद्दीकी

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** फूलपुर उपचुनाव में इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार हाजी मुजतबा सिद्दीकी ने आज पत्रकार वार्ता करके भाजपा पर सत्ता के बेजा इस्तेमाल करने एवं चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने कि आशंका जताई।

उन्होंने कहा कि भाजपा के दो कबीना मंत्री दया शंकर सिंह एवं राकेश सचान चुनाव प्रचार की समय सीमा ख़त्म होने के बाद भी चुनाव क्षेत्र में डटे हैं। सपा कार्यकर्ताओं के नाम लाल कार्ड जारी करके उन्हें हतोत्साहित किया जा रहा है।

सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि भाजपा के विधायक पर आरोप लगाया कि वह हर्ष बाजपेयी सरकारी प्राथमिक विद्यालय को रात में खुलवाकर जन सभा किया और अपने भाषण में जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया जो कानूनी रूप से एवं चुनाव आचार संहिता दोनों के खिलाफ है।

# भजन की प्रस्तुति से श्रोता झूमने को हुए मजबूर

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** श्री श्याम जयंती महोत्सव पर श्री श्याम भक्त मण्डल आजमगढ़ की ओर से आयोजित भव्य संकीर्तन एवं प्रसाद का कार्यक्रम पहाड़पुर स्थित श्रीकृष्ण गौशाला पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए श्याम बाबा का अलौकिक दरबार की अनूठी साज-सज्जा की गई जिसको भक्त अपलक निहारते रहे। वहीं देश-विदेश में प्रस्तुतियां देकर श्याम के भजनों से अपनी खास छवि बना चुके कई नामचीन ख्यातिलब्ध भजन गायकों ने अपने भजनों से ऐसा समां बांधा, जिससे श्रोता सराबोर होकर भक्ति में झूमते नजर आए। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में भक्ति की गंगा अविरल बहती रही। श्री श्याम भक्त मण्डल आजमगढ़ द्वारा बाबा के जन्मोत्सव पर पूरी रात भोग प्रसाद प्राप्त कर सभी पुण्य के भागी बनते रहे। श्याम बाबा की झांकी को जूट, बांस लकड़ी मक्के के छितकों का प्रयोग करके खूबसूरत कारीगरी से शानदार मंडप स्टेज कोलकाता के कारीगरों द्वारा तैयार किया गया था। जिनके समक्ष पूजन व विशेष आरती के बाद भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। भजन संध्या में कोलकाता के गायक कलाकार संजू शर्मा ने ÷कब आएगा मेरा सांवरिया' भजन की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद खाटू का राजा मेहर करो', किसने किया ये श्रृंगार सांवरे', ''प्यारा सा मुखड़ा धुंधराले केस...कल युग का राजा खाटू नरेश'', भटके क्यों दर बदर कर भरोसा श्याम पर' जैसे कई कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। इसके बाद सूरजगढ़ दरबार के हजारी लाल जी इंदौरिया व राजेश शर्मा ने कीर्तन की रात बाबा थाणे आनो, आयो सावरियो सरकार लीले पर चढ़कर, दीवाने मुझे लेकर खाटू श्याम आदि की प्रस्तुति देकर सभी को श्याम रंग मे रंग दिया। आयोजक अध्यक्ष शोभित खण्डेलिया ने समस्त भक्तो का दिल की असीम गहराईयों से आभार प्रकट करते हुए कहाकि जिन्होंने महोत्सव को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया, उसके प्रति हम दिल से आभारी रहेंगे, श्री श्याम भक्त मण्डल आगे भी आशा करती है कि सभी श्याम भक्तों का निरंतर अद्वितीय सहयोग अनवरत मिलता रहेगा। श्याम भक्तों में प्रदीप बैरासिया, नीरज गोयनका, संदीप डालमिया, सीता राम डालमिया, गोपाल डालमिया, कन्हैया डालमिया, अतुल रूंगटा, देवप्रकाश बैरासिया, सोमंत डिडवानिया, कृष्ण मुरारी डालमिया, अरूण रूंगटा, श्यामसुन्दर डालमिया, बद्री खण्डेलिया, गोपाल खण्डेलिया, हरी शर्मा, रमेश खण्डेलिया, हर्ष अग्रवाल, बलराम तुलस्यान, आकाश अग्रवाल, अमन अग्रवाल, नीरज रूंगटा, दीनदयाल जी राजभर, जयदीप सराफ, मनीष खण्डेलिया, संजू गोलवारा, राजकुमार जी अग्रवाल, विजय रूंगटा, श्याम खण्डेलिया, मोहित डालमिया आदि सहित महिलाए, बच्चे मौजूद रहे।

## प्रयागराज जंक्शन को बम से उड़ाने की धमकी

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। किसी शख्स ने रेलवे कंट्रोल रूम नंबर 139 पर इसकी सूचना दी तो हड़कंप मच गया। इसके बाद हरकत में आई रेलवे पुलिस ने दो घंटे तक जंक्शन पर सर्च अभियान चलाया। जंक्शन को बम से उड़ाने की सूचना पर रेलवे पुलिस की नींद उड़ गई। हरकत में आई पुलिस ने मेटल डिटेक्टर और स्निफर डॉग लेकर जंक्शन पर दो घंटे तक सर्च आपरेशन चलाया।

स्टेशन के कोने-कोने की तलाशी ली गई, हालांकि सर्च आपरेशन में कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। सर्च आपरेशन के चलते यात्रियों में भी खलबली मची रही। यात्रियों के बैग और सूटकेस आदि की तलाशी ली गई। ध्वनि विस्तारक के माध्यम से पुलिस ने यात्रियों को आगाह किया और किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छूने और तत्काल इसकी जानकारी रेलवे पुलिस को देने के लिए सलाह दी। सीसीटीवी के माध्यम से दिन भर आने जाने वाले यात्रियों की निगहबानी की गई।

# इंदिरा मैराथन : आर्मी के धावक योगेश शर्मा और सोनिका बने विजेता

- पिछली बार की विनर रीनू दूसरे नंबर पर रहीं
- भदोही के कुलदीप दूसरे, गाजियाबाद के निशांत तीसरे स्थान पर रहे




**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** 39वीं इंदिरा मैराथन प्रतियोगिता को हैदराबाद के योगेश ने जीत ली है। वह पहले स्थान पर रहे दूसरे स्थान पर भदोही के कुलदीप सिंह और तीसरे स्थान पर गाजियाबाद के निशांत रहे।महिला वर्ग में हरियाणा की सोनिका अग्रवाल ने मैराथन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर हरियाणा की ही रीनू सिंधु और तीसरे स्थान पर दिल्ली की सीमा रहीं। 39वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन प्रतियोगिता हैदराबाद के योगेश ने जीत ली है। वह पहले स्थान पर रहे। भदोही के कुलदीप सिंह दूसरे स्थान और गाजियाबाद के निशांत तीसरे स्थान पर रहे। धावक आनंद भवन से दौड़ शुरु करके स्वराज भवन, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, आयुक्त आवास, एनसीसी हेड क्वार्टर, महर्षि पतंजलि, म्योहाल चौराहा, धोबी घाट चौराहा, डीआईजी ऑफिस चौराहा, एजी ऑफिस चौराहा, पोलो ग्राउंड चौराहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट, हनुमान मंदिर चौराहा, मेडिकल चौराहा, सीएमपी, डॉटपुल, बैरहना, नया पुल, डांडी, चाका ब्लॉक होते हुए दांदूपुर भारत पेट्रोल पंप तक पहुंचे। फिर इसी मार्ग से वापस आते हुए मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में फिनिशिंग लाइन पर अपनी दौड़ को समाप्त किया। इंदिरा मैराथन के दौरान यातायात व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही।

मैराथन मार्ग पर आवागमन को रोक दिया गया था। जिससे कि धावकों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इंदिरा मैराथन के दौरान खेल विभाग की टीम धावकों के आगे-आगे बाइक से चल रही थी, ताकि किसी तरह की असमंजस की स्थिति पैदा न और धावक रास्ता भटक न सकें।

# पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे कार्यों का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में से एयरपोर्ट रोड, पीपल गांव झलवा एवं ट्रिपल आईटी के आसपास कराए जा रहे सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण आज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

उन्होंने सर्वप्रथम सिविल एयरपोर्ट से कालिंदीपुरम तिराहा के बीच बनाए जा रहे चौराहे की रोटरी के कार्यों का निरीक्षण किया तथा उसके सौंदर्यीकरण संबंधित जानकारी ली। उन्होंने सभी शेष कार्यों के माइक्रो प्लान के बारे में समझते हुए सभी कार्यों को ससमय पूरा कराने के निर्देश दिए। तत्पश्चात् पीपल गांव झलवा के पास कराए जा रहे नाली निर्माण एवं सड़क चौड़करण के कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नाली निर्माण के अलाइनमेंट तथा कुछ अन्य कार्यों में कमी पाई गई जिस पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को उसे शीघ्र ठीक कराते हुए उनके समक्ष आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने ट्रिपल आईट चौराहे के पास बनाए जा रहे फुटपाथ एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्मित सड़क के एक हिस्से को कटवा कर उसकी गुणवत्ता की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश थर्ड पार्टी एजेंसी को दिए गए। उन्होंने सभी कार्यों में लेबर बढ़ाते हुए उन्हें और तीव्र गति से कराने के निर्देश दिए।

# पीयूष गोयल के बाद वित्त मंत्री ने भी सस्ती ब्याज दर की वकालत की



**नई दिल्ली।** आरबीआई भले ही महंगाई का हवाला देकर ब्याज दरों में कटौती नहीं कर रहा है, लेकिन देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मानती है कि विकसित भारत के निर्माण के लिए सस्ती ब्याज दरों की जरूरत है। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमें कई मोर्चे पर यह सुनने को मिलता है कि ब्याज की दरें अधिक हैं। औद्योगिक विकास और उत्पादन क्षमता में विस्तार के लिए ब्याज दरों को सस्ता करना होगा और इसे लेकर बातचीत करने की आवश्यकता है।

कुछ दिन पहले वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी ब्याज दरों में कटौती की वकालत की थी। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर के छह प्रतिशत के पार पहुंच जाने के बाद दिसंबर में आरबीआइ की तरफ से बैंक रेट में कटौती की संभावना खत्म हो गई है।

सोमवार को मुंबई में आयोजित एसबीआई के कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा कि मुख्य रूप से आलू, प्याज और टमाटर जैसे तीन जल्दी नष्ट होने वाले आइटम की वजह से खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी दिख रही है। एक अवधि में इन आइटम की सप्लाई प्रभावित होने से महंगाई बढ़ जाती है। इन तीन के अलावा खाद्य तेल की खुदरा कीमतों से भी महंगाई पर असर दिख रहा है। बाकी अन्य प्रमुख वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर नियंत्रण में है।

वित्त मंत्री ने सभी सरकारी बैंकों से एमएसएमई को कर्ज देने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के साथ उन्हें अधिक लोन देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एमएसएमई की अनदेखी करके विकसित भारत का निर्माण नहीं हो सकता है। एमएसएमई उद्यमिता के साथ रोजगार का सृजन करते हैं। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में एमएसएमई को पहले से तय 4.21 लाख करोड़ के लोन के अलावा 1.54 लाख करोड़ का अतिरिक्त लोन दिया जाएगा।

आगामी वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को 6.12 लाख करोड़ तो वित्त वर्ष 2026-27 में एमएसएमई को सात लाख करोड़ के लोन देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि बैंकों को टियर-5 व टियर-6 जैसे शहरों में भी लोन देने की रफ्तार को बढ़ाना होगा। बैंक छोटे-छोटे शहरों के लघु उद्यमियों को बड़े शहरों के उद्यमियों की तुलना में काफी कम लोन देते हैं।

वित्त मंत्री ने एमएसएमई को मशीनरी और अन्य कार्यशील पूंजी का लोन भी बिना गिरवी के देने की सिफारिश की। हालांकि इस काम के लिए सभी सरकारी बैंक अलग से क्रेडिट माडल तैयार कर रहे हैं जिसकी घोषणा इस साल बजट में की गई थी।

# लुलु मॉल में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के 12वें एक्सक्लुसिव शोरूम का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने अपनी श्रृंखला का विस्तार करते हुए उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लुलु मॉल में अपने 12वें एक्सक्लुसिव शोरूम के शानदार उद्घाटन की घोषणा की। किसना का लखनऊ में यह तीसरा और देश भर में 57वां एक्सक्लूसिव शोरूम है। इस उद्घाटन में हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री घनश्याम ढोलकिया और किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के निदेशक श्री पराग शाह उपस्थित रहे।

इस विशाल उद्घाटन को और जानदार बनाने के लिये किसना, हीरे के आभूषणों के निर्माण शुल्क पर 100% तक की छूट और सोने के आभूषणों के निर्माण शुल्क पर 20% तक की छूट दे रहा है। उपभोक्ताओं के जोश को और बढ़ाते हुए किसना ने अबकी बार आपके लिये शॉप एंड विन ए कार जैसे आकर्षक कैंपेन ऑफर किये हैं, जिसमें 100 से अधिक कारों में से जीतने का मौका दिया गया है। ग्राहक 20 हजार या इससे अधिक कीमत वाले डायमंड, प्लेटिनम या सॉलिटेयर ज्वेलरी या 50 हजार या इससे अधिक कीमत वाले गोल्ड ज्वेलरी खरीदकर इसमें भाग ले सकते हैं।

**पेशकश**

**« यह शोरूम हमारे बहुमूल्य उपभोक्ताओं के लिए अद्वितीय सुंदरता की पेशकश करता है।**

उद्घाटन के अवसर पर , हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि अपनी समृद्ध संस्कृति और विशुद्धता के लिये प्रसिद्ध शहर, लखनऊ हमारे प्रीमियम आभूषण पेशकश के लिये एक आदर्श जगह है। हम अपने विश्वास, गुणवत्ता, और शिल्पकौशल को इस जीवंत शहर के लोगों तक पहुंचाने के लिये रोमांचित हैं। यह विस्तार हमारे लक्ष्य हर घर किसना के अनुरूप है, जहां हमारा लक्ष्य डायमंड ज्वेलरी के लिये हर महिला के सपने को साकार करते हुए भारत का तेजी से बढ़ता ज्वेलरी ब्रांड बनना है।



किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के निदेशक पराग शाह ने कहा कि हम अपने विशुद्ध पसंद और जीवंतता के लिए विख्यात शहर लखनऊ में किसना के अनोखे शिल्प कौशल को लाने के लिए उत्साहित हैं। लखनऊ में यह शोरूम हमारे गर्वान्वित सफर को प्रदर्शित करता है, जहां हर भारतीय के पास ऐसे आभूषण हैं, जो विश्वास, शिष्टता और सदाबहार सुंदरता का प्रतीक है।

किसना के फ्रैंचाइज़ पार्टनर, प्रतीक राय और उमर महमूद ने कहा कि नवाबों के शहर लखनऊ में एक शोरूम लॉन्च करने के लिए किसना के साथ साझेदारी करना हमें गर्वान्वित करता है। हम परंपरा के साथ आधुनिकता के मेल से तैयार बेहतरीन आभूषण पेश करने के लिए उत्साहित हैं। यह शोरूम हमारे बहुमूल्य उपभोक्ताओं के लिए अद्वितीय सुंदरता की पेशकश करता है। इस मौके पर समाज के लिये ब्रांड की अपनी प्रतिबद्धता के तहत उद्घाटन कार्यक्रम में पर्यावरण की सुरक्षा के लिये वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही किसना द्वारा जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया।

किसना हरि कृष्णा ग्रुप का प्रमुख हीरा और सोने के आभूषण ब्रांड है, जिसे 2005 में लॉन्च किया गया। इस ब्रांड ने अब तक एक विशाल डिस्ट्रीब्युशन नेटवर्क स्थापित किया है। इसकी पहुंच भारत के 28 राज्यों में 3,000 से अधिक शॉप-इन-शॉप आउटलेट तक है। ब्रांड के पास अब देश भर में 57 एक्सक्लुसिव शोरूम हैं।

खदानों से बाजार तक हीरों की एथिकल सोर्सिंग के साथ, चढ्ढस्ह्न, 10,000 से अधिक अद्वितीय डिजाइनों का एक बेजोड़ पोर्टफोलियो प्रदान करता है।

## सोने की कीमतों में उछाल, चांदी भी चमकी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों ने फिर तेजी का रुख पकड़ लिया है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 600 रुपये उछलकर 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसकी बड़ी वजह मजबूत वैश्विक रुख रहा। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली कीमती धातु 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

व्यापारियों का कहना है कि शादी समारोह के लिए स्थानीय जौहरियों और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती खरीदारी के कारण भी सोने की कीमतों में तेजी आई। सोमवार को चांदी 1,500 रुपये उछलकर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि पिछले बंद भाव 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 77,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 77,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

एक्सिस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक देवेया गगलानी ने कहा, ÷पिछले सत्र में कई दिनों के कमजोर प्रदर्शन के बाद एमसीएक्स सोने की कीमतों में उछाल आया, जिसका मुख्य कारण डॉलर इंडेक्स में गिरावट थी।÷ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 19.50 डॉलर प्रति औंस या 0.75 प्रतिशत बढ़कर 2,634.10 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट कमोडिटी और करेंसी, जतीन त्रिवेदी ने कहा, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है, साथ ही रूस-यूक्रेन संघर्ष में परमाणु जोखिमों को लेकर नए सिरे से आशंकाएं पैदा हुई हैं। इससे सुरक्षित निवेश की मांग में तेजी आई है, जिससे सोने की मांग बढ़ी है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक - कमोडिटीज, सौमिल गांधी के अनुसार, मंगलवार को सोना एक सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और 2,615 डॉलर प्रति औंस से ऊपर चढ़ गया, जो अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड, डॉलर और सुरक्षित निवेश की मांग में गिरावट के कारण हुआ।

## वन कार, वन वर्ल्ड- निसान ने नई निसान मैग्नाइट एसयूवी का निर्यात शुरू किया

**नई दिल्ली।** अपनी 'वन कार, वन वर्ल्ड' की फिलॉसफी को मजबूती देते हुए निसान मोटर इंडिया ने अपनी हाल ही में लॉन्च की गई एसयूवी नई निसान मैग्नाइट का दक्षिण अफ्रीका के लिए निर्यात शुरू किया है। इस साल अक्टूबर में नई निसान मैग्नाइट की लॉन्चिंग के दौरान कंपनी ने चेन्नई में निसान के अलायंस जेवी प्लांट से अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए मैन्यूफैक्चरिंग शुरू करने की घोषणा की थी और दक्षिण अफ्रीका पहला देश बना है, जहां नई निसान मैग्नाइट का निर्यात किया गया है।

भारत में अपनी अंतरराष्ट्रीय लॉन्चिंग के महीनेभर के भीतर ही चेन्नई बंदरगाह से 2700 से ज्यादा नई निसान मैग्नाइट एसयूवी का निर्यात किया गया है। निसान मैग्नाइट निसान के 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन का बड़ा उदाहरण है। दिसंबर, 2020 में लॉन्चिंग के बाद से अब तक निसान मैग्नाइट की 1,50,000 से ज्यादा यूनिट्स बेची जा चुकी हैं और इसने भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गहरा प्रभाव छोड़ा है। नई निसान मैग्नाइट को अक्टूबर, 2024 में नई दिल्ली में लॉन्च किया गया था, जो अपने 'द आर्क' प्लान के तहत घरेलू एवं निसान अपने निर्यात बाजार को 65 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक बढ़ाने के लिए तैयार है, जिनमें लेफ्ट-हैंड ड्राइविंग वाले देश भी शामिल हैं।



निर्यात बाजार को लेकर नई रणनीतियों के प्रति निसान की प्रतिबद्धता को दिखाता है। नई निसान मैग्नाइट बी-एसयूवी की लॉन्चिंग निसान के लिए निर्यात हब के रूप में भारत की स्थिति मजबूत करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में 'मेड इन इंडिया' मैग्नाइट को लेकर लगातार मांग एवं लोकप्रियता को देखते हुए

निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट और एएमआईईओ रीजन बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट फ्रैंक टोरेस ने कहा, '2020 में निसान मैग्नाइट की लॉन्चिंग के बाद से ही हमने इसकी जबर्दस्त स्वीकार्यता देखी है और दक्षिण अफ्रीकी बाजार में ग्राहकों की ओर से मेड इन इंडिया कॉम्पैक्ट एसयूवी की मांग भी देखी गई है। हमारा फोकस घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों पर है और ये दोनों ही बाजार 'द आर्क' प्लान के अनुरूप नतीजे पाने की हमारी रणनीति के लिए अहम हैं तथा भारत कंपनी की विकास रणनीति का हम हिस्सा बना हुआ है। नई निसान मैग्नाइट के निर्यात से निर्यात हब के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होगी तथा एएमआईईओ क्षेत्र में निसान के विकास को गति मिलेगी। इससे निसान इंडिया की 'वन कार, वन वर्ल्ड' की फिलॉसफी को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।' निसान अफ्रीका प्रेसिडेंट जॉर्डी विला ने कहा, 'भारत से नई निसान मैग्नाइट की शिपमेंट पाकर हमें खुशी हो रही है। हमें खुशी है कि अब यहां के स्थानीय ग्राहकों के लिए यह कॉम्पैक्ट एसयूवी उपलब्ध है। अपने बोल्ड एस्थेटिक्स, ज्यादा सुरक्षा और एडवांस्ड टेक फीचर्स के साथ कई तरह की प्राथमिकताओं और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हुए हमें उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीका एवं अन्य अफ्रीकी देशों में नई निसान मैग्नाइट बी-एसयूवी ग्राहकों को पसंद आएगी।'

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास का डीपफेक वीडियो वायरल, केंद्रीय बैंक ने जनता को किया आगाह

**नई दिल्ली।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास का एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें आरबीआई गवर्नर कुछ निवेश योजनाएं शुरू करने या उनमें पैसा लगाने की बात कर रहे हैं। आरबीआई ने जनता को आगाह किया है कि वह ऐसे फर्जी वीडियो के झांसे में न आए। आरबीआई अधिकारी कभी किसी प्रोडक्ट में निवेश करने की सलाह नहीं देते।

टेक्नोलॉजी का चलन बढ़ने के साथ इससे जुड़े फ्रॉड भी बेतहाशा बढ़े हैं। ताजा मामले में जालसाजों ने आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास का डीपफेक बनाया है। इसमें आरबीआई गवर्नर कुछ निवेश योजनाएं शुरू करने या उसका समर्थन करने की बात कर रहे हैं। इन योजनाओं को केंद्रीय बैंक यानी आरबीआई की तरफ से चलाने की बात कही जा रही है।

आरबीआई ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे गवर्नर शक्तिकांत दास के डीपफेक यानी फर्जी वीडियो के प्रति आगाह किया है। आरबीआई ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, हमारे संज्ञान में आया है कि गवर्नर के फर्जी वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित किए जा रहे हैं। इसमें आरबीआई द्वारा कुछ निवेश योजनाओं को शुरू करने या समर्थन करने का दावा किया गया है।

वीडियो में तकनीकी उपकरणों के उपयोग के माध्यम से लोगों को ऐसी योजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की सलाह देने की कोशिश की गई है। बयान में कहा गया, आरबीआई स्पष्ट करता है कि उसके अधिकारी ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं हैं या उसका समर्थन नहीं करते हैं और ये वीडियो पूरी तरह से फर्जी हैं। आरबीआई कभी भी कोई वित्तीय निवेश सलाह नहीं देता है।

इस साल की शुरुआत में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने निवेशकों को सावधान करते हुए एक ऐसी ही सलाह जारी की थी। उस वक्त एनएसई क स्ब्ड और CEO आशीष कुमार चौहान के डीपफेक वीडियो आया था।

# टाटा प्ले बिंज ने पुरुष प्रधान फिल्मों के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस के अवसर पर हमारे जीवन में पिता, दोस्त, नेतृत्वकर्ता, स्वप्नदर्शा, संरक्षक, और पथप्रदर्शक के रूप में पुरुषों की भूमिका को सम्मानित किया जाता है। अपनी अनेकों कहानियों के साथ सिनेमा ने पुरुषत्व की भावना को बहुत खूबसूरती के साथ पेश किया है, जिनमें साहसी एक्शन हीरो से लेकर भावनात्मक किरदारों तक उनके विकास का चित्रण है। इस दिन की खुशी मनाने के लिए टाटा प्ले बिंज आपके लिए,सैम बहादुर,12th फेल, पठान,बाहुबली 2: द कॉन्क्लुज़न फिल्मों का विशेष संग्रह लेकर आया है, जो कहानी कहने की कला द्वारा उन पुरुषों को सम्मानित कर रहा है, जो हमारे जीवन में प्रेम, प्रेरणा, नेतृत्व प्रदान करते हैं टाटा प्ले डीटीएच के सदस्य डीटीएच चैनलों के साथ मिश्रित पैक में नेटफ्लिक्स की सदस्यता ले सकते हैं। दर्शक एलजी, सैमसंग और एंड्रॉयड स्मार्ट टीवी, टाटा प्ले बिंज + एंड्रॉयड सेट टॉप बॉक्स, अमेज़न फायरटीवी स्टिक के टाटा प्ले संस्करण और www.TataplayBinge.com द्वारा बड़ी स्क्रीन पर ये सभी ऐप्स देख सकते हैं। 30 से ज्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म्स देखने के लिए टाटा प्ले बिंज ऐप डाउनलोड करें, जिनमें डिज़्नी+ हॉटस्टार, एप्पल टीवी+, अमेज़न प्राइम वीडियो, डिस्कवरी+, डिस्ट्रोटीवी, ज़ी5, सोनीलिव, फ़्यूज़+, फैनकोड, हॉलमार्क, एमएक्स प्लेयर, लॉयंसगेट प्ले, अहा, व्रॉट, पीटीसी प्ले, एनिमैक्स, सन नैक्स्ट, रीलड्रामा, स्टेज, चौपाल, नम्मा फ्लिक्स, प्लैनेट मराठी, मनोरमामैक्स, आईस्ट्रीम, तरंग प्लस, हंगामा प्ले, शेमारूमी, क्यूरियोसिटी स्ट्रीम, एपिक ऑन, ट्रैवलएक्सपी, डॉक्यूबे, शॉर्ट्सटीवी, प्लेफ्लिक्स, क्लिक और गेम्स शामिल हैं।



## बिटकॉइन90,000 डॉलर के करीब

डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद एक बार फिर से बिटकॉइन चर्चा में आ गया है। अमेरिकी चुनाव के नतीजे आने के बाद बिटकॉइन में शानदार तेजी आई। बिटकॉइन 90000 डॉलर के करीब पहुंच गया है। ऐसे में अब सवाल है कि क्या भारत में बिटकॉइन वैध रूप से खरीदा जा सकता है। इस आर्टिकल में इसका जवाब जानते हैं।

अमेरिका में हाल में हुए राष्ट्रपति के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को जीत हासिल हुई। इस जीत ने बिटकॉइन में तेजी को समर्थन किया। जी हां, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के बाद बिटकॉइन में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली और यह 80,000 डॉलर के पार पहुंच गया। इसके बाद भी इस करेंसी में तेजी जारी रही और यह करीब 90,000 डॉलर के करीब पहुंच गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बिटकॉइन वैश्विक स्तर पर आठवां बड़ा एसेट है। बिटकॉइन में तेजी के बाद इसका मार्केट कैपिटलाइजेशन 1.752 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गया। बिटकॉइन में जारी इस तेजी के कारण अब निवेशकों की भी दिलचस्पी बढ़ गई है। बिटकॉइन में निवेश को लेकर एक कन्फ्यूजन अक्सर निवेशकों को रहती है कि क्या इसे वैध रूप से खरीदा जा सकता है या नहीं। बिटकॉइन और क्रिप्टोकरेंसी को लेकर एक कन्फ्यूजन बनी रहती है कि क्या इसे भारत में वैध रूप से खरीदा जा सकता है या नहीं। इसका जवाब हां है। निवेशक भारत सरकार के रजिस्टर्ड एक्सचेंज से इसे खरीद सकते हैं। बता दें कि यह कोई डिजिटल करेंसी नहीं है बल्कि इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट है। हम क्रिप्टो खरीदना चाह रहे हैं पर किस प्लेटफॉर्म से करें? इस सवाल का जवाब है कि हमेशा एफआईयू रजिस्टर्ड प्लेटफॉर्म से ही क्रिप्टो खरीदना चाहिए। एफआईयू एक एजेंसी है, जो भारत में हो रहे लेन देन पर नजर रखती है।

क्रिप्टो खरीदने से पहले आपको प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। इसके साथ ही पैन कार्ड और आधार कार्ड भी रजिस्टर्ड करवाना होगा, आसान भाषा में केवाईसी करवाना होगा।

## स्टैनफेस्ट में आशीष चंचलानी, फुकरा इंसान और 200 से अधिक क्रिएटर्स होंगे शामिल, बनेगा भारत का सबसे बड़ा क्रिएटर मीटअप

**लखनऊ।** गेमर्स के लिए भारत के सबसे बड़े सोशल प्लेटफॉर्म और प्रीमियर गेमिंग कम्युनिटी स्टार्टअप STAN ने भारत के सबसे बड़े क्रिएटर गैदरिंग, स्टैनफेस्ट 2024 की घोषणा की है। 24 नवंबर 2024 को फीनिक्स पलासियो कोर्टयार्ड, लखनऊ में होने वाला यह कार्यक्रम गेमिंग के शौकीनों के लिए एक बेहतरीन कायक्रम होगा, जिसमें लाइफस्टाइल, गेमिंग, म्यूजिक, कॉमेडी, मोटोवलॉगर्स, स्पोर्ट्स जैसे अलग अलग जॉनर से 200 से अधिक क्रिएटर्स शामिल होंगे। फैन्स आशीष चंचलानी, अभिषेक मल्हान उर्फ फुकरा इंसान, राउंड2हेल, UK07, मॉर्टल और अनुराग द्विवेदी को देखने के लिए उत्सुक हैं।

भारत का सबसे बड़ा क्रिएटर गैदरिंग, स्टैनफेस्ट 2024, एक शानदार अनुभव देने के लिए तैयार है, जिसमें उपस्थित लोगों को उनके पसंदीदा क्रिएटर से जुड़ने के लिए डिज़ाइन की गई कई सारी एक्टिविटीज़ शामिल है, जिसमें क्रिएटर के साथ मज़ेदार इंगेजमेंट सेशन, स्टैनफेस्ट के टाइटल स्पोंसर, Zupee द्वारा आयोजित एक मिनी टूर्नामेंट और Esports LAN टूर्नामेंट के सेमी-फ़ाइनल और फ़ाइनल शामिल हैं, जिसके विजेता को थाईलैंड की यात्रा मिलेगी। Zupee मिनी टूर्नामेंट फैन्स को अपने पसंदीदा क्रिएटर के साथ खेलने और पुरस्कार जीतने का मौका देता है। यह कार्यक्रम एक पुरस्कार समारोह के माध्यम से गेमिंग और ईस्पोर्ट्स में बेहतरी का जश्न भी मनाएगा। अंत में, एक लाइव म्यूजिक परफॉरमेंस कार्यक्रम को संगीतमय तरीके से समाप्त करेगा। इस आयोजन में कई थीम्ड एरिया भी होंगे, जो लोगों को एक इमर्सिव एक्सपीरियंस देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। आयोजन के स्पोंसर, बिंगो और गेटरिज़्ड, सक्रिय रूप से दर्शकों को रोमांचक प्रतियोगिताओं और आकर्षक पुरस्कारों के साथ आकर्षित करने के लिए डेडिकेटेड एक्सपीरियंस रखेंगे। इसके अलावा, STAN Arena और Ludo Arena में कई इंटरैक्टिव बूथ होंगे, जो विभिन्न प्रकार की गेमिंग एक्टिविटीज़ और इमर्सिव एक्सपीरियंस ज़ोन प्रदान करेंगे, जो आयोजन में उपस्थित लोगों को आकर्षित और मनोरंजन करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। दर्शक टूर्नामेंट, गेम में भाग ले सकते हैं, उपहार और पुरस्कार जीत सकते हैं, जिसमें एक रॉयल एनफील्ड बुलेट भी शामिल है।

इस आयोजन में एक कॉस्प्ले एरिना भी होगा जहां पुरस्कार विजेता कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए शामिल होंगे। उपस्थित लोगों के पास इन कलाकारों के साथ बातचीत करने, फ़ोटो के माध्यम से यादगार पल कैप्चर करने और कॉस्प्ले की दुनिया का करीब से अनुभव करने का अवसर होगा।

फैन्स अपने पसंदीदा क्रिएटर्स से एक्सक्लूसिव मीट एंड ग्रीट ज़ोन में मिल सकते हैं, जहाँ वे बातचीत कर सकते हैं, फ़ोटो ले सकते हैं और ऑटोग्राफ़ ले सकते हैं।

## टीटीके प्रेस्टीज ने लॉन्च किया भारत का प्रमुख गैस स्टोव, 'एफिशिया गैस स्टोव', जो गैस बचाने में मदद करता है



**नई दिल्ली।** किचन अप्लायंसेस और होम सॉल्यूशन के प्रमुख ब्राण्ड टीटीके प्रेस्टीज ने एफिशिया गैस स्टोव लॉन्च किया है। इस शानदार प्रोडक्ट को खाना पकाने के बेहतरीन अनुभव और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए तैयार किया गया है। इसमें 75% की शानदार थर्मल एफिशिएंसी दी गई है, और इसने ऊर्जा की बचत करने में पारंपरिक स्टोव को पीछे छोड़ दिया है। अगर हम कार से इसकी तुलना करें तो यह बहुत अच्छा माइलेज देता है। मतलब, इसे चलाने में कम गैस लगती है जोकि आज के ग्राहकों के लिए सबसे प्रमुख घटक है। ब्रैंड ने एक टीवी विज्ञापन जारी किया है जिसमें बताया गया है कि ये स्टोव कितना अच्छा है। इस विज्ञापन में एफिशिया गैस स्टोव की भूमिका पर जोर दिया गया है जोकि पर्यावरण के लिए अच्छा है और इससे कम प्रदूषण होता है।

यह नया प्रोडक्ट उच्च दक्षता देता है और गैस की कम खपत करता है, इससे ग्राहकों को उनके गैस बिलों को कम करने में मदद मिलती है। गैस की बढ़ती कीमतों को देखते हुए यह एक महत्वपूर्ण लाभ है। एक शानदार प्रोडक्ट के रूप में एफिशिया गैस स्टोव भारतीय किचन में ईंधन दक्षता की जरूरतों को पूरा करता है। यह स्मार्ट समाधान चाहने वाले परिवारों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है, जोकि परफॉर्मेंस और बचत दोनों ही देता है। वो भी ज्यादा पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली के साथ।

# एयरबीएनबी पर सारा अली खान लेकर आ रही हैं एक्सक्लूसिव वेलनेस एवं योगा रिट्रीट

**नई दिल्ली।** फिटनेस एवं ट्रैवल को लेकर प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान पहली बार एक्सक्लूसिव वेलनेस एवं योगा रिट्रीट क्यूरेट एवं होस्ट करने के लिए तैयार हैं। यह रिट्रीट गोवा में एयरबीएनबी की खास लोकेशनपर होगा, जिसमें चार अतिथियों को हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। गोवा की खूबसूरत वादियों में रिट्रीटका हिस्सा बनने वालों को सुकून का एहसास होगा। यह उनके लिए दिल-दिमाग को शांत रखने का एक खूबसूरत मौका होगा।

सारा को भागमभाग वाले अपने सिनेमैटिक करियर और फिटनेस के प्रति समर्पण के बीच संतुलन के लिए जाना जाता है। अब वह वेलनेस और योग के लिए अपने उत्साह को गोवा में एयरबीएनबी के साथ रिट्रीट के माध्यम से सबके सामने ला रही हैं। इसमें हिस्सा लेने वाले अतिथि प्रकृति की खूबसूरत वादियों में सारा के साथ योग का आनंद लेंगे और उन्हें सारा की व्यक्तिगत वेलनेस से जुड़े राज भी जानने का मौका मिलेगा।



सारा ने कहा, गोवा में विशेष तौर पर एयरबीएनबी पर इस खास वेलनेस एवं योगा रिट्रीट में अतिथियों का स्वागत करने के लिए मैं उत्साहित हूं। प्रकृति की खूबसूरती के बीच हम मन, शरीर और अंतरात्मा की शांति पर फोकस करेंगे और साथ मिलकर यादगार क्षण बनाएंगे। यह एक यादगार व्यवस्था के बीच जिंदगी की छोटी-छोटी खुशियों को सामने लाने, उनसे जुड़ने और उन पलों को गले लगाने का एक मौका है। एयरबीएनबी ने 2022 में गोवा पर्यटन विभाग के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया था, जिसके तहत गोवा की खूबसूरत वादियों और यहां के अनूठे होमस्टे इकोसिस्टम को बढ़ावा देने पर फोकस किया जा रहा है। इस गठजोड़ के माध्यम से एयरबीएनबी का उद्देश्य शांति, संस्कृति एवं संबंधों की तलाश कर रहे घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों के समक्ष 'गोवा बियॉन्ड बीचेज' (समुद्री किनारों से इतर गोवा की खूबसूरती) को बढ़ावा देने के सरकार के लक्ष्य को समर्थन प्रदान करना है। एयरबीएनबी में भारत, दक्षिणपूर्व एशिया, हांगकांग और ताइवान के जनरल मैनेजर अमनप्रीत बजाज ने कहा,÷एयरबीएनबी के होस्ट के रूप में सारा का स्वागत करने को लेकर हम उत्साहित हैं। पर्यटन के लिए किसी गंतव्य पर जाते समय अनूठा एवं व्यापक अनुभव पाने की भारतीय पर्यटकों की चाहत लगातार बढ़ रही है। साथ ही बॉलीवुड भी लोगों के लिए इस मामले में किसी मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में यह रिट्रीट लोगों को सबसे अलग और अनूठा अनुभव देगा। इससे एक एक्साइटिंग इमर्जिंग ट्रैवल ट्रेंड के रूप में वेलनेस टूरिज्म को सामने लाने का भी मौका मिलेगा।

## हाफले द्वारा लाइटिंग का परिचय

हाफले की लूक्स रेंज पिछले 10 वर्षों से फर्नीचर में लाइटिंग की मांग के साथ-साथ नेटवर्किंग और डिजिटलीकरण की बढ़ती जरूरतों को पूरा कर रही है। इस रेंज के समाधान सरलता और लचीलापन के साथ-साथ उच्च विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हैं। यह रेंज एक अद्वितीय संयोजन है जो शानदार डिज़ाइन और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को जोड़ती है, जिससे यह किसी भी घरेलू फर्नीचर एप्लिकेशन के लिए परफेक्ट विकल्प बनती है, चाहे वह किचन कैबिनेट्स और प्लिंथ्स के लिए टास्क लाइटिंग हो, लिविंग रूम शोकेस के लिए डेकोरेटिव लाइटिंग, बेडरूम ऐप्लिकेशंस के लिए मूड लाइटिंग हो, या वार्डरोब में शुद्ध कार्यात्मक लाइटिंग हो।

**वन केबल**

वन केबल एक अद्वितीय फर्नीचर लाइटिंग समाधान है जो आपके कैबिनेट्स में आसान इंस्टॉलेशन की पेशकश करता है। लूक्स 5 ड्राइवर्स द्वारा पावर्ड, यह समाधान आपके फर्नीचर में एक सहज लाइटिंग अनुभव प्रदान करता है।

**आर वन आर्किटेक्चरल लाइट**




यह प्लग-एन-प्ले लाइट्स ग्लेयर-फ्री लाइट आउटपुट प्रदान करती हैं, जो रिफ्लेक्टर के इनोवेटिव डिज़ाइन की बदौलत होती है। मल्टी-व्हाइट एलईडी और इन्टीग्रेटेड ब्लूटूथ मेष नेटवर्किंग के साथ, आर वन लाइट्स एक सहज और सुविधाजनक लाइटिंग अनुभव देती हैं।

**रिटेल लाइट्स**

रिटेल स्पेस के लिए डिज़ाइन की गई ये लाइट्स वस्तुओं को हाइलाइट करने के लिए सबसे वांछनीय समाधान प्रदान करती हैं। उच्च गुणवत्ता वाले एलईडी और संकीर्ण रिफ्लैक्शन एंगल के साथ, हाफले की रिटेल लाइट्स फोकस्ड लाइट आउटपुट प्रदान करती हैं ताकि वस्तुओं को स्पष्ट रूप से उभारा जा सके। 360ए रोटेशन एंगल और 180ए वर्टिकल पैन एंगल के साथ, ये लाइट्स दुकानों और म्यूज़ियम्स के लिए सबसे उपयुक्त हैं।

# कुशीनगर में डीएपी लेने के लिए किसानों में मारपीट की नौबत, पहुंची पुलिस

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के चौराखास थाना क्षेत्र के धौरहरा समिति पर मंगलवार को डीएपी लेने के लिए किसानों में मारपीट की नौबत आ गई। दरअसल, जितना खाद आया था उससे ज्यादा किसान एक साथ पहुंच गए। इसी बीच डीएपी को लेने के चक्कर में किसानों में आपस में ही नोंकझोक होने लगा। इसी बीच अचानक नौबत मारपीट तक पहुंच गई। हंगामा बढ़ते देख मौके पर पुलिस बुलाना पड़ा। इसके बाद से डीएपी वितरण शुरू हुआ। हालांकि अधिकांश किसानों को खाली हाथी लौटना पड़ा।

बता दें कि रवि के फसलों की बुआई शुरू हो गई है। अधिकतर किसान अपने खेतों में बुआई शुरू किया है। इस बीच पिछले एक सप्ताह से डीएपी की कमी से किसान जूझ रहे है। समितियों का चक्कर लगा रहे लेकिन प्रशासन डीएपी भरपूर मात्रा में होने की दावा कर रही है। मंगलवार को धौरहरा समिति पर डीएपी की सूचना मिलने पर सैकड़ों किसान पहुंच गए। हालांकि जितना डीएपी नहीं था उससे ज्यादा किसान पहुंच गए। डीएपी लेले के लिए समिति पर किसान आपस में भीड़ गए और मारपीट करने पर उतारू हो गए। सूचना पर पहुंची तुर्कपट्टी पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। इस संबंध में थानाध्यक्ष चौरखास ने बताया कि इस तरह का मामले हमे जानकारी नहीं है। मैं उधर ही क्षेत्र में था। हो सकता है खाद लेने को लेकर किसानों में तू तू मैं मै हुई होगी।



धौरहरा समिति पर जुटी किसानों की भीड़

**जितना खाद आया था उससे ज्यादा पहुंच गए थे किसान**

वर्तमान समय में जिले में 3754 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। डिमांड के अनुसार 3000 मीट्रिक टन डीएपी अगले महीने आने वाली है। सहकारिता के माध्यम से जो खाद मिलनी चाहिए वह कम है इस लिए समितियों पर थोड़ा दिक्कत आ रही है। अगले माह तक डीएपी की उपलब्धता बढ़ जाएगी और किसानों को राहत भी मिलेगी।

**डॉ मेनका, जिला कृषि अधिकारी, कुशीनगर**

## एडीएम ने उर्वरक बिक्री केंद्र का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी द्वारा रबी फसल की बुवाई के दृष्टिगत जनपद में किसानों को सुचारू रूप से डीएपी एवं अन्य उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने को लेकर दिए गए निर्देश के क्रम में मंगलवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्र इफको गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर उर्वरक वितरण की स्थिति का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। केंद्र पर सुचारू रूप से उर्वरक वितरण करते हुए पाया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर टोकन के अनुसार किसानों को उर्वरक वितरण किए जाने सहित अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# रायबरेली और इन्दिरा गांधी जी का रिश्ता अटूट था: केएल शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी जी की जयंती पर सांसद अमेठी के.एल.शर्मा ने इन्दिरा गांधी वानस्पति उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर मा.सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि रायबरेली और इन्दिरा गांधी जी का रिश्ता अटूट था, जिसे आज भी गांधी परिवार निभा रहा है। भारत की पाकिस्तान पर 1971 की ऐतिहासिक जीत में इन्दिरा गांधी जी की दृढ़ इच्छा शक्ति को विश्व ने माना उसी के बाद विपक्ष के नेता अटल बिहारी बाजपेई जी ने उन्हें दुर्गा कहकर सम्बोधित किया था, बैंको का राष्ट्रीकरण, हरित क्रान्ति, पाकिस्तान के दो टुकड़े, प्रथम परमाणु परीक्षण जैसे बहुत से उनके कालजयी फैसलों ने देश को मजबूत बनाया और विश्व में भारत को एक शक्ति के रूप में स्थापित किया। कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें जिला पंचायत परिसर स्थित इन्दिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, जिला अस्पताल में मरीजों का फ्ल वितरण, कार्यालय तिलक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी व उमरामऊ डलमऊ में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, एवं नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, की उपस्थिति में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ''जब तक सूरज-चांद रहेगा, इन्दिरा तेरा नाम रहेगा'' का नारा लगाया साथ ही सभी ब्लाकों में गरीबों की सहायता व श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस मौके पर डा.मनीष सिंह चौहान, हाजी इलियास, वी.के.शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, राजेश यादव, अनिल मिश्रा, सदर समन्वयक रोहित सिंह, राहुल बाजपेई, शैलजा सिंह, अम्बरीश बाजपेई, ओम प्रकाश पाल, सुनील सिंह भदौरिया, प्रमेन्द्र पाल सिंह, मेराजुल हसन फारूकी, लाल आशकिरन प्रताप सिंह, मुन्ना घोसी, आशीष द्विवेदी, राज कुमार दीक्षित, सर्वोत्तम मिश्रा, सूर्य कुमार बाजपेई, पुष्पा यादव, मो.हुसैन, संजीव शुक्ला, हरमिन्दर सिंह सलूजा, कामता नाथ सिंह, हाफिज़ रियाज, मो. अशरफ खान, बबिता सिंह, सै.अरशद अली, अजीजुल हसन, मो.सलीम, आलोक विक्रम यादव, घनश्याम शुक्ला, अभय सिंह, सुनील कुमार, मनोज मिश्रा, राशिद अंसारी, अमित मिश्रा, अंकुर सिंह चौधरी, नितिन कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।



## जमीन पैमाईश करने गई राजस्व टीम के साथ आवेदक से मारपीट



**तमकुहीराज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के गांव पकड़ी गोसाई में मंगलवार को जमीन की पैमाईश करने गई राजस्व विभाग की टीम के सामने ही आवेदक को तीसरे व्यक्ति ने बुरी तरह पिटाई कर जख्मी कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि पैमाईश में अड़ंगा डालने के उद्देश्य से तीसरे व्यक्ति ने उसकी की बुरी तरह पिटाई कर दिया। मौके पर मौजूद गांव वालों ने बीच बचाव कर आरोपी के चंगुल से पीड़ित को बचाया। पीड़ित ने तुर्कपट्टी पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गांव पकड़ी गोसाई निवासी केदार चौबे के सड़क के किनारे स्थित चक की भूमि को कुछ दबंगों द्वारा जोतने से रोकर दिया गया था। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले में न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़ित के आवेदन पर मंगलवार को उपजिलाधिकारी के निर्देश पर कानूनगो तुर्कपट्टी की अगुवाई में राजस्व विभाग की टीम पकड़ी गोसाई स्थित उक्त भूमि की पैमाईश करने गई हुई थी। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान गांव के देवेंद्र सिंह गिरोह बंद होकर पीड़ित पक्ष रजनीश चौबे पुत्र केदारनाथ चौबे की बुरी तरह पिटाई करना शुरू कर दिया। इस मारपीट में गम्भीर रूप से घायल को परिजन तत्काल सीएचसी तमकुहीराज लाए जहां इलाज चल रहा। मौके पर हुए विवाद के चलते उक्त भूमि की पैमाईश नहीं हो सकी। पीड़ित ने तुर्कपट्टी पुलिस को तहरीर देकर आवश्यक कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मनाई गई रानी लक्ष्मीबाई और इंदिरा गांधी की जयंती




अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में रानी लक्ष्मीबाई और इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें याद किया गया, साथ ही यातायात जागरूकता पाठशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात सम्बन्धी नियमों की जानकारी दी गयी।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ रानी लक्ष्मीबाई और इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये। छात्रा प्रिया पाल ने झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि लक्ष्मीबाई मराठा शासित राज्य झाँसी की रानी और 1857 की राज्य क्रांति की द्वितीय शहीद वीरांगना थी। उन्होंने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंग्रेज साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुई। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया।

यातायात सुरक्षा माह के अंतर्गत टी एस आई रमेश सिंह और बी आर सिंह ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित परिवहन चालन और नियमों के पालन की शपथ दिलाई। टी एस आई द्वारा विद्यालय के चालकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल,शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, अजयराज सिंह, कामरान, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकध्शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लाखों श्रद्धालुओं ने छका महाप्रसाद

**रायबरेली।** श्री फाउंडेशन परिवार के तत्वाधान में किसान विद्यालय अटौरा में विशाल ब्रह्म भोज का आयोजन कन्याभोज के साथ विधि विधान से संपन्न हुआ। श्री फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी दादा श्री व समाजसेवी सुधा द्विवेदी भाभी श्री के द्वारा मंगल समारोह की शुरुआत 1001 कन्या भोज से हुई उसके बाद ब्रह्म भोज का कार्यक्रम संपन्न हुआ। वही श्री परिवार के ब्रह्म भोज में कुड़ुओ ने भारी संख्या में प्रसाद ग्रहण कर खुले मन से यजमान को धन-धान्य से संपन्नता का आशीर्वाद प्रदान किया। लगभग 1 लाख की संख्या से अधिक लोगों ने इस ब्रह्म भोजका प्रसाद ग्रहण कर धन्य हो गए। इस मौके पर प्रमुख रूप से अमेठी सांसद के यल शर्मा, हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी सपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज के नगर पालिका अध्यक्ष सतोहन सोनकर, लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता दीपेंद्र गुप्ता, भाजपा नेता रविंद्र सिंह व्यापार मंडल प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता विवेक शर्मा रजनीस सिंह निर्मल शुक्ला, पंजाबी सिंह,अतुल सिंह नगर अध्यक्ष राहुल भदोरिया सचिन सिंह शीतल गुप्ता पत्रकार रामबाबू गुप्ता पत्रकार आदि धार्मिक अनुष्ठान के भागीदार बने। कार्यक्रम को सफल बनाने मे श्री फाउंडेशन के कार्यकर्ता धैर्य शुक्ला अमन बाजपेई सूरज मिश्रा सौरभ सिंह फारूक राणा, नीरज मिश्रा,जितेंद्र सिंह ,राजा शुक्ल आदि का सराहनीय योगदान रहा । इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान में डलमऊ मठ के महंत स्वामी देवानंद गिरि जी महाराज जी ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर यजमान को आशीर्वाद प्रदान किया।

## किसान सम्मान निधि पाने के लिए तैयार करानी होगी फॉर्मर रजिस्ट्री

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** उप कृषि निदेशक आशीष कुमार ने कृषक बंधुओं को अवगत कराया है कि किसान सम्मान निधि प्राप्त करने के लिए किसानों को अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री तैयार कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में विस्तृत शासनादेश जारी हो चुका है। फार्मर रजिस्ट्री में किसान व उसके पिता का नाम, उसके स्वामित्व वाले सभी गाटा सं0, सहखातेदार होने की स्थिति में गाटा में किसान का अंश, मोबाइल नंबर आधार कार्ड संख्या व ई- केवाईसी का विवरण दर्ज किया जायेगा।

किसानो का फार्मर रजिस्ट्री तैयार होने के बाद उन्हें सिर्फ पीएम किसान सम्मान निधि ही नहीं, बल्कि के.सी.सी. फसल बीमा, एमएसपी, कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड जैसी योजनाओं का भी लाभ प्राप्त होगा। डिजिटल डाटा समय-समय पर अपडेट किया जायेगा। डिजिटल डाटा तैयार होने के बाद सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को सीधे मिल सकेगा। कार्यक्रम का क्रियान्वयन दो चरणों में किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम चरण में 18 नवंबर से 25 नवंबर तक किसानों को स्वयं अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जानी है। पोर्टल व मोबाइल के माध्यम से किसान स्वयं या जन सेवा केंद्र से अपनी फार्मर रजिस्ट्री कर सकेंगें।

दूसरे चरण में कैम्प मोड़ में अभियान 25 नवम्बर से 31 दिसंबर तक स्थानीय कार्मिकों (लेखपाल, कृषि व अन्य विभाग के कार्मिक) के माध्यम से चलाया जायेगा। सभी राजस्व ग्रामों में शिविर लगाकर लेखपाल, कृषि व अन्य विभाग के कर्मचारी एप के माध्यम से किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करेंगे। पी.एम. किसान सम्मान निधि की आगामी किस्तों का लाभ लेने के लिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का तैयार होना अनिवार्य है।

## सार्वजनिक रास्ते से अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुर बुजुर्ग में कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जा किया जा रहा हुआ। इस संबंध ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी व थानाध्यक्ष कसया को पत्रक देकर कार्रवाई की मांग किया है। उप जिलाधिकारी कसया व थानाध्यक्ष को तहरीर देकर शिवपुर बुजुर्ग निवासी राधेश्याम गुप्ता, नागेंद्र मद्धेशिया, शंभू मद्धेशिया, सुनील कुमार, विवेकानंद आदि लोगों ने आरोप लगाया है कि गांव में सार्वजनिक रस्ते पर राजेंद्र, सुरेश स्व. मोतीलाल आदि लोगों द्वारा पक्की सीढ़ी का निर्माण कराया जा रहा है। रोकने पर ये लोग मारपीट पर उतारु हो जा रहे है। सार्वजनिक रस्ते पर अवैध तरीके से अतिक्रमण करने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## धान का उत्पादन जानने को लेकर कराई गई क्राप कटिंग

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने मंगलवार को तहसील गौरीगंज अंतर्गत ग्राम मेंदन मेवई में जनपद में धान की फसल के उत्पादन व उत्पादकता जानने को लेकर क्रॉप कटिंग कराई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने राजस्व व कृषि विभाग की टीम के साथ किसान राजेश कुमार अल्ला भेलू पवन कुमार व ओमप्रकाश के खेत पर पहुंचकर अपने सामने 43.03 स्क्वायर मीटर धान की फसल की क्राप कटिंग कराई तथा धान पिटवाकर उसका तौल भी कराया गया।जोकि क्रमशः 19.600 किग्रा 20.100 किग्रा 15.700 किग्रा तथा 20.800 किग्रा निकला। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्राप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने किसान भाईयों से सीधा संवाद स्थापित किया और अपने नजदीक के क्रय केन्द्र पर धान बेचने हेतु किसानों से अपील भी की। उन्होने कहा कि सरकारी धान क्रय केन्द्र पर किसान भाई धान बेचे ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। अपर जिलाधिकारी ने इस दौरान किसान भाईयों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीक के गौशाला पर पराली को ले जाएं और वहां से गोबर की खाद लाकर अपने खेतों में डाले।



## गुरुकुल के बच्चों ने सांसद के एल शर्मा से किया संवाद

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** स्थानीय सांसद किशोरी लाल शर्मा मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र के 2 दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे।जहां मंगलवार सुबह श्री शिवमंगल तिवारी बालिका इंटर कॉलेज सेभुई गौरीगंज के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।आज इंदिरा गांधी की जयंती पर सांसद ने संबोधन के दौरान कहा कि आज के बच्चे कल की भावी नागरिक हैं।छात्राओं को बताया कि देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की भारत को एक अखंड सशक्त और मजबूत भारत बनाने में अग्रणी भूमिका रही।

उन्होंने बच्चों को इंदिरा गांधी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी और विद्यालय परिवार के लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।इसके बाद केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर इंदिरा जी के चित्र पर मालयार्पण किया।इस मौके पर प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल एवं संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन मौजूद रहे। यहां से निकल कर रक्तदान शिविर कार्यक्रम में संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज पहुंचे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के राजीव गांधी सभागार में गुरुकुल विद्यालय शाहगढ़ के बच्चों का सांसद से संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने क्षेत्र के सांसद से सम्बैधानिक संस्थाओं के बारे में तमाम जानकारी हासिल किया। कार्यक्रम का बच्चों द्वारा शिव स्तुति से शुभारम्भ हुआ। बच्चों की अंग्रेजी उद्बोधन अति प्रशंसनीय व सराहनीय रहा मानस शुक्ला ने सांसद से पूछा कि संसद सदस्य का मुख्य काम क्या है। सौम्या साहू ने पूछा अपोजिशन का क्या काम होता है। यूनियन गवर्नमेंट में आकृति ने पूछा कानून कैसे बनता और संसद में एक वर्ष में सत्र कितने होते है प्रिंस यादव ने पूछा कि भारत में प्रेसिडेंशियल या पार्लियामेंट्री सरकार है सांसद ने गुरुकुल के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग बहुत अच्छे व्यक्ति के सानिध्य में पढ़ रहे हो। परिश्रम पेशेंस और एफर्ट्स यह तीन चीज आप देते रहें जीवन में सफलता आपके कदम चूमेगी और कहा कि स्कूल के लिए मैं यथासंभव जितना भी हो सकेगा सदैव सहयोग करूंगा। बच्चे जो यहां के गुरुकुल के चमक रहे हैं जुनून के परफॉर्मेंस है इसको देखते नहीं बनता है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे हैं इतना तो शहरों के बच्चे नहीं कर पाते हैं। स्कूल के प्रबंधक शिवदयाल किसान ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्कूल के किचेन में संदिग्ध परिस्थितियों में रसोईया का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कस्बे के सच्चिदानंद इंटर कालेज के किचेन में खाना बनाने वाले रसोईया का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बरामद हुआ। गले व बांह पर गंभीर घाव के निशान थे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई।

मंगलवार को अपराह्न लगभग 3 बजे सच्चिदानंद इंटर कालेज के रसोई घर में खाना बनाने वाले रसोइया विक्रम बहादुर थापा उम्र 28 वर्ष निवासी तगनी चौक गोरखा नेपाल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक काफी दिनों से स्कूल के हॉस्टल में बच्चों का खाना बनाता था अभी तीन दिन पहले घर से वापस छुट्टी बिता कर स्कूल में आया था। जिसका शव मंगलवार की शाम किचन में मिला। उसके साथ काम करने वाले शेर बहादुर थापा ने बताया कि वह अभी तीन दिन पहले ही घर से छुट्टी बिता कर वापस आया था। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक धनवीर सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का जायजा सीओ कुंदन सिंह ले लिया और खुलासे का निर्देश दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक धनवीर सिंह ने कहा कि घटना की सीसीटीवी कैमरे से जांच की जा रही है यथाशीघ्र घटना का खुलासा हो जाएगा।


शव का पंचनामा तैयार करती पुलिस

**गले व बांह पर गहरे चोट के थे निशा**

**सच्चिदानंद इंटर कालेज में रसोइया का काम करता था नेपाली युवक**

## सवारी के इंतजार में खड़ी युवती को डीसीएम ट्रक ने मारी ठोकर, मौत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के जोकवा बाजार हाईवे पर सवारी का इंतजार कर रही एक युवती को बेकाबू डीसीएम ट्रक ने जोरदार ठोकर मार दिया। युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को फाजिलनगर जाने के लिए जोकवा बाजार हाईवे पर सवारी का इंतजार कर रही ब्यूटी पुत्री रामप्रवेश प्रसाद उम्र 25 वर्ष ग्राम महुआ पाटन थाना तरकुलवा जिला देवरिया को तेज गति से आ रही एक डीसीएम ट्रक ने अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी युवती को जोरदार ठोकर मार दिया। युवती की मौके पर ही मौत हो गई। अगल बगल के लोगों ने पुलिस सूचना दिए। सूचना पर पहुंची मधुरिया पुलिस ने युवती को सीएचसी फाजिलनगर ले गए जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस युवती के परिजनों को जानकारी देने के बाद पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं स्थानीय लोगों की सक्रियता और उनके द्वारा अपना पीछा करते देख डीसीएम ट्रक चालक डीसीएम को फोरलेन पर किनारे खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है।

**फाजिलनगर जाने के लिए जोकवा बाजार हाईवे पर खड़ी थी युवती**



# रास्ते के विवाद में जमकर हुई मारपीट चले ईंट पत्थर, छह घायल

अवधनामा संवाददाता

**खड्डा, कुशीनगर।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के हनुमानगंज गांव में दो पक्षों के बीच रास्ते का विवाद मारपीट में बदल गया। एक पक्ष के लोगों ने लाठी डंडे, ईट, पत्थर, लात घुसो से पीट पीटकर आधा दर्जन लोगों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को सीएचसी तुर्कहां भर्ती कराया गया, जहां तीन लोगों की हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं मारपीट की इस घटना में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें दबंगों की मारपीट देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि हनुमानगंज गांव के पूर्व प्रधान नागेन्द्र चौधरी एवं राबड़ी देवी के परिवार के बीच रास्ते का विवाद है। सोमवार को विवाद उग्र रूप धारण कर लिया एवं दोनों पक्षों में ताना-तानी बढ़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया और वापस लौट गई, इसी बीच दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष के लोगों ने महिलाओं और लड़की को ईट, पत्थर उठाकर जानलेवा हमला कर दिया, ईट के प्रहार और भीषण मारपीट में आधा दर्जन लोग हमले के शिकार हो गए। किसी का सर फटा तो किसी के शरीर और अन्य जगहों पर गम्भीर चोटें आई। इस दौरान गांव में शोर एवं चिल्लाने की आवाज सुनकर सनसनी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राबड़ी देवी, गुड्डी देवी, राधिका, दीपक एवं रामप्रवेश को एम्बुलेंस से तुर्कहां सीएचसी इलाज के लिए भर्ती कराया जहां गम्भीर रूप से घायल राधिका, राबड़ी और गुड्डी को डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायलों की हालत नाज़ुक बनीं हुई है। घटना में शामिल दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। एसएचओ हनुमानगंज ओमप्रकाश तिवारी का कहना है कि घटना में शामिल दो लोगों को पुलिस हिरासत में लिया गया है। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**पूर्व प्रधान और एक मुसहर परिवार के बीच रास्ते का है विवाद**


महिला व बुजुर्ग को ईंट से पिटते दबंग

## विकास खंड देसही देवरिया में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** युवा कल्याण अधिकारी पुनीत कुमार ने बताया कि युवा कल्याण विभाग द्वारा विकास खंड देसही देवरिया में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निखिल आनंद ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आगामी 19 दिसंबर को जिले में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे, जहाँ वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। 100 मीटर दौड़ सीनियर वर्ग में आकाश सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ सब जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग में धीरज प्रजापति कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। 1500 मीटर दौड़ जूनियर बालिका वर्ग में राधा मधेशिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल सीनियर बालक वर्ग में अकटीहियां की टीम विजेता रही। कबड्डी जूनियर वर्ग में भटनी दादन की टीम विजेता रही, जबकि नौतन हथियागढ़ उपविजेता रही। 200 मीटर दौड़ सब जूनियर वर्ग में इन्द्रमती साहनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कुश्ती में विनीत यादव, बादल चौहान और पुरेंद्र दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी महिला टीम में नौतन हथियागढ़ की टीम विजेता रही। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार, राजकमल, पीआरडी स्वयंसेवक जितेंद्र, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रभश सिंह, दिग्विजय, रामानंद भारती, शिवम, पवन, पूर्णवासी और रत्नेश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पोषण/कन्वर्जेन्स समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया कि आरबीएसके टीम का माइक्रोप्लान के अनुसार नियमित भ्रमण सुनिश्चित करायें तथा टीम के भ्रमण से 01 दिन पूर्व ही आगनबाड़ी कार्यकत्री को टीम पहुंचने की सूचना दे दी जाय ताकि टीम पहुंचने पर सभी लक्षित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ किशोरी बालिकाओं को आयरन की खुराक दी जा सके। समस्त सीडीपीओ को निर्देशित दिया गया कि एरिया एकीकरण का सर्वे कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाय। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि सैम बच्चे चिन्हित कर उनका डाटा ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ उन्हें उचित उपचार प्रदान किया जाय। डीएम मोनिका रानी ने समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिया कि पोषण ट्रैकर एप पर समस्त बिन्दुओ वजन, गृह भ्रमण, पोषाहार, ,आधार सीडिंग, सीबीई/वीएचएसएनडी गतिविधि आदि की फीडिंग शत प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित करते हुए हाटकुक्ड मील वितरण व जेम पोर्टल से बर्तन व गैस चूल्हा का गुणवत्तापरक टेण्डर करायें तथा प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए समस्त बिन्दुओं में प्रगति को बढ़ाया जाय। डीएम ने डी.सी. मनरेगा को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत निर्मित 45 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के हस्तान्तरण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाय। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाय तथा जिन भवनों का शिलापट भी स्थापित करायें। डीएम ने सीडीपीओ को निर्देश दिया कि आई.डी. जनरेट कार्य को अद्यतन करने के साथ-साथ सक्षम आंगनाबाड़ी केन्द्र के अन्तर्गत विकसित केन्द्रो पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग और रंगाई पुताई एवं बाला पेन्टिंग के लिये उपलब्ध कराई गई धनराशि के सापेक्ष कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कराये गये कार्यो की की प्रभावी मॉनीटरिंग कर कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करायें। डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विभागीय आंगनबाड़ी भवनों पर 18 मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय इत्यादि के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र निर्गत करायें। डीएम ने अधि.अभि. विद्युत को निर्देश दिया कि जिन केन्द्रों पर आर.ओ. यूनिट की स्थापना हो गई है वहां पर तत्काल विद्युतीकरण कराया जाय जबकि अधि.अभि. जल निगम को आगामी बैठक तक चिन्हित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल की सुविधा हेतु पानी की टंकी तथा टैप की फिटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान डीएम द्वारा पोषाहार बनाये जाने वाली यूनिट इकाई के सैम्पल पैकिंग व रख रखाव, प्री स्कूल किट की गुणवत्ता की जाँच कराये जाने, वीएचएसएनडी सत्र पर बच्चों हेतु वजन मशीन की उपलब्धता, बच्चो का आधार बनाने व आधार बनाने की मशीन की व्यवस्था के साथ-साथ संचालन के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपायुक्त स्वतः व श्रम रोजगार अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला आयुर्वेद अधिकारी (आयुष), जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रभारी एवं आई.सी.डी.एस./ स्वास्थ्य पीरामल, राकेट लर्निंग संस्था, सहयोगी पार्टनर्स सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## शियाने हैदर ए कर्रार बेलफेयर एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अलमदार हुसैन सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर/लखनऊ।** सोमवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में समाज सेवा एव जनहित में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शियाने हैदर ए कर्रार बेलफेयर एसोशिएशन के पदाधिकारियो का प्रदेश से शीर्ष अधिकारियो ने सम्मानित किया। राजधानी में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अपर डीजी विवेक कुमार सिंह,प्रदेश जेल डी आई जी आर एल पाडे व पूर्व मेयर श्रीमती संयुक्ता भाटिया ने एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अलमदार हुसैन को सम्मानित करते हुए उनके कार्यो की सराहना की।प्रदेश के शीर्ष अधिकारी द्वय ने एसोशिएशन के पदाधिकारियो को भी सम्मानित किया।एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम में अधिकारी द्वय का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम में राजधानी के कई गणमान्य सहित कई प्रशासनिक अधिकारी गण मौजूद रहे।

## ग्राम बोझिया में आयोजित हुआ पशुधन जागृति शिविर

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार के तत्वाधान में पशुधन जागृति अभियान पशु प्रजनन उर्वरता शिविर एवं सघन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन विकास खण्ड मिहींपुरवा के ग्राम बोझिया में मुख्य अतिथि मा. विधायक बलहा सरोज सोनकर के प्रतिनिधि अलोक जिंदल एवं ब्लाक प्रमुख मिहींपुरवा सौरम वर्मा की उपस्थित कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जबकि कार्यक्रम का संचालन डा. बीनू पाण्डेय, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पशुधन विकास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. राजेश कुमार उपाध्याय द्वारा शिविर में पशुपालको को पशुओं को स्वस्थ्य रखने एवं बीमारियों की रोकथाम के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गयी। पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय मथुरा से आये हुये प्रोग्राम नोडल अधिकारी डा. जितेन्द्र अग्रवाल व डा. कपिल गुप्ता ने पशुपालको को पशुओं में बाझंपन की समस्या, निर्वाण एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु नवीन एवं गुणवत्तापूर्ण जानकारी प्रदान की। क्षेत्र के सभी पशुपालक अपने पशुओं में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर अपनी आय को दुगना कर सकें। इसके उपरान्त इंडियन इमिनोलोजिकल के प्रतिनिधि रिपु सुधन दुबे सीनियर एक्जिक्यूटिव इंजिनियर ने पशुओं में बीमारी की रोकथाम हेतु टीकाकरण की उपयोगिता एवं आवश्यकता के बारे में पशुपालकों को जागरूक किया। शिविर में जनपद लखीमपुर से आये हुये पशु चिकित्साधिकारी डा. अनिरुद्ध सिंह ने पशुपालको को पशुओं के रख-रखाव, पोषण एवं वर्गीकृत वीर्य के उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की। पशुचिकित्साधिकारी डा. जेपी वर्मा, डा. कपिल गुप्ता, डा. प्रवेश मिश्रा, डा. अंकित वर्मा, डा. विपिन बिहारी, मोबाइल वेटनरी यूनिट से डा. राहुल सिंह के द्वारा जागृति शिविर में आये हुये लगभग 423 पशुपालकों को पशुपालन विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुये उनके पशुओं की आवश्यकतानुसार चिकित्सा उपचार किया गया।

## घने कोहरे में पांच वाहन आपस में भिड़े, एक घायल

**शिकोहाबाद।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार सुबह साढ़े सात बजे घने कोहरे के चलते एक कार आगे जा रही डीसीएम में घुस गई। जिसके बाद एक-एक करके चार अन्य वाहन भिड़ गये। गनीमत रही कि इसमें किसी व्यक्ति की जनहानि नहीं हुई। हादसे में ईको सवार एक यात्री घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय में भेजा गया। ईको स्पोर्टकार को चालक राम कुमार चला रहा था। कार घने कोहरे के कारण नसीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत माइल स्टोन 56.400 पर पहुंची, तभी आगे जा रही डीसीएम में घुस गई। जिससे कार में सवार एक यात्री अंकित प्रसाद (50) घायल हो गया। जबकि उसमें सवार अन्य पांच लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं। कार को रामकुमार चलाता हो था। इसके बाद पीछे आ रही एंडेवर गाड़ी ईको से टकरा गई। जिसे चालक अतुल चला रहा था। तीसरी गाड़ी सिल्टोस एंडेवर में पीछे से घुस गई। जिसे अरविंद चला रहा था। सिल्टोस के पीछे आ रही कार किया सेल्टोस कार से टकरा गई। जिसे गौरव चला रहा था। सभी कारें आगरा से लखनऊ की तरफ जा रही थीं। गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई और न ही घायलों की संख्या बढ़ी।

# 15 मोबाइल सहित दो शातिर लुटेरे पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता




**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधाकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा थाना सिरसागंज क्षेत्रान्तर्गत अलग-अलग चोरी करने वाले अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों द्वारा 19.11.2024 अलग अलग जगहों/दुकानों/मकानों तथा ट्रकों से मोबाइल चोरी की घटना की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 506/2024 धारा 35(1) / 106 बीएनएसएस व 317(2)/ 317(5) वीएनएस पंजीकृत किया गया है, व मु.अ.सं. 314/2024 धारा 303 (2) बीएनएस व मु.अ.स. 505/2024 धारा 303 (2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण सनी उर्फ जहरीला पुत्र गुलशन निवासी शेख सराय, फिरोजाबाद, अभी कुमार पुत्र विनोद निवासी मियां बाजार, थाना सिरसागंज को गिरफ्तार कर समय से न्यायालय भेजा जा रहा है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह, उ.नि. राजनारायण सिंह, उ.नि. मोहर अली, उ.नि. विनीत कुमार, उ.नि. सुभमथाना, का. 458 अर्जुन, का. 127 अमित कुमार, का. 1073 विकास कुमार थाना सिरसागंज फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# मतदाता निर्भीक होकर मताधिकार करें: अंजनी

**जिला प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था के किए हैं मुकम्मल इंतजाम**

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने विधान सभा क्षेत्र करहल के उप निर्वाचन-24 की मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु कृषि उत्पादन मंडी समिति से पार्टी रवानगी के दौरान कार्मिक पंडाल का निरीक्षण कर मतदान कार्मिकों से संवाद करते हुये कहा कि पीठासीन, मतदान अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्वक संपन्न कराएं, मतदान केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पीठासीन अधिकारी को निर्वाचन आयोग ने समस्त अधिकार प्रदत्त किए हैं, उक्त सीमा में पीठासीन अधिकारी का आदेश सर्वमान्य होगा, सभी मतदान कार्मिक निर्भीक होकर मतदान दिवस को पर्व के रूप में मनाकर निष्पक्ष रहकर शान्तिपूर्ण ढंग से मतादन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में अपना योगदान दें, मतदान प्रक्रिया को सुचारू एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में सबसे अहम भूमिका मतदान कार्मिकों को निभानी है, आप सब निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ कर अपने-अपने बूथ पर स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान करायें। श्री सिंह ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु जनपद की विधानसभा 110-करहल में स्थापित कुल 444 मतदान स्थलों पर निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु मतदान कार्मिक रवाना हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र वातावरण में संपन्न कराने हेतु शांति व्यवस्था के दृष्टिगत फुल-प्रूफ व्यवस्था की गई है, मतदान केंद्रों पर केंद्रीय पुलिस बल के साथ भारी मात्रा में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, विधान सभा करहल के 222 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी, 145 केन्द्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किये गये हैं, इसके अतिरिक्त संवेदनशील केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है, शेष केन्द्रों पर वीडियोग्राफर तैनात रहकर निरतंर रिकॉर्डिंग करेंगे। उन्होने बताया कि न सिर्फ पोलिंग बूथ पर सुरक्षा की व्यवस्था की गयी है बल्कि पोलिंग बूथ के बाहर भी मोबाइल टीमें, सम्बन्धित थानाध्यक्ष सक्रिय रहकर प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेंगे, मतदान प्रक्रिया में विघ्न डालने, हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। उन्होने कहा कि मतदान कार्मिकों, मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों पर समस्त मूल-भूत सुविधाएं यथा पीने हेतु स्वच्छ पानी, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प, व्हील चेयर की व्यवस्था की गयी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को निर्भीक वातावरण में संपन्न कराने हेतु विधान सभा क्षेत्र करहल को 02 सुपर जोन, 09 जोन, 44 सेक्टर में विभाजित कर प्रत्येक जोन में 01-01 जोनल मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक सेक्टर में 01-01 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, संवेदनशील, अति संवेदनशील केन्द्रों को चिन्हित कर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, वहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये है। उन्होने कहा कि यदि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्थान पर शांति व्यवस्था सम्बन्धी कोई समस्या उत्पन्न हुई तो 05 मिनट के अंदर कोई न कोई वरिष्ठ अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद होगा और मतदान प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही होगी।

# भागवत भगवान की है आरती, कथा विश्राम के बाद हुई हवन पूजन

अवधनामा संवाददाता



**धनपतगंज, सुल्तानपुर।** श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विश्राम दिवस के पश्चात हवन पूजन एवं आरती हुई। पूज्य बाल व्यास मधुर जी महाराज ने हवन पूजन के पश्चात बहुत ही हर्षौल्लास के साथ आरती कराई। क्षेत्रीय लोगों का कथा के विश्राम के पश्चात हवन पूजन और आरती में उपस्थित रही। समस्त ग्राम वासियों ने और क्षेत्र वासियों ने हवन पूजन और आरती के कार्यक्रम में पधार कर प्रसाद ग्रहण किया। पूज्य बाल व्यास महाराज ने बताया कि कथा कभी समाप्त नहीं होती है। कथा ही एक ऐसी है जो इस संसार में युग युगांतर तक चलती रहती है। प्रभु के गुणों का गुणगान उनकी लीलाएं युगांतर तक इसी तरह वर्णन की जाती रहेंगी। प्रभु की लीला अनंत है असीम है। इस अवसर पर मुख्य यजमान पूर्व प्राचार्य पंडित जगदेव प्रसाद पाण्डेय शास्त्री ने आए हुए श्रद्धालुओं का धन्यवाद दिय। पत्रकार संतोष पाण्डेय ने सभी से सादर निवेदन किया कि आज 20 नवंबर को होने वाले महाप्रसाद में सभी आवश्यक पधारे और कथा के विश्राम के पश्चात महा प्रसाद ग्रहण करें। कहा जाता है की जब तक महाप्रसाद ग्रहण नहीं किया जाता तब तक कथा पूर्ण नहीं मानी जाती है इसलिए उन्होंने सभी से निवेदन किया कि सभी आज के महाप्रसाद में अवश्य पधारे। महाप्रसाद ग्रहण करें और पाण्डेय परिवार को आशीर्वाद प्रदान करें। हवन पूजन और आरती में क्षेत्र के सुधीर पांडे फैजाबाद से भूमि संरक्षण विभाग से रघुवीर सिंह ग्राम प्रधान बड़नपुर दीपक सिंह सुल्तानपुर मुख्यालय से पधारे न्यू गीतांजलि टाइम्स के मान्यता प्राप्त पत्रकार उमेश तिवारी पत्रकार पंकज तिवारी सुरेश पांडे, गंगा प्रसाद पांडे, शिक्षक सहित सैंकड़ों लोग शामिल हुए।

# शिक्षक राष्ट्र निर्माता, सरकार संज्ञान ले: प्रो. अरुण

अवधनामा संवाददाता




**शिकोहाबाद।** आगरा विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के सदस्य डॉ एमपी सिंह ने बताया कि आज ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गेनाइजेशंस एवं फुप्नुक्टा के आवाहन पर नई दिल्ली के जंतर मंतर पर देश के विभिन्न महाविद्यालयों से बड़ी संख्या में शिक्षक एकत्र हुए। ऑल इंडिया फेडरेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर एम नागराजन एवं महामंत्री प्रोफेसर अरुण कुमार ने अपने संबोधन में सरकार को चेताया कि आज तक संगठन की मांगों को जिस सरकार ने भी ठुकराया है, संगठन ने उसका साथ कभी नहीं देगा और नाही संगठन कभी हारा है। शिक्षकों की अनेकों मांगों को पिछले कई वर्षों से पूरा करने के लिए धरना प्रदर्शन शांतिपूर्वक तरीके से किया जा रहे हैं परंतु सरकार अभी तक शिक्षकों की उचित मांगों का संज्ञान नहीं ले रही है। उन्होंने धन्यवाद दिया कि आज उच्च शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की तरफ से 21 नवंबर को फेडरेशन के पदाधिकारी को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह धरना 27 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जा रहा है अगर हमारी मांगे नहीं मानी जाती है तो हम आगे बाद धरना विभिन्न संसदीय क्षेत्र में करेंगे। इन्हीं संगठनों के आवाहन पर आज 19 नवंबर को पूरे देश के विभिन्न महाविद्यालयों से शिक्षको ने अपनी मांगों को लेकर जंतर मंतर पर धरना दिया। विदित रहे कि शिक्षकों की विलंबित मांगो पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह धरना दिया जा रहा है। प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन को लागू करना, नीट जैसी केंद्रीकृत परीक्षाओं को खत्म करना, अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ी जातियों की छात्राओ की शिक्षा निशुल्क करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हटाना, पुरानी पेंशन को यथार्थ रूप से लागू करना, देश के सभी महाविद्यालयों में रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष करने, एमफिल को फिर से शुरू करने, यूजीसी पे स्केल को सभी राज्यों में एक समान लागू करने, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वर्षों से पड़े खाली पदों को अति शीघ्र भरने, शिक्षा का बजट 10: करने, शिक्षा का निजीकरण रोकने आदि हैं। इन्हीं मांगों को लेकर आज शिक्षको ने जंतर मंतर पर धरना दिया। धरने को डॉ वीरेंद्र चौहान, प्रोफेसर विवेक द्विवेदी, डॉ मौजपाल सिंह, डॉ पदमनाभन, हरियाणा से डॉ राजेंद्र सिंह, तमिलनाडु से डॉ मोहंती, दिल्ली यूनिवर्सिटी की पूर्व अध्यक्षस प्रोफेसर नंदिता नारायन आदि ने संबोधित किया। धरने में डॉ पुष्पेंद चौधरी, डॉ हरीश शर्मा, डॉ रणवीर सिंह, डॉ युवराज सिंह, डॉ अभिषेक सिंह, प्रोफेसर गांधी राज, डॉ राजेश यादव, डॉ जितेंद्र कुमार आदि अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई इंदिरा गांधी व रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर मंगलवार को देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी व वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा शहर अध्यक्ष शकील अंसारी एवं कांग्रेस के अन्य नेता व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माला पुष्प अर्पित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कार्यालय के प्रांगण में संगोष्ठी आयोजित कर दोनों महान शख्सियतों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश को इंदिरा गांधी जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है, जिससे देश को मजबूत एवं सशक्त बनाया जा सके। देश में सत्तारूढ़ दल द्वारा तरह-तरह की भ्रांतियां एवं भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, हमें इससे डरने की आवश्यकता नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि देश को बचाने और बनाने की जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी की है। आज हमें इंदिरा गांधी जी के हिमालय जैसी दृढ़ संकल्पित सोच और रानी लक्ष्मीबाई जी के साहस एवं वीरता से सीख लेकर विघटनकारी ताकतों का पूरी हिम्मत के साथ मुकाबला करने की आवश्यकता है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि देश की प्रथम महिला पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने इस देश को सशक्त एवं समृद्ध बनाया है यह आत्मनिर्भर भारत आज इन्हीं की देन है हमें इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए हमें इन दोनों महापुरुषों के नक्शे कदम पर चलना है देश की एकता के लिए कार्य करना है, स्व इंदिरा गांधी जी की जीवनी से प्रेरणा लेकर हम सभी कांग्रेसियों को मजबूती के साथ सारे भेदभाव मिटाकर कार्य करने की आवश्यकता है।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **11.12.2024** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | | 13002024 दिनांक 15.11.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | | 07/Sr.DEN-C/LKO/2024-25<br>08/Sr.DEN-C/LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | 1 | मगरवारा नार्थ ईस्ट और मगरवारा साउथ बैलास्ट डिपो सहायक मंडल इंजीनियर–द्वितीय–लखनऊ के अधीन, आर० डी० एस० ओ०/लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गयी स्पेसीफिकेशन संख्या आई एस/आर० डी० एस० ओ०/जी इ/0001:फरवरी 2023 तथा चीफ इंजीनियर के सर्कुलर संख्या 257 एवमं समय–समय पर जारी करेक्शन स्लिप के अनुसार मगरवारा नार्थ ईस्ट बैलास्ट डिपो में (60000 Cum) एवम मगरवारा साउथ बैलास्ट डिपो में (60000 Cum) कुल 120000 घन मीटर 65 एम एम साइज मशीन द्वारा तोंडी गयी कठोर गिट्टी की आपूर्ति, चट्टा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना (दोहरी पैकेट प्रणाली)। |
| | | 2 | सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अधीन उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के लिए झाँसी मण्डल के AIT स्टेशन बैलास्ट डिपो पर आर०डी०एस० ओ०/लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गयी स्पेसीफिकेशन संख्या आई एस/आर०डी०एस०ओ०/जी इ/0001:फरवरी 2023 तथा चीफ इंजीनियर के सर्कुलर संख्या 257 एवम समय–समय पर जारी करेक्शन स्लिप के अनुसार बैलास्ट डिपो में (60000 Cum) 65 एम एम साइज मशीन द्वारा तोडी गयी कठोर गिट्टी की आपूर्ति चटटा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1 | Rs. 15,95,28,000/- |
| | | 2 | Rs. 6,44,15,400 |
| 5 | धरोहर राशि | 1 | Rs. 9,47,600/- |
| | | 2 | Rs. 4,72,100/- |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1 | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दस माह। |
| | | 2 | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | | 27.11.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | | 11.12.2024 15:00 बजे |
| 9 | बेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

नोट :–
1. निविदाकर्ता निविदा डालते समय गिट्टी की (इम्पैक्ट वेल्यू जो कि IS: 2386 Pt-IV-1963 पर आधारित हो, अब्रेशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt-III-1963 पर तथा वाटर एब्जोरपशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt III 1963 पर आधारित हो) की जॉच रिर्पोट जो कि रेलवे प्रयोगशाला/राजकीय प्रयोगशाला/राजकीय स्वामित्व वाले इंजीनियरिंग कालेज/राजकीय पालीटेक्निक/आई०आई०टी० तथा एन०आई०टी० की हो तथा निविदा नोटिस की तिथि से निविदा बंद होने की तिथि बीच की हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेंगी।
2. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3563/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# लूट की घटना का पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने किया खुलासा

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर,गोसाईगंज।** थाना गोसाईगंज क्षेत्र के ग्राम भरथीपुर निवासी सर्राफा व्यवसायी श्री सुरेश चन्द्र सोनी पुत्र जय जयराम सोनी के साथ कार सवार अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा लूट मारपीट व लूट की घटना का पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने खुलासा किया है।उक्त लूट की घटना के सम्बन्ध में वादी श्री सुरेश चन्द्र सोनी द्वारा तहरीर देकर थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर में मु0अ0सं0 430/24 धारा 309 (6)/ 352/ 351 (2) (3) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया था। उपरोक्त घटना में प्रकाश में आये 3 नफर अभियुक्तो को दिनांक 19/11/2024 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लुटेरों में मिर्जा अरबाज उर्फ डाक्टर पुत्र मिर्जा अरशद निवासी ग्राम मुस्लिम पट्टी थाना निजामाबाद आजमगढ़ उम्र करीब 29 वर्ष,शाकिब नाई पुत्र अब्दुल वफा निवासी ग्राम मुस्लिम पट्टी थाना निजामाबाद आजमगढ उम्र करीब 45 वर्ष तथा तौसीफ पुत्र मोतीन निवासी अजीजपुर थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके पास से लूट का मॉल बरामद किया गया।

अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर मय स्वाट टीम लूट के सम्बन्ध में विचार विमर्श कर रहे थे कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि 03 संदिग्ध व्यक्ति नेक्सान कार से आजमगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे सर्विस लेन से लखनऊ जा रहे है। उनके पास नाजायज असलहे व सुदनापुर ज्वैलर्स लूट के सोने व चांदी के आभूषण भी है। इस सूचना पर सम्पूर्ण जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। तथा जगह जगह नाकाबन्दी भी की गयी। इसी क्रम में खरसोमा अण्डर पास के पास नेक्सान वाहन आता दिखाई दिया।




**गिरफ्तार अभियुक्तों से लूटे गये आभूषण , अवैध असलहे व 01 अदद नेक्सान वाहन किया गया बरामद**

पुलिस द्वारा नाकाबन्दी करके नेक्सान वाहन को समय करीब 03.35 बजे पकड़ लिया गया। नाम पता पुछने पर क्रमश तीनो ने अपना नाम 1.मिर्जा अरबाज उर्फ डाक्टर पुत्र मिर्जा अरशद उम्र करीब 29 वर्ष 2. शाकिब नाई पुत्र अब्दुल वफा उम्र करीब 45 वर्ष 3. तौसीफ पुत्र मोतीन बताया। सामुहिक पूछताछ की गयी तो बताया कि दिनांक 06.11.2024 को भरथीपुर नहर के पास सुरेश चन्द्र सोनी को असलहा दिखाकर डरा धमकाकर सोने चांदी के आभूषण की लूट पाट किये। जिससे हम लोगो के हिस्से में सोने व चांदी के आभूषण मिले । हम लोग अपने अपने हिस्से का माल लेकर लखनऊ जाकर बेचने की फिराक मे थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया। इनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 06.11.2024 को लूट की घटना में हमने इसी नेक्सान का इस्तेसाल माल लेकर भागने में और पहचान छिपाने के लिए किया गया था। उक्त घटना के बारे मे पूछने पर शाकिब ने बताया कि साहब यह आभूषण दिनांक 06.11.2024 को मै अपने साथी मिर्जा अरबाज उर्फ डाक्टर पुत्र मिर्जा अरशद निवासीग्राम मुस्लिम पट्टी थाना निजामाबाद आजमगढ़ उम्र करीब 29 वर्ष, नागा उर्फ सुरजीत बारी पुत्र पप्पू बारी निवासी सोढरी थाना निजामाबाद आजमगढ उम्र करीब 27 वर्ष, मैनुद्दीन उर्फ मिस्टर पुत्र हफीजुल्ला निवासी घुरीपुर थाना निजामाबाद आजमगढ उम्र करीब 46 वर्ष के साथ सुदनापुर बाजार आया था गाडी नेक्सान कार UP32 LR 4063 को मिर्जा अरबाज चला रहा था। हम लोग गाडी मे बैठे थे। मिर्जा अरबाज ने रास्ते मे जाते समय सुरेश सोनी ज्वैलर्स को टक्कर मार कर नहर पटरी के पहले गिरा दिये थे मैने बांस के डन्डे से सुरेश के सिर पर मारकर घायल कर दिया तथा मिर्जा अरबाज उर्फ डाक्टर ने तमंचे की बट से सुरेश के सिर पर मार दिया था और हम लोगो ने लूट लिया था। लूटे हुये जेवर को हम लोगो ने आपस मे बाट लिया था तथा अपने अपने हिस्से का माल लखनऊ लेकर बेचने जा रहे थे कि आप लोगो ने पकड लिया। हमारे साथ मैनुद्दीन उर्फ मिस्टर नही आया क्योंकि उसकी पत्नी गर्भवती है उसकी तबीयत खराब थी तथा नागा उर्फ सुरजीत बारी पुनः लूट किया था, जेल मे है। सुरेश सोनी ज्वैलर्स के बारे मे तौसीफ पुत्र मोतीन निवासी अजीजपुर थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर उम्र 28 वर्ष जो हम लोगो के साथ बैठा है उसी ने पूरी मुखबिरी की थी तौसीफ सुदनापुर चौराहे पर ही रूक गया था। घटना के समय वह हमारे साथ कार मे नही गया था। मुखबिरी करने के नाते हम लोगो ने इसको भी हिस्सा दिया था। जिस डन्डे से मैने मारा था वह गाडी की डिग्गी मे रखा है। गाडी की डिग्गी से निकालकर डन्डा दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से लूट का सारा मॉल बरामद कर लिया गया।गिरफ्तार बदमाशों को जरिए न्यायालय जेल रवाना किया गया।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | AYC-WVM-2024 |
| कार्य का विवरण | Installation and operation of Water Vending Machines (WVM's) at Ayodhya Cantt. Railway Stations over Lucknow Division, Northern Railway for the period of 5 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.11.2024 at 10:50 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Detailes of WVM's to be auctioned are as under:-

| S.No. | Station | PF No. | Lot No. | No. of WVM |
|---|---|---|---|---|
| 1 | AYC | 2/3 | MSS-LKO-AYC-WVM-80-24-1 | 2 |
| 2 | AYC | 4/5 | MSS-LKO-AYC-WVM-81-24-1 | 2 |
| 3 | AYC | 1 | MSS-LKO-AYC-WVM-79-24-1 | 3 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3557/2024

# जनपद स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत मेले का आयोजन

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** नेहरू युवा केंद्र एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जनपद स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत मंगलवार को मेले का आयोजन पंचायतराज राजकीय महिला पी.जी.कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया। कार्यक्रम में कई विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए कृषि विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, जिला उद्यान विभाग, जिला क्रीड़ा विभाग, जिला कार्यक्रम एवं बाल विकास पुष्ठाहार विभाग, उद्योग विभाग, सूचना विभाग सहित अन्य कई विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं उनके द्वारा एक पौधा रोपित किया गया। उक्त के पश्चात विधायक ने सभी लगाए गए विभागों द्वारा स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन, अमृत काल के पंच प्रण पर बच्चों द्वारा भाषण प्रतियोगिता की गई, विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, एकता एवं जुटता, विरासत पर गर्व, नागरिक कर्तव्य पर विस्तार से भाषण प्रतियोगिता का बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सदर विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस भी रूप में हम है हमें पर्यावरण को अवश्य बचाना चाहिए एवं एक पेड़ प्रत्येक व्यक्ति को अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा जल बचाओ कल बचाओ जल है तो कल है। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है इसका लाभ गरीबों तक अवश्य पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर सरकार द्वारा योजना पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है देश की भविष्य के लिए युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाए, तभी हमारा देश एक विकसित भारत बन पाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाए एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें स्वछता हमारे जीवन का महत्वपूर्ण विषय है स्वच्छता हमारे घर के आसपास के वातावरण को साफ रखना यही हमारा स्वच्छता के प्रति संकल्प है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, जन प्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, सोनिका चंद्रा जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र, एम.एस तोमर जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल अधिकारी, पंचायती राज महा विद्यालय प्राचार्य श्याम पाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं संबंधित स्कूलों के प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

**सरकार की सभी योजनाओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है इसका लाभ गरीबों तक अवश्य पहुंचाया जाए : सरिता भदौरिया**

## होटल में हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक पर मामला दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** होटल में समोसा लेने गए युवक को आधा दर्जन से अधिक दबंग युवकों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया जिसपर पुलिस ने सात लोगों पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम निवादा निवासी अकबर खां पुत्र हमीद ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते पंद्रह नवम्बर को शाम करीब पांच बजे वह कस्बे के बदनाम होटल में समोसा ले रहा था तभी कस्बे निवासी रितिक पाठक, गौरव सिंह,बड्डन परिहार, शीबू, प्रशांत, कबीरा, यशू और अभिषेक भदौरिया ने आकर बेवजह मारपीट शुरू कर दी और गाली गलौज करते हुए काफी दूर तक घसीट कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों ने उसे इतनी बेरहमी से पीटा कि वह वहीं पर बेहोश हो गया जबकि होश में आने पर गंभीर हालत में पहले इलाज कराया था बाद में थाने में तहरीर दी है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सभी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिलाओं, बालिकाओं को इटावा पुलिस ने किया जागरुक

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05)के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधी समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद में विभिन्न थानों पर नियुक्त महिला कांस्टेबल द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

## ग्रामीण युवाओं के लिए निःशुल्क अंग्रेजी कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना के आस-पास सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए विभिन्न कार्य किए जाते रहते है। इसी कड़ी में दिनांक 18.11.2024 को एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा ग्राम-जुवाड़ी वार्ड क्र.36 मे तीन महीने की निःशुल्क अंग्रेजी कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ किया गया, जिसमे स्थानीय वार्ड पार्षद प्रेम सागर मिश्रा और कक्षा VII से XII तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह परिवर्तनकारी पहल युवा छात्रों की अंग्रेजी भाषा दक्षता को बढ़ाने का लक्ष्य रखती है, जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य के मार्ग में मदद मिलेगी। यह पहल छात्रों को वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने और बेहतर रोजगार अवसरों तक पहुँचने के लिए आवश्यक भाषा कौशल से सुसज्जित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। एनटीपीसी विंध्याचल का यह प्रयास न केवल उनके शिक्षा स्तर को सुधारने का है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और समाज के मुख्यधारा में जोड़ने के लिए भी है।

## फ़ख़्र से कहता है ये ख़ानये काबा सज्जाद



**इटावा।** इमाम हुसैन के बेटे बीमार कर्बला चौथे इमाम हज़रत ज़ैनुल आबेदीन की पैदाइश के ख़ुशनुमा मौके पर टीचर्स कालोनी में अली साबिर के आवास पर महफ़िल का आयोजन किया गया। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने महफ़िल का संचालन करते हुए चौथे इमाम हज़रत ज़ैनुल आबेदीन के जीवन पर प्रकाश डाला। तसलीम रज़ा अधम ने कहा अपने दुश्मन को भी जीने की दुआ देता है मर्ज कैसा भी हो एक दवा देता है, मैंने समझा था कि जन्नत न मिलेगी बड़ा मुसिफ है वो अश्कों का सिला देता है। खुर्शीद जाफरी ने कहा बातिल उसे दुनियां से मिटाएगा कहां तक, जब फर्श से ताअर्श है जागीर उसी की। सलीम रज़ा ने कहा जलते खेमों में मर जायें या बाहर आये, पूछती थीं जैनबे दिलगीर ज़ैनुल आबेदीन। बाकिर अली कानपुर देहात ने कहा कोई भी बोले न बोले मगर खुदा की कसम, अली के बारे में काबा जरूर बोलेगा। ताबिश रिज़वी ने कहा नामुमकिन को मुमकिन करके खून से अपने लिखा, हुर का मुकद्दर सरवर ने इस्लाम की किस्मत आबिद ने सलमान रिज़वी ने कहा ज़िक्रे सज्जाद ही सजदों का मज़ा देता है, कैसा बीमार है दुनिया को शिफ़ा देता है। राहिल सगीर ने कहा शाहे करबोबला की ज़ियारत करने निकला था अपने घर से, जो क़ज़ा हो गई थीं नमाज़ें हो गईं वो अदा चलते चलते। महफ़िल में मो.यूसुफ, वली मुर्तज़ा, आसिफ रिज़वी अश्शू ने भी कलाम पेश किए। महफ़िल में अल्हाज कमर अब्बास नक़वी कर्बलाई, मो.अब्बास, मो.मियां, शावेज़ नक़वी, हसन अब्बास, शहजादे, ज़हूर नक़वी, मो.अतीक, समर सगीर, राहिल सगीर, फारूक हुसैन, मिर्ज़ा तौकीर भोपाल, सोहेल ज़ैदी फर्रुखाबाद, राजा आदि लोग मौजूद रहे।

# इटरा के हनुमान मेले में उमड़ा भक्ति का महासागर

- लाखों की संख्या में लोगों ने की पूजा अर्चना
- चढ़ाया लड्डुओं का प्रसाद
- मेले में प्रातः 4 बजे से पहुंचने लगे थे भक्त



**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर।** इटरा के हुनमान मंदिर में मंगलवार को आयोजित मेले में मंगलवार को आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने पातली प्राचीन हनु?मान मूर्ति में प्रसाद चढ़ाकर आस्था जतायी। मंदिर की प्रदक्षिणा की, मंदिर के निर्माण में दान दिया और मेले का लुफ्त उठाया। सुरक्षा व्यवस्था के नामपर जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। मेले में भीड से बचने के लिये प्रातः 4बजे से ही लोगो के पहुंचने का शिलशिला प्रारंभ हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा। दोपहर 12 को तक वहाँ भारी भीड़ जमा हो गयी थी। यातायात इतना वढ गया था कि आवागमन में कठिनाई हो रही थी। कोई चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन, तीनपहिया वाहन से पहुंच रहा था तो कुछ लोग परिवार सहित के पैदल ही वहाँ पहुंच रहे थे और वापस भी लौट रहे थे। मंदिर परिसर में प्रसाद चढ़ाने की होड़ में लोगों को कष्टों का सामना करना पड़ रहा था, मगर अपने आराध्य के प्रति आस्था जताने के लिये दर्शन, पूजा और अर्चना के लिये लोग पीछे नही हट रहे थे। सुबह से शाम तक मंदिर परिसर हनुमान जी की जय-जयकारों से गूंजता रहा मंदिर परिसर में राम नाम का संकीर्तन -चल रहा था जिसमें लोग बारी-बारी से सहभागी हो रहे थे। परिसर में एक ओर साधु-संतों का जमावड़ा था जहां पहुंच कर लोग सत्संग का लाभ भी हासिल करते रहे। इस अवसर पर मंदिर निर्माण के लिए लोग दान भी देते रहे। मेला परिसर में लोगों ने खानपान घर गृहस्थी की वस्तुएं खरीदी तथा मनोरंजन के साधनों के द्वारा मनोरंजन किया। बच्चे झूला चर्खियों में झूला झूलकर प्रशन्नता का अनुभव करते दिखे। मेले में लड्डू व गन्ने की सर्वाधिक बिक्री हुई। हनुमान जी की कृपा से मेले में शान्ति व्यवस्था बनी रही, जगह जगह पर पुलिस तैनात रही। मेले में पेयजल, वाहन खड़े करने आदि की व्यवस्थायें चुस्त दुरुस्त रहीं। मेला बुधवार व गुरुवार को भी लगा रहेगा। संतो का भण्डारा भी होगा ऐसी जानकारी मेले के व्यवस्थापक संत स्वामी बलराम जी ने दी।

### हनुमान जी की महिमा परिणाम है इटरा का विशाल मेला

**सुमेरपुर।** हनुमान आश्रम के महंत स्वामी बलराम जी का कहना है कि मेले में उमड़ा आस्था का जन सैलाब हनुमान जी की महिमा का परिणाम है। इस मंदिर में हनुमान लला की पाताली मूर्ति स्पष्ट फल देने वाली है जो भी सच्चे मन से यहाँ आता है उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है इसीलिये यह पावन स्थल तीर्थ सा बन गया है प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को यहाँ मेला जैसा नजारा रहता है किन्तु कार्तिक पूर्णिमा के बाद लगने वाले दो दिवसीय मेले में न जाने कितनी संख्या में भक्त यहां दौड़े चले आते है यह सब उन्ही की महिमा का ही फल है। स्वामी जी ने बताया कि हनुमान मंदिर का भव्य निर्माण जारी है लोगों के आर्थिक सहयोग से मंदिर भव्य दिव्य होता जा रहा है। उनका कहना था कि दान देना सबसे बड़े पुण्य का काम है। स्वामी जी ने यह भी बताया व कि यह मेला प्राचीन है सैकड़ों वर्ष से यहाँ मेला लगता आ रह है। हनुमान जी कृपा से आगे भी यह इसी तरह चलता रहेगा।

## राईन समाज के रहीसुद्दीन जिलाध्यक्ष व ज़ैनुल बने महासचिव

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** उ.प्र.जमीअत उर राईन की आवश्यक बैठक चौखर कुआं स्थित होटल मेजबान में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बाराबंकी से तशरीफ़ लाए उ0प्र0जमीअत उर राईन के प्रदेश अध्यक्ष हाजी सिद्दीक पहलवान राईनी रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हाजी सिद्दीक राईनी ने कहा कि आजादी से लेकर अब तक देश की ऐसी बिरादरी जिसने समय-समय पर देश की एकता अखंडता और आर्थिक सहायता के लिए हमेशा खुद को समर्पित करते चली आ रही है लेकिन आज तक देश और प्रदेश की सरकारों ने हमेशा उस बिरादरी की अनदेखी की है। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने राईन समाज का जनपद इटावा से जिलाध्यक्ष रहीसुद्दीन राईन व महासचिव ज़ैनुल आब्दीन राईन को बनाया। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान जिलाध्यक्ष रहीसुद्दीन ने कहा कि जल्द से जल्द राईन समाज जिले की कार्यकारिणी का गठन करके प्रदेश कार्यालय भेजेगा। जैनुल आब्दीन ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे मिली है उसे बखूबी निभाऊंगा और राईन समाज को मजबूत बनाने का काम करूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी शमशुद्दीन राईनी ने की और संचालन सलीम राईन ने किया इस मौके पर अब्दुल जब्बार राईनी, सभासद इरफान हुसैन राईन, हाजी कलाम राईन, हाजी इलियास राईन, हसन राईन, फजले इलाही राईनी, चिराग उद्दीन राईन, अहमद अली राईन, हाफिज आदिल राईन, मुनब्बर हुसैन राईन, हाजी फरमान राईन, इश्तियाक राईन आदि लोग मौजूद रहे।

## पुत्र को पीटने पर पिता ने दर्ज कराई शिकायत

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** गेस्ट हाउस से निमंत्रण कर वापस लौट रहे युवक को तीन लोगों ने बेरहमी से पीट दिया पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम छानी खुर्द निवासी वीरेंद्र कुमार सिंह ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 16 नवम्बर को उसका पुत्र अभिषेक सिंह एक निमंत्रण में शामिल होकर गेस्ट हाउस से लौट रहा था तभी गेस्ट हाउस के करीब कल्लू राजपूत और लल्लू राजपूत पुत्रगण भानसिंह राजपूत निवासी चरखारी महोबा सहित दो अज्ञात लोगों ने उसके पुत्र को रोककर बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया, पीड़ित ने बताया कि जब उसे मामले की जानकारी हुई तो उसका पुत्र अभिषेक बेहोश होकर सड़क किनारे पड़ा हुआ था जिसे इलाज के लिए छानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में ग्रामीण जनों को मिली नई रोशनी

**अवधनामा संवाददाता**




**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर के सीएसआर, संजीवनी चिकित्सालय एवं वनिता समाज के सहयोग से आसपास के सभी ग्रामीण जनों हेतु निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन 17 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024 तक संजीवनी अस्पताल में किया गया किया। तदुपरान्त जांच के बाद विशेषज्ञ एवं डाक्टर की टीम डॉ. आर.सी. दुआ एवं डॉ. नितिन दुआ, लाइट एंड साइट समिति, मिर्जापुर द्वारा कुल 164 मरीजों के नेत्र का सफल ऑपरेशन किया गया जिसमें कुल ओपीडी लाभार्थियों की संख्या 405 रही। यह उल्लेखनीय है कि डॉ. नितिन दुआ सन् 1979 से हर वर्ष संजीवनी चिकित्सालय में औसतन 400 मरीजों के नेत्रों का सफल इलाज करते आ रहे हैं। इस वर्ष नेत्र चिकित्सा शिविर में सबसे ज्यादा मोतियाबिन्द एवं काला मोतिया, नाखुना आदि का ऑपरेशन किया गया। इस शिविर में भर्ती किए गये मरीजों को निःशुल्क दवाई, निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन, निःशुल्क आवासीय सुविधा, ऑपरेशन के पश्चात निःशुल्क दवा एवं चश्मा भी प्रदान किया गया। वनिता समाज द्वारा नेत्र चिकित्सा के मरीजों को खान पान की सुविधा एवं कंबल भी प्रदान किए गये। इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संजीवनी अस्पताल में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्देश्य नेत्र पीड़ित ग्रामीण लोगों की आंखों से संबंधित रोगों को ठीक कराना, उन्हें उचित दवाई दिलाना एवं लोगों को आँखों की देखभाल के प्रति जागरूक कराना था।

## जनता दर्शन में आए फरियादियों की एसपी ने सुनी समस्या



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में मंगलवार को अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं /शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/ शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राठ, हमीरपुर।** मझगवां थाना क्षेत्र स्थित गौहानी गांव में धीरज (41) ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने मकान के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों के अनुसार, धीरज अपने पिता के साथ खेती-बाड़ी और पशुपालन का काम करता था। मृतक के पिता सिद्धगोपाल ने बताया कि धीरज शराब पीने का आदी था और यह कई बार आत्महत्या करने का प्रयास कर चुका था। परिजनों ने बताया कि घटना के समय मृतक की बहू रीमा अपनी बहन की पुत्री की गोद भराई में पहाड़ी गढ़ी गांव गई हुई थी, और घर में कोई और नहीं था। घटना की जानकारी मिलते ही मझगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### माईनर से पानी ओवर फ्लो होने से पांच सौ बीघा जमीन डूबी



**मौदहा हमीरपुर।** महरका माइनर से नहर का पानी ओवरफ्लो होने से बंधी के भीतर के किसानों की लगभग पांच सौ बीघा जमीन प्रभावित हो गई है जिसके बाद किसानों ने उपजिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया निवासी लगभग एक दर्जन किसानों ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी जमीन कम्हरिया बंधी के अंदर है और इस समय खेतों की बुआई का समय है जिसके चलते नहरों में पानी छोड़ा गया है लेकिन महरका माइनर से नहर का पानी ओवरफ्लो होने से नहर का पानी खेतों में भर रहा है जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने उपजिलाधिकारी से तत्काल प्रभाव से पानी रोकने की मांग की है। इस दौरान बदरुद्दीन, बदर अली, शमशुद्दीन, मोहम्मद इस्माईल, मनोज कुमार, नजीर उद्दीन, कामता प्रसाद सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

### बजरंगबली मंदिर प्रांगण में मेले का आयोजन

**कुरारा,हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में मेला का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। मेले में दिवारी नृत्य व कबीरी भजन हुए। तथा दो दिवसीय रामलीला का रात में आयोजन किया गया है। क्षेत्र के डामर गांव स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष के भांति कार्तिक पूर्णिमा के बाद पहले मंगलवार को मेला का आयोजन सैकड़ों वर्ष से ग्रामीणों द्वारा किया जाता है। सुबह से भक्तो ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके बाद मंदिर प्रांगण में कन्या भोजन का आयोजन किया गया। दोपहर बाद कबीरी भजन का कार्यक्रम शुरू हुआ। जो कि देर शाम तक चलता रहा। तथा दिवारी नृत्य का कार्यक्रम शुरू हुआ। जोकि देर शाम तक चलता रहा। दिवारी में लाठी से जमकर दिवारी खेली। दिवारी नृत्य देखने के लिए लोगो की भीड़ जमा रही। मेले में महिलाओं व बच्चो ने खरीदारी की। तथा बच्चो ने झूले का आनंद लिया। मेला देखने के लिए गांव सहित कुशौली पुरवा, भैंसा पाली, सरसई, कुतुबपुर खोड़, जखेला आदि गांवों के लोग मेले में आए। देर शाम मेले का समापन हो गया। तथा दो दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जाएगा।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की द्वितीय अर्धवार्षिक बैठक संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** सोमवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना के सभागार में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सिंगरौली की द्वितीय अर्धवार्षिक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक/अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) सिंगरौली . साईराम ने की। बैठक में निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी विंध्याचल, विंध्यनगर ई. सत्य फणी कुमार बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। नराकास की द्वितीय अर्धवार्षिक बैठक के दौरान महाप्रबंधक (राजभाषा) एनसीएल/ सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सिंगरौली, विक्टर कुजूर, एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकगण, प्रभारी (पावरग्रिड), के.ओ.सु.बल., विंध्यनगर, एसबीआई, वैढ़न, पोस्ट ऑफिस, यूनियन बैंक, रलवा, बीईएमएल, बीएसएनएल एवं अन्य सरकारी संस्थानों के राजभाषा अधिकारी/ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम ने अपने सम्बोधन में उपस्थित सभी को कार्यालयीन कार्यों में हिंदी में कार्य करने की प्रवृत्ति विकसित करने पर बल देते हुए हिन्दी में कार्य करने के लिए आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा के प्रयोग से संबन्धित विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा भी की। बैठक के दौरान महाप्रबन्धक (राजभाषा) एनसीएल विक्टर कुजूर ने विगत वर्ष राजभाषा के क्रियान्वयन हेतु किए गए कार्यों एवं वर्तमान में चल रहे कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। गौरतलब है कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा गठित सिंगरौली नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) में सिंगरौली जिले में स्थित एनसीएल, एनटीपीसी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, बीईएमएल, एसबीआई, पोस्ट ऑफिस, सीआईएसएफ, बीएसएनएल तथा इंश्योरेंस कंपनियों सहित केंद्र सरकार के 20 से अधिक कार्यालय शामिल हैं।

# एनटीपीसी विंध्याचल में शपथ समारोह का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी केन्द्रीय कार्यालय तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में दिनांक 19 नवम्बर 2024 से 25 नवम्बर 2024 तक सांप्रदायिक सदभाव अभियान सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 19.11.2024 को प्रातः 09.30 बजे से परियोजना के प्रशासनिक भवन में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीव कुमार साहा, महाप्रबंधक (आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस) ए जे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अन्य विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) सत्य फणि कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सांप्रदायिक सदभाव की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कौमी हिंसा मे निराश्रित हुये बच्चों की सहायता हेतु उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी स्वेच्छा से दिल खोलकर धनराशि नेशनल फाउंडेशन कम्यूनल हारमोनी के अकाउंट में दान किया गया। एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा इस पुनीत कार्य हेतु दान पेटी एवं बार कोड की भी व्यवस्था की गई थी।

# शारिब रुदौलवी पर नज़री तन्क़ीद के हवाले से काबिल-ए-ज़िक्र काम नहीं किया गया : डाक्टर तक़ी आबिदी

## शारिब रुदौलवी के देरीना दोस्त आरिफ़ नक़वी के नाम से भी अवार्ड शुरू किया जाये : डाक्टर अम्मार रिज़्वी



■ अफ़साना पर तवज्जो कम होती जा रही है: प्रो. अब्बास

■ डाक्टर शमीम निकहत फ़िक्शन अवार्ड नूरुलहसनैन और वक़ार मेह्दी रिज़वी अवार्ड प्रदीप कपूर को मिला

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** शुआ फ़ातिमा एजूकेशनल ऐंड चेरेटबल ट्रस्ट की जानिब से आल इंडिया कैफ़ी आज़मी एकेडमी निशात गंज में दसवाँ डाक्टर शमीम निकहत फ़िक्शन अवार्ड 2024 तक़रीब का इनाक़ाद किया गया। जिसकी सदारत इंटगरल यूनीवर्सिटी के चांसलर प्रोफ़ेसर सय्यद वसीम अख़्तर ने की जबकि मेहमान-ए-खुसूसी के तौर पर डाक्टर अम्मार रिज़्वी साबिक़ कारगुज़ार वज़ीर-ए-आला उत्तर प्रदेश और मेहमाने-एज़ाज़ी के तौर पर डाक्टर तक़ी आबिदी (कैनेडा) शरीक हुए। निज़ामत का फ़रीज़ा प्रोफ़ेसर अब्बास रज़ा नय्यर ने अंजाम दिए।

मेहमानों को गुल पेशी और शाल पोशी के बाद प्रोफ़ेसर रेशमां परवीन (सदर शोबा उर्दू खुनखुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज, लखनऊ) ने खुतबा इस्तक़बालिया पेश किया जिसमें खासतौर से उन्होंने प्रोफेसर शारिब रुदौलवी और डाक्टर शमीम निकहत को भी याद किया। उन्होंने कहा कि शारिब रुदौलवी और शमीम आपा हमारी नज़रों से ज़रूर पोशीदा हो गए मगर अपनी ज़िंदगी में ही ज़बान-ओ-अदब के शैदाइयों की ऐसी तरबियत कर गए कि उनका मक़सद आज भी इसी तरह ज़िंदा-ओ-ताबंदा है, उनके अज़ीज़ शागिर्द उनके नक़्श-ए-क़दम पर चलते हुए नई नसलों की इसी तरह तरबियत कर रहे हैं। प्रोफेसर रेशमां ने कहा कि इस बात का भी इतमीनान है कि प्रोफ़ेसर शारिब रुदौलवी और प्रोफ़ेसर शमीम निकहत के ख़्वाबों की ताबीर डाक्टर शमीम निकहत फ़िक्शन अवार्ड इमसाल भी इसी तरह मुनाक़िद किया जा रहा है। उन्होंने याद दहानी कराई कि ये दसवाँ शमीम निकहत अवार्ड है। उन्होंने शमीम निकहत मैमोरियल कमेटी के अराकीन का शुक्रिया भी अदा किया जिन्होंने उन्हें अपनी बात कहने का मौक़ा दिया। प्रोफ़ेसर रेशमां ने आख़िर में प्रोफ़ैसर शारिब रुदौलवी की ख़ाहिश के मुताबिक़ इन खुतबात को किताबी शक्ल में शाया करने के लिए कमेटी से दरख़्वास्त की ताकि ये क़ीमती ख़ज़ीना हमेशा के ले महफ़ूज़ हो जाये।

प्रोफ़ेसर अनवर पाशा (प्रोफ़ेसर शोबा उर्दू ,जवाहर लाल नेहरू यूनीवर्सिटी, नई दिल्ली) ने शमीम निकहत तोसीई खुतबा ब-उनवान ''उर्दू अफ़साना फ़िक्री ताबीरात के चंद पहलू'' पेश किया। उन्होंने मौज़ू के ताल्लुक़ से कहा कि तरक्क़ी-पसंद तसव्वुरात के तनाज़ुर में डाक्टर शमीम निकहत तरक्क़ी पसंदी और उर्दू अफ़साना के हवाले से जो तस्लीस तशकील पाती है वही मेरे खुत्बे के मौज़ू का मुहर्रिक है। उन्होंने उर्दू अफ़साना का अह्द ब-अहद जायज़ा लेते हुए कहा कि अँगारे की इशाअत ने जो पेश-रवी की थी इसमें फ़िक्र की वो जिहतें पोशीदा थीं, जो इससे पहले के अफ़्सानों में मफ़क़ूद थीं। इसमें वो धार थी जिसने प्रेम चंद की इस्लाही-ओ-मसालेहत पसंदाना, हक़ीक़त निगारी और सज्जाद हैदर यल्दरम और नियाज़ फ़तेहपुरी की रूमानियत की मावराई-ओ-तखय्युली फ़िज़ा से इन्हिराफ़ करते हुए मुआशरती व अख़लाकी इक़दार-ओ-रिवायात पर कारी ज़र्ब लगाई, जिनके पसेपुश्त एक मख़सूस निज़ाम के जबर का दख़ल था। उन्होंने कहा कि अफ़साना का फ़न तमाम अफ़सानवी अस्नाफ़ में इस लिहाज़ से इम्तियाज़ी मुक़ाम रखता है कि ये ज़िंदगी और मुआशरे के गो नागों पहलूओं की अक्कासी के लिए निहायत मौज़ू फ़न है और तरक्क़ी पसंद तहरीक ने बिलख़ुसूस अफ़साने के फ़रोग़ में नुमायां किरदार अदा किया।

मेहमान-ए-खुसूसी डाक्टर अम्मार रिज़्वी (साबिक़ कार गुज़ार वज़ीर-ए-आला उत्तर प्रदेश ने अपने मुख्तसर ख़िताब में प्रोफेसर शारिब रुदौलवी को याद करते हुए कहा कि यूं तो एक दिन मौत लिए मुक़र्रर है लेकिन शारिब रुदौलवी की मौत तीन स्टेज पर हुई पहली मौत उनकी उस वक्त हुई जब उनकी बेटी इस दुनिया से रुख़स्त हो गई। दूसरी मौत उस वक्त हुई जब उनकी रफ़ीक़े-हयात डाक्टर शमीम निकहत दारे-फ़ानी से रुख़स्त हो गई। और फिर उनकी मौत वाके हो गई। उन्होंने कहा कि (आरिफ़ नक़वी जर्मनी) से इस प्रोग्राम में शिरकत के लिए खासतौर से आते थे शारिब के बाद उनकी भी मौत वाके हो गई। उन्होंने तजवीज़ पेश की कि आइन्दा होने वाले प्रोग्राम में शारिब रुदौलवी के क़रीबी दोस्त आरिफ़ नक़वी के नाम से अवार्ड शुरू करने की तजवीज़ रखी। अपने ख़िताब के दौरान उन्होंने ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अरबी फ़ारसी यूनीवर्सिटी का नाम बदल कर लॅग्वेज यूनीवर्सिटी करने के हुकूमती क़दम की मुख़ालिफ़त की और मुतालिबा किया कि इसका पुराना नाम वापस रखा जाये। उन्होंने कहा कि इसके लिए अगर इजतिमाई कोशिशें की जाएं तो कामयाबी मिलने के इमकानात रोशन हैं। क्योंकि सबसे बड़ा मसला ये है कि हम कुछ कहते ही नहीं हैं। उन्होंने इस बात का एतराफ़ भी किया कि वो खुद भी बरसर-ए-इक्तदार जमात से ताल्लुक़ रखते हैं और उन्होंने भी अपनी सतह से हुकूमत को इस सिलसिला में लिखा है।

प्रोफ़ेसर वसीम अख़्तर ने अपने मुख्तसर ख़िताब में शराब रुदौलवी और शमीम निकहत को याद करते हुए हालाते-हाज़रा के तनाज़ुर में क़लमकारों की ज़िम्मादारियों पर गुफ़्तगु की और एज़ाज़ याफ़तगान नूरुलहसनैन, प्रदीप कपूर समेत उन तुलबा को भी मुबारकबाद और नेक ख़ाहिशात पेश कीं जिनके अफ़्सानों को इनामात के लिए मुंतख़ब किया गया।

प्रोग्राम में दसवाँ शमीम निकहत अवार्ड उर्दू के मारूफ़ फ़िक्शन निगार नूरुलहसनैन को जबकि चौथा वक़ार मेह्दी रिज़वी सहाफ़त अवार्ड सीनियर सहाफ़ी प्रदीप कपूर को दिया गया। नूरुलहसनैन का सिपास नामा प्रोफेसर मुहम्मद काज़िम (दिल्ली) ने पेश किया और अवार्ड जस्टिस आफ़ताब हुसैन रिज़्वी के दस्ते-मुबारक से अवार्ड पेश किया गया जबकि प्रदीप कपूर के सिपास नामे की क़िरात प्रोफेसर ख़ान फ़ारूक़ (कानपुर) ने की और अवार्ड डाक्टर तक़ी आबिदी के दस्ते-मुबारक से पेश किया गया। इस मौक़ा पर अफ़साना नवीसी के मुक़ाबला में मुंतख़ब होने वाले तुलबा-ओ-तालिबात में मुहम्मद सुहेल, साअदा, असद जमाल, मंतिशा, सय्यदा इक़रा आरिफ और ज़ैनब रुख्सार (कंवलेशन प्राइज़) को इनामात से नवाज़ा गया।

ख़ुसूसी शुरका में प्रोफ़ेसर अंशू केडिया (प्रिंसिपल खुनखुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज) प्रोफ़ेसर शबनम रिज़्वी, डाक्टर मनोज पांडेय (सदर लूऑक्टा) डाक्टर अनीस अंसारी, डाक्टर सुलतान शाकिर हाश्मी, डाक्टर तबस्सुम क़िदवाई, डाक्टर इशरत नाहीद, डाक्टर मुंतज़िर क़ायमी, तक़दीस फ़ातिमा रिज़्वी, अमीर मेह्दी, डाक्टर सरवत तक़ी, डाक्टर यासर जमाल, डाक्टर नुज़हत, डाक्टर मूसी रज़ा, सलमा हिजाब, आईशा सिद्दीक़ी, मीरा त्रिपाठी, मुहसिन ख़ान, डाक्टर क़ुदूस हाश्मी, अतीक़ अहमद फ़ारूक़ी, मुहम्मद यामीन, गुलाम हसनैन, शाहाना अब्बासी, हसन काज़मी, अनवर अली, राजीव प्रकाश साहिर के अलावा यूनीवर्सिटी और कॉलेज के तुलबा-ओ-तालिबात की बड़ी तादाद जलसा-गाह में आख़िर तक मौजूद रही। प्रोग्राम के इख़्तताम से पहले डाक्टर शमीम निकहत की हमशीरा यासमीन अंजुम की नुमाइंदगी करते हुए कैनेडा से तशरीफ़ लायीं। मेहमान सफ़िया क़िदवाई ने कलमाते-तशक्कुर अदा किए।

### शारिब रुदौलवी ने नज़री तन्क़ीद के हवाले से जो काम किए

डाक्टर तक़ी अली आबिदी (कैनेडा) ने कहा कि शारिब रुदौलवी ने नज़री तन्क़ीद के हवाले से जो काम किए हैं वो कोई दूसरा अब तक नहीं कर सका है। इस हवाले से शारिब रुदौलवी पर भी कोई काबिल-ए-ज़िक्र या क़ाबिले-इतमीनान काम नहीं हुआ है। उन्होंने मज़ीद कहा कि शारिब रुदौलवी की शायरी पर भी काम नहीं किया गया। प्रोफ़ेसर अब्बास रज़ा नय्यर ने दौराने-निज़ामत बर-महल अशआर और अपने शगुफ़्ता तबसरों के दरमियान कहा कि आज के दौर में नावेल ज्यादा लिखे जा रहे हैं और अफ़साना गुम होता जा रहा है इस जानिब फ़िक्शन निगारों को तवज्जो देने की ज़रूरत है। जस्टिस आफ़ताब हुसैन रिज़्वी और डाक्टर सबीहा अनवर ने वक्त की तंगी के सबब अवार्ड याफ़तगान को मुबारकबाद और मुंतज़मीन के शुक्रिया पर ही एक्तेफा किया।

# काकोरी स्मारक का शैक्षणिक भ्रमण कराया



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व घरोहर सप्ताह के अवसर पर महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुमन गुप्ता की प्रेरणा से महाविद्यालय के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सनोबर हैदर के द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपने देश के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े प्रमुख स्थल काकोरी स्मारक का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। सभी छात्रों को स्वतंत्रता संग्राम में काकोरी ट्रेन एक्शन डे के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए उस अप्रतिम घटना से जुड़े महान स्वतंत्रता सैनानियों - अशफाक उल्ला खान, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल ,राजेन्द्र लाहिरी ,और ठाकुर रोशन सिंह का जीवन वृत्त एवं उनके बलिदान की जानकारी देते हुए इस स्मारक के सांस्कृतिक महत्त्व की जानकारी दी। डॉ सनोबर हैदर ने इस ऐतिहासिक घटना से जुड़े सभी क्रांतिकातियों, के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए इन सभी के संयुक्त प्रयासों का विस्तृत वर्णन करते हुए छात्र छात्रों से इन महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने राष्ट्र के समग्र विकास हेतु दृढ़संकल्पित हो कर सार्थक प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ मधुमिता गुप्ता, डॉ दिग्विजय सिंह, अभिषेक भारद्वाज एवं महाविद्यालय कार्यालय वंदना सिंह से उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड चिल्ड्रेन डे: अली असग़र को किया जाता है याद

**अवधनामा ब्यूरो**




**लखनऊ।** UNO के कहने पर हर साल 20 नवम्बर को बच्चो का आलमी दिन (वर्ल्ड चिल्ड्रेन डे) बिला तफ़रीक़ मज़हब व मिल्लत सभी लोग मनाते हैं और बिला तफ़रीक़ मज़हब व मिल्लत तमाम बच्चो को याद किया जाता है। मगर खूसूसी तौर पर हज़रत अली असग़र अ. को याद किया जाता है। 20/11/23 को उनके लिए खूसूसी प्रोग्राम मुनअक़िद किए गए। मजलिसो में उनका ज़िक्र हुआ नमाज़ के बाद वाज़ में उनका ज़िक्र हुआ। स्कूल कॉलेज व मदरसो में उनके फज़ाइल व मसाइब बयान किए गए। मोमिनीन के घरो में नियाज़ व नज़र का एहतेमाम किया। उस सब की वजह यह है कि तकरीबन 1400 साल पहले कर्बला के मैदान में 3 दिन के भूखे व प्यासे हज़रत इमाम हुसैन अ. के छह महीने के फरज़न्द शहज़ादे मासूम शीर ख़्वार तश्नालब शहीदे कर्बला हज़रत अली असग़र अ. को ख़लीफाए वक्त की 30 हज़ार फ़ौज ने हज़रत इमाम हुसैन अ. को उस वक्त तीर से शहीद कर दिया जब हज़रत इमाम हुसैन अ. ने फ़ौज से उनके लिए चन्द बून्द पानी मांगा था। इमाम ने यहाँ तक कहा था कि अगर तुम ये समझते हो के मै इस बच्चे के बहाने पानी पी लूंगा तो मैं इनको ज़मीन पर लिटाये देता हूँ। इनको चन्द बून्द पानी पिला दो और हज़रत अली असग़र अ. को आग उगलती रेत पर लिटा दिया। मगर ज़ालिमो ने पानी की बजाए तीर से शहीद कर दिया। हज़रत इमाम हुसैन अ. की मदीने से कर्बला को रवानगी के वक्त हज़रत अली असग़र अ. की उम्र चन्द दिन की थी और वो अपनी बहन जनाब सुग़रा की गोद में थे जनाब सुग़रा बीमारी की वजह से सफ़र पर नही जा रही थीं जब क़ाफिला चलने को हुआ तो क़ाफिला में जाने वाले लोगों ने जनाब सुग़रा की गोद से हज़रत अली असग़र अ. को लेना चाहा मगर हज़रत अली असग़र अ. किसी की गोदी में नहीं गए सफ़र की रवानगी में ताख़ीर हो रही थी हज़रत इमाम हुसैन अ. को जब यह पता चला तो वो उनके पाए गए और हज़रत अली असग़र अ. के कान में कुछ कहा शायद ये कहा के तुम्हारा नाम भी कर्बला के शहीदों में हैं हज़रत अली असग़र अ. फ़ौरन हुमक कर उनकी गोद में आ गए। ये खुदा की कुदरत है ये रिवायत ग़ैरो की किताब में भी मिलती है। आशूर के दिन जब हज़रत इमाम हुसैन अ. के सब अन्सार व अकरबा शहीद हो गए हज़रत इमाम हुसैन अ. जंग में मसरूफ़ थे वहीं हज़रत अली असग़र अ. खे़मे में झूले में प्यास की शिद्दत से बेताब थे और रो रहे थे उन्होंने हज़रत इमाम हुसैन अ. का इसतेग़ासा सुन कर अपने को झूले से गिरा दिया। हज़रत इमाम हुसैन अ. खे़में में तश्रीफ लाए और हज़रत अली असग़र अ. को मैदान जंग में ले गए सूरज की आग उगलती तपिश गरदो गुबार जंग का माहौल हज़रत असग़र अ. खे़मे में गए मे तो रोते रहे मगर मैदाने जंग में आने के बाद से शहादत के वक्त तक किसी रिवायत में नही हैं कि वो रोए हों बलकि तीर के लगने पर मुसकुराते हुए शहीद हो गए। ये खुदा की देन है। गैरो की किताबों में भी ये रिवायत मिलती है।

पूरी दुनिया और मज़हब की तारीख में ऐसी और कोई मिसाल नहीं हैं। जब उनका ज़िक्र होता है तो गैर भी रोने लगते हैं। ऐसे हज़ारो वाक़िआत हैं। कि जब ग़ैर लोगउनकी शहादत को सुन कर चीखे़ मार कर रोने लगे। सन् 1951 ई. में यूरोप के लोगो ने हज़रत अली असग़र अ. की दुहाई देकर फ्रांसीसी शायर जे़न्डर गोयेनिल से 1500 शेर की नज़्म लिखा कर तमाम दुनिया की हुकूमतो और UNO से अमन की अपील की हज़रत अली असग़र अ. को बच्चो का Celestial Star व बादशाहो का बादशाह माना है। दुनिया के बेअमनी के हालात में ज़रूरत है कि हज़रत अली असग़र अ. को ज़्यादा से ज़्यादा याद किए जाए।

# गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखना बहुत जरूरी: प्रभात



■ सभी वर्ग के लोगों के साथ मिलकर पत्रकार समिति काम करेगी: शेखर श्रीवास्तव

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** सलेमपुर हाउस द्वद्व पत्रकार शिकोह आज़ाद के आमंत्रण पर आज उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के पत्रकार चाय पर आमंत्रित थे इस अवसर पर वहां पर मौजूद तमाम रॉयल फैमिली के लोग भी मौजूद थे। राजा साहब की मौजूदगी में समिति के संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने अपने सभी पत्रकार साथियों का परिचय कराते हुए कहा कि आज की यह चाय पार्टी एक मुलाकात का बहुत अच्छा समागम है आज हमें गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखना है और बहुत जरूरी है कि हम लोग समय-समय पर इसी तरह मिलते रहे तभी समाज मजबूत होगा। समिति के प्रशासनिक सलाहकार शेखर श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब पत्रकारों की समिति पत्रकारों के लिए काम तो कर ही रही है अगर समाज के किसी व्यक्ति को हम लोगों की आवश्यकता होगी तो हम लोग उसके साथ हर मौके पर खड़े मिलेंगे और उसका साथ देंगे, जिससे हमारी भूमिका समाज के हर वर्ग के लिए और मजबूत हो यही समिति का दायित्व है। इसके पहले पत्रकार शिकोह आज़ाद ने राजा साहब से सभी का परिचय कराया और समिति के संयोजक प्रभात त्रिपाठी और प्रशासनिक सलाहकार शेखर श्रीवास्तव सहित मौजूद रॉयल फैमिली के राजा साहब ने चाय पर आए पत्रकारों का धन्यवाद व्यक्त किया।